ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 14 जून 2024
वर्ष 4, अंक 117, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



करण की किल का ट्रेलर रिलीज 14

विंबलडन में नहीं खेलूंगा : राफेल नडाल 13

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## एक नजर

### फिल्म हमारे बारह की रिलीज पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अन्नू कपूर की फिल्म हमारे बारह की रिलीज पर गुरुवार को रोक लगा दी। फिल्म 14 जून को रिलीज होनी थी। कोर्ट ने फिल्म पर इस्लामी आस्था और विवाहित मुस्लिम महिलाओं का अपमान करने के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ता अजहर बाशा तंबोली के वकील फौजिया शकील की दलीलों पर बम्बई हाईकोर्ट से याचिका पर शीघ्र निर्णय लेने को कहा। पीठ ने कहा, हमने सुबह फिल्म का ट्रेलर देखा और सभी आपत्तिजनक संवाद अब भी बरकरार हैं।

### चालू वित्त वर्ष में विकास दर 8% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** प्रमुख उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 8% की दर से बढ़ने का अनुमान है] लेकिन इसके लिए अगली पीढ़ी के सुधारों को मिशन मोड में आगे बढ़ाने की जरूरत है। सीआईआई के नव-निर्वाचित अध्यक्ष संजीव पुरी ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान विकास दर 8% को छूने के लिए तैयार है, जो चौथे वर्ष 7% से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। यह विकास अन्य अनुमानों से अधिक है लेकिन पिछले वर्षों में भारत ने शुरुआती अनुमानों से काफी बेहतर प्रदर्शन किया है।

### जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून को

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 22 जून को होगी। इसमें ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र पर 28 प्रतिशत जीएसटी के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सकती है। जीएसटी परिषद सचिवालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून, 2024 को नई दिल्ली में होगी। परिषद की पिछली बैठक सात अक्टूबर, 2023 को हुई थी, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल हुए थे। बैठक के एजेंडा की जानकारी अभी परिषद के सदस्यों को नहीं दी गई है।

## अजीत डोभाल एनएसए, मिश्रा बने रहेंगे मोदी के प्रधान सचिव

- 10 जून से ही प्रभावी होगी दोनों की नियुक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी



अजीत डोभाल



डॉ. पीके मिश्रा

भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी अजीत डोभाल को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया गया है और डॉ. पीके मिश्रा को दोबारा प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव बनाया गया है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति के मामलों की समिति ने इन दोनों अधिकारियों की नियुक्ति को गुरुवार को मंजूरी दे दी। समिति ने सेवानिवृत आईएएस अधिकारियों अमित खरे और तरुण कपूर को भी प्रधानमंत्री कार्यालय में सलाहकार नियुक्त किया है। केन्द्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने गुरुवार को बताया कि डोभाल और डॉ. मिश्रा की नियुक्ति 10 जून से प्रभावी होगी और प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल या अगले आदेश जो भी पहले हो तब तक रहेगी।

# कश्मीर से आतंकवाद के खात्मे को लगाएं पूरी ताकत

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई आतंकी घटनाओं के बाद की जम्मू-कश्मीर में स्थिति की समीक्षा, दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी



- आतंकी घटनाओं के बाबत गृहमंत्री शाह, एनएसए डोभाल से की वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस पर हमले सहित जम्मू एवं कश्मीर में हाल के दिनों में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के बाद गुरुवार को वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को 'आतंकवाद रोधी क्षमताओं का पूर्ण इस्तेमाल' करने का निर्देश दिया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य अधिकारी मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की गई और सुरक्षा बलों की तैनाती और आतंकवाद विरोधी अभियानों पर चर्चा की गई।

सूत्रों ने बताया कि मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति का जायजा लिया। सिन्हा ने उन्हें स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में प्रधानमंत्री को क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी स्थिति और वहां चलाए जा रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों से अवगत कराया गया। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनसे आतंकवाद से निपटने की हमारी क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करने को कहा। पिछले चार दिनों में जम्मू एवं कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर आतंकवादियों के हमले में नौ तीर्थयात्री मारे गए तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। इन हमलों में सात सुरक्षाकर्मी तथा कई अन्य घायल हो गए।

### जम्मू-कश्मीर के सभी स्कूलों में राष्ट्रगान अनिवार्य, जारी किए गए आदेश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्र शासित प्रदेश के सभी स्कूलों में सुबह राष्ट्रगान अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने एक परिपत्र जारी करते हुए सभी स्कूलों को निर्देश दिया कि वे पूरे केंद्र शासित प्रदेश में सुबह की कक्षाओं को एक समान बनाएं और इसकी शुरुआत राष्ट्रगान से करें। बुधवार को जारी परिपत्र में कहा गया कि मानक शिष्टाचार के अनुसार सुबह अध्ययन की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ ही होनी चाहिए। विभाग ने कहा कि सुबह की कक्षाएं छात्रों में एकता और अनुशासन की भावना पैदा करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई हैं। जारी किए गए परिपत्र में स्कूलों के लिए 16 कदम सुझाए गए हैं, जिनमें कहा गया है कि कक्षाएं नैतिक अखंडता, साझा समुदाय और मानसिक शांति के मूल्यों को पोषित करने के लिए मंच के रूप में काम करती हैं। हालांकि, इस परंपरा का जम्मू-कश्मीर के स्कूलों में समान रूप से निर्वाह नहीं किया जा रहा है।

# नीट-यूजी: ग्रेस मार्क्स रद, दोबारा होगी 1563 अभ्यर्थियों की परीक्षा

## छात्रों को विकल्प देने के केंद्र सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृति

नई दिल्ली, एजेंसी



- 23 जून को आयोजित होगी परीक्षा 30 जून को घोषित होंगे परिणाम

मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित की गई विवादित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दौरान देर से प्रश्नपत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया गया है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की सुप्रीम कोर्ट की अवकाशकालीन पीठ ने शिक्षक अलख पांडे और अन्य की याचिकाओं पर पुनः परीक्षा कराने के फैसले से संबंधित केंद्र सरकार के हलफनामे पर विचार के बाद गुरुवार को यह अनुमति दी। नीट-यूजी 202 विवाद मामले में एनटीए ने सुनवाई शुरू होते ही पीठ के समक्ष कहा कि जिन 1563 विद्यार्थियों को देर से प्रश्न पत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) दिए गए थे, उनके प्राप्तांक (स्कोर-कार्ड) रद करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही उन्हें दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने का फैसला किया गया है। अदालत के समक्ष एनटीए ने यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले 1563 विद्यार्थियों में जो दोबारा परीक्षा में शामिल होने का विकल्प अपनाएंगे, उन्हें इस परीक्षा में प्राप्त अंक वाले अंक पत्र जारी किए जाएंगे। यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले जो विद्यार्थी दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें पहले दिए गए क्षतिपूर्ति अंक काटकर अंक पत्र जारी किए जाएंगे। न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की दलीलों पर विचार के बाद दोबारा परीक्षा आयोजित कर परिणाम घोषित करने की अनुमति दी, लेकिन स्पष्ट किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया जारी रहेगी। शीर्ष अदालत के समक्ष एनटीए ने कहा कि केवल 1563 उम्मीदवारों के लिए पुनः परीक्षा 23 जून और परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। काउंसलिंग 6 जुलाई से शुरू की जाएगी। केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता कनु अग्रवाल ने कहा कि दोबारा परीक्षा का निर्णय एक समिति की सिफारिश पर लिया गया है। कोर्ट ने कहा कि नकल की शिकायतों से संबंधी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी।

### प्रश्नपत्र लीक होने का कोई प्रमाण नहीं : प्रधान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) में प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि इन दावों की पुष्टि के लिए कोई सबूत नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी छात्र का नुकसान नहीं हो। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने चार जून को नीट-यूजी के परिणाम घोषित किए। प्रधान ने दूसरी बार केंद्रीय शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद संवाददाताओं से कहा कि नीट-यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं है। एनटीए में भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद हैं।

### कांग्रेस संसद में उठाएगी नीट में धांधली का मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने नीट-यूजी, 2024 में कथित धांधली को लेकर केंद्र सरकार पर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया और कहा कि 24 जून से आरंभ हो रहे संसद के सत्र के दौरान इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। कांग्रेस इस मामले में सीबीआई जांच चाहती है, लेकिन अगर सरकार इसके लिए तैयार नहीं है तो फिर उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। कांग्रेस ने यह मांग भी की है कि एनटी के महानिदेशक को उनके पद से हटाया जाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि इस सरकार में 'पैसे दो, पेपर लो' का खेल खेला जा रहा है। खरगे ने एक्स' पर पोस्ट किया कि नीट में केवल कृपांक की समस्या नहीं थी। धांधली हुई है, पेपर लीक हुए हैं, भ्रष्टाचार हुआ है।

# अल्मोड़ा में जंगल की आग बुझाने गए चार वन कर्मचारी जिंदा जले

## बिनसर वन्यजीव अभ्यारण्य में गुरुवार दोपहर हुआ हादसा, 4 अन्य झुलसे

ब्यूरो, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा चिकित्सालय में झुलसे कर्मचारी का उपचार करते चिकित्सा कर्मी।

अमृत विचार : अल्मोड़ा के बिनसर वन्यजीव अभ्यारण्य में लगी आग बुझाने गए कर्मचारी वनाग्नि की चपेट में आ गए। वन बीट अधिकारी समेत 4 कर्मी जिंदा जल गए जबकि 4 गंभीर झुलस गए। घायलों को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल हल्द्वानी रेफर किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, गुरुवार दोपहर बिनसर वन्यजीव अभ्यारण्य में आग लगने की सूचना पर आठ वन कर्मियों का दल दोपहर ढाई बजे मौके पर पहुंचा। आग सड़क से नीचे लगी थी। वनकर्मी ढलान से नीचे उतरे। इस बीच आग ने विकराल रूप ले लिया। ऐसे में ऊपर सड़क तक पहुंचने के लिए उन्होंने चढ़ाई शुरू की लेकिन आग की चपेट में आने से वन बीट अधिकारी त्रिलोक सिंह मेहता (56) पुत्र नारायण सिंह निवासी बाड़ेछीना, श्रमिक दीवान राम (35) निवासी सौड़ा, फायर वॉचर करन आर्या (21) निवासी भेटुली और पीआरडी जवान पूरन सिंह (50) पुत्र दीवान सिंह निवासी धौलछीना जिंदा जल गए। वनकर्मियों की चीख सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उनको आग से निकाला हालांकि तब तक वह काफी झुलस गए थे। उन्हें पास के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में आग पर काबू पाकर शवों को भी निकाला गया। घायलों को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया गया है। सीविल सोयम वन प्रभाग अल्मोड़ा के डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया बेस अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि घायलों को पूरी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मृतकों के परिजनों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। वहीं घायलों में फायर वॉचर कृष्ण कुमार (21) पुत्र नारायण राम निवासी अयारपानी, चालक भगवत सिंह भोज (38) पुत्र बचे सिंह निवासी अयारपानी, पीआरडी जवान कुंदन नेगी (44) पुत्र प्रताप सिंह नेगी निवासी खाकरी अल्मोड़ा, दैनिक श्रमिक कैलाश भट्ट (54) पुत्र बद्री दत्त भट्ट निवासी घनेली अल्मोड़ा हैं।

- मुख्यमंत्री ने की मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख अनुग्रह राशि देने की घोषणा

> वनाग्नि से 4 वनकर्मियों का निधन हृदयविदारक है। दुख की घड़ी में सरकार दिवंगतों के परिजनों के साथ है। हर मृतक के परिजनों को 10 लाख की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को एयरलिफ्ट कर हल्द्वानी बेस अस्पताल पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।
> -पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

# पीड़ितों की सहायता के लिए कुवैत पहुंचे विदेश राज्यमंत्री



कुवैत के जाबेर अस्पताल में एक घायल का हाल लेते विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह।

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

कुवैत में एक इमारत में लगी भीषण आग में घायल हुए लोगों की सहायता के लिए किए जा रहे कार्यों की निगरानी करने और इस घटना में मारे गए भारतीयों के शवों को शीघ्र भारत भेजने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह गुरुवार को कुवैत पहुंचे। कुवैत के दक्षिणी शहर मंगाफ में छह मंजिला एक इमारत में बुधवार को भीषण आग लग गई थी जिसमें 195 प्रवासी श्रमिक रहते थे। इस घटना में 49 विदेशी कामगारों की मौत हो गई और 50 घायल हो गए थे। कुवैत के प्रथम उपप्रधानमंत्री शेख फहद के मुताबिक 48 शवों की पहचान कर ली गई है जिसमें 45 भारतीय और 3 फिलीपीन के हैं। एक शव की पहचान के प्रयास जारी है।

कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह आग हादसे में घायल हुए लोगों की सहायता के प्रयासों और हादसे में मारे गए लोगों के पार्थिव शरीरों की शीघ्र वतन वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए कुवैत पहुंचे हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि कुवैत के अधिकारी दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में आग की घटना में मारे गए लोगों के शवों का डीएनए परीक्षण करा रहे हैं। भारतीयों के पार्थिव शरीर वापस लाने के लिए भारतीय वायुसेना का एक विमान तैयार रखा गया है।

**मंगाफ अग्निकांड**

- शवों का हो रहा डीएनए परीक्षण वायुसेना का विमान तैयार
- छह मंजिला इमारत में आग लगने से मारे गए थे 45 भारतीय

### पांच-पांच लाख रुपये देगी केरल सरकार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने कुवैत अग्निकांड में मारे गए केरलवासियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने का गुरुवार को निर्णय किया। घायल हुए लोगों को भी एक-एक लाख रुपये दिए जाएंगे।

# दिल्ली को पानी देने से मुकरा हिमाचल प्रदेश

- सुप्रीम कोर्ट में कहा-उसके पास नहीं है अतिरिक्त पानी
- कोर्ट ने दिल्ली सरकार को यमुना नदी बोर्ड जाने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश ने सुप्रीम कोर्ट में अपने पिछले बयान से पलटते हुए कहा कि उसके पास अतिरिक्त पानी नहीं है, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को जल आपूर्ति के लिए अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार को शाम पांच बजे तक अपर यमुना रिवर बोर्ड को मानवीय आधार पर पानी की आपूर्ति के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया। हिमाचल सरकार ने पिछला बयान वापस लेते हुए सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उसके पास 136 क्यूसेक अतिरिक्त पानी नहीं है। पीठ ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल बंटवारे का मुद्दा जटिल है और अदालत के पास अंतरिम आधार पर इसका फैसला करने की तकनीकी विशेषज्ञता नहीं है। पीठ ने कहा कि इस मुद्दे को 1994 के समझौता ज्ञापन में पक्षों की सहमति से गठित निकाय के विचारार्थ छोड़ देना चाहिए।

# येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो केस में गैर जमानती वारंट जारी



- भाजपा नेता पर लगा है नाबालिग के यौन उत्पीड़न का आरोप
- कर्नाटक के पूर्व सीएम ने खुद पर लगे आरोपों को किया खारिज

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु की अदालत ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट (एनवीडब्ल्यू) जारी किया है। येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) के मामले की जांच कर रहे सीआईडी ने पहले पूछताछ को बुलाया था। येदियुरप्पा ने जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए समय मांगा था। येदियुरप्पा के करीबी सूत्रों के अनुसार भाजपा नेता फिलहाल दिल्ली में हैं और उनके लौटने के बाद जांच में शामिल होने की संभावना है।

पुलिस के अनुसार येदियुरप्पा पर 17 वर्षीया किशोरी की मां की शिकायत के आधार पर पॉक्सो अधिनियम और आईपीसी की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। किशोरी की मां ने येदियुरप्पा पर आरोप लगाया है कि उन्होंने इस साल दो फरवरी को डॉलर्स कॉलोनी स्थित अपने आवास पर बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया। सदाशिवनगर पुलिस की ओर से 14 मार्च को मामला दर्ज किए जाने के कुछ ही घंटों बाद कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने मामले को जांच के लिए सीआईडी को स्थानांतरित कर दिया था। येदियुरप्पा (81) ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि वह इस मामले से कानून का सहारा लेंगे।

# लोस अध्यक्ष का चुनाव 26 को, नाम का प्रस्ताव 25 तक

- उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक दे सकते हैं नोटिस

**नई दिल्ली।** लोकसभा 26 जून को अपने नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। सचिवालय ने गुरुवार को बताया कि 18वीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा। लोकसभा से जारी बुलेटिन में कहा गया है कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले दोपहर 12 बजे से पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को नोटिस दे सकते हैं। मौजूदा मामले में अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव के वास्ते नोटिस मंगलवार, 25 जून दोपहर 12 बजे से पहले दिए जा सकते हैं।

# आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर का निधन



**कानपुर।** लेह में आईआईटी कानपुर के सस्टेनेबल एनर्जी इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर कंवर सिंह नलवा का देहांत हो गया। वह 39 वर्ष के थे। लेह में ऑक्सीजन कम होने से तबियत बिगड़ी थी और बाद में हार्ट अटैक से मौत हो गई। शुक्रवार को उनका शव देहरादून भेजा जाएगा। प्रो. कंवर दो अन्य साथियों के साथ आईआईटी रोपड़ गए थे। वहां से वह लेह चले गए। घटना पर आईआईटी के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल और डिप्टी डायरेक्टर प्रो. बृजभूषण ने शोक व्यक्त किया है। प्रो कंवर सोलर एनर्जी पर रिसर्च कर रहे थे।

# आदर्श चम्पावत के लिए धरा पर उतारें योजनाएं

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

ब्यूरो, देहरादून



- जनपद की चम्पावत विधानसभा सीट से विधायक हैं मुख्यमंत्री धामी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने की कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को आदर्श राज्य बनाने के लिए चम्पावत को मॉडल जनपद के रूप में लिया जा रहा है। चम्पावत ऐसा जनपद है जिसमें राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से मैदान, तराई, भाबर और पर्वतीय क्षेत्र शामिल हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चम्पावत में धार्मिक, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। यहां श्रद्धालुओं और पर्यटक की सुविधा के दृष्टिगत तीन से चार दिन की यात्रा के लिए एक सर्किट बनाए जाए। पूर्णागिरी में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहती है, श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। शारदा कॉरिडोर और चम्पावत के आईएसबीटी को भी विस्तारित करने की जरूरत है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने के लिए बनाई जा रही कार्ययोजनाओं को धरातल पर उतारा जाए। विकास के साथ विरासत को भी आगे बढ़ाना है मगर पारिस्थितिकी और पर्यावरण में समन्वय का ध्यान रखा जाए। आदर्श चम्पावत के लिए नोडल अधिकारी जनपद के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के साथ नियमित बैठक करें और स्थानीय स्तर पर लोगों के सुझाव भी लिए जाएं। इस अवसर पर पर्यटन, कृषि और बागवानी, हेल्थकेयर, शिक्षा, दुग्ध और उससे संबंधित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण दिया गया।

चम्पावत के जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले, इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनपद में सोलर एनर्जी और ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में पलायन बढ़ रहा है, इसको ध्यान में रखते हुए टाउन प्लानिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनन्दबर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, एसएन पांडेय, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत, अपर सचिव श्री जगदीश चन्द्र कांडपाल मौजूद रहे।

## देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंच रहे पर्यटक, ओम पर्वत और आदि कैलाश तक आसानी से पहुंच रहे वाहन

# पीएम मोदी के दर्शन करने से विश्व पटल पर छाया आदि कैलाश





भूपेश कन्नौजिया, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जब से ब्रेक लगा है तब से आदि कैलाश और ओम पर्वत में पर्यटकों के आने का सिलसिला बढ़ गया है। हर दिन औसतन 150 से 250 श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यहां पहुंचने के बाद पूरे विश्व में इस जगह को नई पहचान मिली है। जिससे यह एक बेहद रमणीय, आध्यात्मिक धार्मिक स्थल के रुप में जाने जाना लगा है।

दिल्ली, मुंबई, गुजरात, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु सहित कई स्थानों से शिव भक्त यहां पहुंच रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन भी पूर्व में सोशल मीडिया पर दर्शन की इच्छा जता चुके हैं। हिंदू पुराणों के अनुसार पांच कैलाशों में से एक आदि कैलाश है, जो उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले से सटी भारत-चीन सीमा पर स्थित है।

आदि कैलाश और ओम पर्वत दोनों ही व्यास घाटी का हिस्सा हैं। आदि कैलाश यात्रा सिर्फ धार्मिक यात्रा नहीं है। इस दौरान रास्ते में गुंजी, कुटी, नाभि जैसे सुंदर गांव पड़ते हैं। जहां भक्तों के ठहरने के लिए होम स्टे बने हैं। यात्रा के बीच प्रकृति के मनोरम दृश्य एक नई ऊर्जा का संचार करते हैं।

### पर्यटन के लिए मिलेंगे कई स्थल

आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन के लिए काठगोदाम रेलवे स्टेशन या पंतनगर हवाई अड्डे सबसे करीब हैं। जहां से आप अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, धारचूला से होकर वाया सड़क मार्ग यात्रा करते हैं। आप हल्द्वानी से वाया टनकपुर, चम्पावत होते हुए भी धारचूला पहुंच सकते हैं। यह सड़क मार्ग काफी अच्छा और सुगम है।

आदि कैलाश व ओम पर्वत यात्रा के दौरान आप शिव और पार्वती मंदिर, गौरीकुंड, पार्वती सरोवर, कुटी गांव, पांडव किला, पांडव पर्वत, पार्वती मुकुट, ओम पर्वत, नाभिढांग गांव, काली माता मंदिर, काला पानी, व्यास गुफा, शेष नाग पर्वत, गणेश पर्वत, गुंजी गांव, छियालेख से भी घूम सकते हैं।

### ऐसे पहुंचें और ये करें तैयारियां

आदि कैलाश यात्रा के लिए सबसे पहले इनर लाइन परमिट चाहिए, जो ऑनलाइन भी बना सकते हैं। इस लिंक पर जाकर https://pass.pithoragarh.online/ इसके लिए मेडिकल सर्टिफिकेट, पुलिस सत्यापन, एक फोटो और एफिडेविट चाहिए। ऑनलाइन फॉर्म सबमिट करने के बाद एसडीएम धारचूला द्वारा आपको निर्गत किया जाएगा। मेडिकल के साथ ओपीडी का पर्चा संलग्न करना अनिवार्य है। सेना के हर चेक पोस्ट पर इनर लाइन परमिट चेक होगा। लौटने पर अंतिम चेक पोस्ट पर परमिट जमा कर लिया जाएगा। पहले दिन आप धारचूला पहुंचे, यहां सस्ता होमस्टे अच्छे भोजन के साथ एक हजार रुपये से लेकर आपके बजट के अनुसार मिल जाएगा, आप पहले ही बुकिंग करवा लें तो बेहतर रहेगा।

## एक नजर

### क्रैश बेरियर ने बचाई दो स्कूटी सवारों की जान

**गरमपानी :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर रामगाढ़ क्षेत्र में स्कूटी सवार तेज रफ्तार वाहन से बचने के प्रयास में हाईवे पर रपट गए। क्रैश बेरियर के कारण स्कूटी खाई की ओर नहीं पलटी और बड़ा हादसा टल गया। बागेश्वर निवासी संदीप व रोहित कुमार स्कूटी से बागेश्वर से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। दोनों रामगाढ़ क्षेत्र में पहुंचे ही थे कि एकाएक तेज रफ्तार वाहन से बचने के प्रयास में उनकी स्कूटी हाईवे पर रपट गई। स्कूटी क्रैश बेरियर से टकराकर रुक गई। तेज रफ्तार वाहन चालक बगैर रुके मौके से निकल गया। हाईवे पर आवाजाही कर रहे यात्रियों व स्थानीय लोगों ने दोनों युवकों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी पहुंचाया।

### पर्यटक की कार से कुचला पुलिसकर्मी का पैर

**नैनीताल :** नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में यूपी के एक पर्यटक ने कार से पुलिसकर्मी का पैर दबा दिया। बुधवार देर शाम आठ बजे चीता कांस्टेबल अमित गहलोत सड़क के किनारे यातायात का संचालन कर रहे थे। इस दौरान मल्लीताल से तल्लीताल चौराहे की ओर एक पर्यटक की कार का टायर उनके पैर में चढ़ गया। पैर में कार का टायर चढ़ने से वह चोटिल हो गए। इस दौरान राहगीरों ने कार चालक को मौके पर ही रोक लिया और मौके पर भीड़ लग गई। मौके की नजाकत को समझते हुए अमित गहलोत ने भीड़ हटाकर यातायात सुचारू कराया। जिसके बाद राहगीर व पुलिसकर्मी अमित को पुलिस सहायता केंद्र ले आए। जहां से पुलिसकर्मी अमित को अस्पताल ले गए। अस्पताल में उपचार के बाद डॉक्टरों ने अमित को छुट्टी दे दी।

# ओंकार अध्यक्ष और संजय बने सचिव

## जिला बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न, शाम पांच बजे विजयी पदाधिकारियों की घोषणा हुई

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव गुरुवार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गये। चुनाव में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर ओंकार गोस्वामी व सचिव पद पर संजय सुयाल ने जीत हासिल की। उपाध्यक्ष पद पर अनिल हर्नवाल व संयुक्त सचिव पद पर मनीष कांडपाल विजयी रहे। चुनावी गहमागहमी के बीच सुबह 10:30 बजे से जिला बार एसोसिएशन के कुल छह पदों पर शुरू हुई मतदान प्रक्रिया दोपहर तीन बजे तक तक जारी रही।

मतगणना के बाद देर शाम करीब पांच बजे मुख्य चुनाव अधिकारी नीरज साह, सह चुनाव अधिकारी दीपक रूवाली ने विजयी प्रतिभागियों की घोषणा की। बार संघ चुनाव में कुल पंजीकृत 283 अधिवक्ताओं में से 225 अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर विजयी रहे ओंकार गोस्वामी को कुल 145 मत मिले जबकि दूसरे स्थान पर रहे मनीष मोहन जोशी को 77 मत मिले। सचिव पद पर विजयी संजय सुयाल को 141, उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी पंकज कुमार को 80 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद पर अनिल हर्नवाल ने जीत दर्ज की। उन्हें 109 मत मिले। इसी पद पर चुनाव लड़ रही तारा आर्या को 103 मतों से संतोष करना पड़ा। उपसचिव पद पर मनीष कांडपाल ने जीत दर्ज की। उन्हें कुल 127 वोट मिले। इसी पद पर दूसरे स्थान पर रहे प्रत्याशी अर्चित गुप्ता को 83 मत प्राप्त हुए। परिणाम घोषित होने के बाद निर्वाचित सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिए गए।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी, सचिव संजय सुयाल सहित सभी पदाधिकारियों ने कहा कि वे एसोसिएशन व अधिवक्ता हित में पूरी निष्ठा व आत्मबल से कार्य करेंगे। चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने में मुख्य चुनाव अधिकारी नीरज साह, सह-निर्वाचन अधिकारी दीपक रूवाली, राजेन्द्र सिंह, अनिल कुमार, गौरव भट्ट व कार्यालय सहायक गौतम कुमार ने योगदान दिया।



जिला बार एसोसिएशन चुनाव के दौरान मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### त्रिकोणीय मुकाबले में स्वाति को मिले 124 मत

जिला बार संघ के पांच कार्यकारिणी सदस्य के दो पदों पर हुए त्रिकोणीय मुकाबले में स्वाति परिहार को 124 व यशपाल आर्या ने 150 मत पाकर जीत दर्ज की। वहीं जमीर अहमद को 101 मतों से संतोष करना पड़ा। वहीं दो वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित पद पर प्रीति साह व मंजू कोटलिया का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। वहीं कार्यकारिणी का एक पद किसी भी पदाधिकारी के नामांकन न कराने से रिक्त रहा।



ओंकार सिंह अध्यक्ष, अनिल हर्नवाल उपाध्यक्ष, संजय सुयाल सचिव, मनीष कांडपाल उप सचिव



यशपाल आर्य, प्रीति शाह, मंजू कोटलिया, स्वाति परिहार (सभी कार्यकारी सदस्य)

# टेंडर खत्म होने से शटल सेवा बंद पर्यटक पैदल जा रहे हैं चिड़ियाघर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर में एक मात्र चिड़ियाघर जो माल रोड से लगभग एक किलोमीटर दूर है।

यहां निजी वाहन ले जाने में प्रशासन की ओर से प्रतिबंध लगाया है, इसलिए पालिका की ओर से टेंडर जारी कर चिड़ियाघर जाने के लिए शटल सेवा चलाई जाती है, जिसका आने व जाने का 70 रुपये शुल्क लिया जाता था, लेकिन 31 मई को शटल का टेंडर समाप्त हो गया, जिसके बाद पालिका की ओर से दो इलेक्ट्रिक वाहनों का ट्रायल किया गया, जो पालिका और आरटीओ के अनुसार सफल रहा, लेकिन टेंडर समाप्त हुए 10 दिन बीत जाने के बाद भी पालिका की ओर से चिड़ियाघर जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है, जिसके चलते कुछ पर्यटक पैदल जाने को मजबूर हैं, तो वहीं कुछ पर्यटक दोगुना किराया देकर जू जा रहे हैं।

नैनीताल जू शटल सेवा बन्द होने के बाद टैक्सी बाइक चालक पर्यटकों को जू छोड़ने के लिए से दोगुना किराया ले रहे हैं। टेंडर के दौरान आने और जाने का 70 रुपये किराया लिया जाता था, लेकिन अब टैक्सी बाइक चालक आने और जाने का 140 रुपये किराया ले रहे हैं। जू जाने के लिए शटल सेवा बन्द हुए 10 दिन बीत चुके हैं लेकिन पर्यटकों को जानकारी देने के लिए कोई बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। जिस कारण पर्यटक घंटों शटल का इंतजार कर रहे हैं।



चिड़ियाघर को पैदल जाते सैलानी। ● अमृत विचार

### पर्यटकों ने कहा

अमृतसर निवासी कवलजीत सिंह ने कहा कि वह शटल सेवा का इंतजार कर रहे थे, लेकिन बहुत देर बाद उन्हें इस बात की जानकारी मिल पाई कि शटल सेवा बन्द हो चुकी है। वहीं जालंधर निवासी मनु ने कहा कि चिड़ियाघर जाने के लिए शटल सेवा उपलब्ध नहीं है और टैक्सी बाइक चालक आने जाने के 140 रुपये ले रहे हैं। पंजाब निवासी मोहित ने कहा कि जू जाने के लिए लिए यहां कोई व्यवस्था करवानी चाहिए, जिसके पर्यटकों को परेशानी ना हो। पंजाब निवासी तरुण ने कहा कि ना ही अपनी गाड़ी ले जा सकते हैं ना ही अन्य कोई व्यवस्था है।

गोल्फकार्ट इलेक्ट्रिक वाहन टेंडर की योजना बनायी जा रही है। लगभग 10-15 दिन के भीतर टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, जिसके बाद जू जाने के लिए शटल सेवा चलायी जाएगी। **-अतुल भंडारी**, पालिका अधिशासी अधिकारी

## सार-संक्षेप

### वृद्धावस्था पेंशन के बारे में जानकारी दी



दिपांकर घिल्डियाल।

**भीमताल :** जिला समाज कल्याण अधिकारी दिपांकर घिल्डियाल ने विकास भवन में वृद्धावस्था पेंशन के बारे में जानकारी दी। बताया कि समाज कल्याण विभाग नैनीताल की ओर से नवीन शासनादेश में परिवार की सभी स्रोतों से मासिक आय चार हजार रुपये से अधिक नहीं हो। योजना के अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन में पति व पत्नी दोनों को पेंशन, पुत्र बालिग है और सरकारी सेवा में नहीं है तो पेंशन का पात्र होगा। वहीं बताया कि 1 अप्रैल 2024 से सभी प्रकार की पेंशन के आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हो रहे हैं। बताया कि शहरी क्षेत्र में पेंशन की स्वीकृति का अधिकार उप जिलाधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित ग्राम पंचायत को होता है।

### मझेड़ा वन पंचायत के सरपंच और सचिव को नोटिस जारी

**भीमताल :** नैनीताल जनपद के विकासखंड धारी की वन पंचायत मझेड़ा के वन पंचायत के सचिव और सरपंच को धारी एसडीएम केएन गोस्वामी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस लगभग दो माह पूर्व काटे गए 67 हरे पेड़ों की वन विभाग की रिपोर्ट मिलने के बाद जारी किया गया है। इधर नोटिस की जानकारी मिलने पर क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

### कैबिनेट मंत्री से साझा कीं क्षेत्र की समस्याएं



कैबिनेट मंत्री से मुलाकात करते भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता नितेश बिष्ट।

**भीमताल :** नगर में आवारा पशुओं की समस्या हो, यातायात की समस्या हो या फिर पेयजल समस्या। जब विभाग और प्रशासन विफल हो गया तो जनता की मांग पर जनप्रतिनिधि अब देहरादून में जनता की आवाज पहुंचाने में लग गए हैं। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता नितेश बिष्ट ने भीमताल में दिन प्रतिदिन बढ़ रही आवारा पशुओं की संख्या को लेकर चिंता व्यक्त कर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात की और आवारा पशुओं को नजदीक के गौ सदन में भेजने की मांग के साथ साथ पांडे गांव में पेजयल योजना की धीमी गति, भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में कई समय से चल रही पेयजल समस्या के निदान के साथ साथ भीमताल झील से सिल्ट निकालने की मांग को भी प्रमुखता से रखा।

### जल स्रोत का निरीक्षण कर दिया स्वच्छ पानी देने का निर्देश

**भीमताल :** भीमताल ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने भीमताल ज्योलिकोट क्षेत्र के दुर्गापुर स्रोत का स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पूर्व में कुछ दिनों पहले स्रोत में सीवर गिरने की शिकायत मिली थी। उसी संदर्भ में गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ निरीक्षण किया। दूषित वाले स्रोत से पानी आपूर्ति बंद करने के निर्देश दिए। इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे, ग्राम प्रधान अमित कुमार, मनोज आदि मौजूद रहे।

### नैनीताल बैंक के कर्मचारी 15 जून को रहेंगे हड़ताल पर

**नैनीताल :** लंबे समय से चले आ रहे बैंक के विनिवेश के विरोध में नैनीताल बैंक के कर्मचारियों के सुर लोकसभा के बाद एक बार फिर तेज हो गए हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा प्रबंधन से साथ अधिकारी यूनियन के वार्ता एक बार फिर विफल रही। जिसको देखते हुए 15 जून को सभी अधिकारी और कर्मचारी नैनीताल बैंक आफीसर्स एसोसिएशन के झंडे तले एक दिवसीय भारत भर की समस्त शाखाओं-ऑफिसों में हड़ताल पर रहेंगे।

# किशोरी पर बनाया गया धर्म परिवर्तन का दबाव

▸▸ नाबालिग की मां ने कोतवाली में दी तहरीर, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मल्लीताल क्षेत्र में नाबालिग किशोरी को धर्म परिवर्तन के लिए बहलाने फुसलाने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां समेत हिंदूवादी संगठनों ने कोतवाली में तहरीर देकर विशेष समुदाय के युवक पर कार्रवाई की मांग की है।

किशोरी की ने बताया कि उनकी बेटी मल्लीताल स्थित एक कपड़े की दुकान में काम करती है, जहां उसकी मुलाकात विशेष समुदाय के युवक से हुई, जिसके बाद युवक ने उनकी बेटी को बहला फुसला कर धर्म परिवर्तित किए जाने के लिए दबाव बनाने लगा। इस दौरान आरोपी युवक ने उनकी बेटी के आधार कार्ड में छेड़छाड़ कर उनकी जन्मतिथि में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उसे बालिक दिखा दिया। नाबालिक किशोरी की मां ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को 3 महीने से घर नहीं आने दिया जा रहा है। मामला प्रकाश में आने के बाद हिंदूवादी संगठन भी किशोरी की मां के साथ कोतवाली पहुंचे। किशोरी के घर जाने से मना करने पर पुलिस ने मामले की सूचना महिला चाइल्ड लाइफ हेल्पलाइन को दी। किशोरी को अब नारी निकेतन भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# भीषण गर्मी से बचने को उमड़े सैलानी

▸▸ नैनीताल, पंगुट, मुक्तेश्वर, भीमताल, सातताल के सभी होटल, गेस्ट हाउस व होम स्टे हो चुके हैं फुल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पर्यटन सीजन अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुका है। अब लगभग दो सप्ताह का ही सीजन बचा है, क्योंकि 25 जून के बाद मानसून सीजन शुरू हो जाता है जिसके बाद पर्यटन सीजन अपने अंतिम चरण में पहुंच जाता है, जिसके चलते 22 जून तक नैनीताल, पंगुट, मुक्तेश्वर, भीमताल, सातताल में लगभग सभी होटल, गेस्ट हाउस व होम स्टे पैक हो चुके हैं।

गुरुवार को भी नैनीताल में सैलानियों की बड़ी आमद से जहां स्थानीय व्यापारियों के चेहरे पर रौनक देखने को मिली तो वहीं दूसरी ओर तल्लीताल से सूखाताल तक गाड़ियों के जाम से स्कूली बच्चों सहित कार्यालय आने जाने वालों को काफी फजीहत उठानी पड़ी। मौसम केंद्र जीजीआईसी के अनुसार गुरुवार को नगर का अधिकतम तापमान 30 डिग्री तो वहीं न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसके चलते सैलानियों ने दोपहर को हिमालय दर्शन, स्नो व्यू, केप गार्डन, सरियाताल आदि ऊंचाई वाले क्षेत्रों से सुंदरता का लुत्फ उठाया। दोपहर बाद विश्वविख्यात नैनीझील में नौकायन का आनंद लिया। शाम होते ही बड़ा बाजार, माल रोड, भोटिया मार्केट से जमकर खरीदारी भी की गई।



नैनी झील में नौकायन करते सैलानी। ● अमृत विचार

### कैंची धाम महोत्सव के दौरान पर्यटकों के और अधिक बढ़ने की उम्मीद

15 जून कैंची धाम महोत्सव में बाबा नीम करौली महराज के दर्शन करने के लिए हर वर्ष देश विदेश से हजारों की संख्या में भक्त पहुचंते हैं। वहीं इस वर्ष शनिवार होने के चलते यह संख्या और अधिक होने की उम्मीद जताई जा रही है, जिसको लेकर गुरुवार से ही कैंची सहित भवाली, भीमताल व नैनीताल के होटल पैक हो चुके हैं।

## घर से महिला के सोने के कंगन चोरी

**नैनीताल।** शहर में एक महिला ने पर्स में रखी ज्वैलरी और अंडरगारमेंट चोरी होने की शिकायत पुलिस से की है। मल्लीताल निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा कि घर में उन्होंने स्टैंड में अंडरगारमेंट धोकर डाले थे। जब उन्होंने घर में ढूंढा तो सामान इधर उधर मिला। वहीं उनकी एक खिड़की जो हमेशा बंद रहती है वह भी खुली मिली। जिस पर उनको चोरी का अहसास हुआ। अलमारी के लॉकर में रखे पर्स की जांच की तो उसमें रखे सोने के कंगन भी गायब मिले। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

# कर्मियों की कमी से लगे कूड़े के ढेर

▸▸ पहली बार पालिका की ओर से नहीं रखे गए सीजनल कर्मचारी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पर्यटन सीजन में जहां एक ओर लगाकर पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है, वहीं शहर की सफाई व्यवस्था का जिम्मा उठाने वाली नगरपालिका की ओर से कर्मचारियों को कम कर दिया गया है।

पर्यटन सीजन के दौरान शहर में सफाई व्यवस्था के लिए पालिका की ओर से हर साल तीन महीनों के लिए लगभग 180 कर्मचारियों को रखा जाता था, लेकिन इस साल पहली बार पालिका की ओर से एक भी सीजनल कर्मचारी को नहीं रखा गया। जिस कारण शहरवासियों के साथ पर्यटकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कर्मचारियों की कमी के कारण शहर के सात नम्बर क्षेत्र, स्नोव्यू क्षेत्र, माल रोड, मल्लीताल एसबीआई क्षेत्र सहित कई स्थानों में कूड़े का ढेर लगा हुआ है। वहीं पिछले साल रखे गए सीजनल कर्मचारियों का अब तक वेतन नहीं मिला है। वहीं पालिका प्रशासक एसडीएम केएन गोस्वामी का कहना है कि पालिका में लगभग 270 कर्मचारी हैं। जो पर्याप्त हैं, जहां भी कूड़ा नहीं उठ रहा है वहां जल्द ही कर्मचारियों को भेजकर कूड़ा उठाया जाएगा।

### दो माह बाद भी कूड़ा डंपिंग जोन का चयन नहीं

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन की तैयारियों को लेकर दो माह पूर्व हुई बैठक में डीएम वंदना सिंह ने नगर पालिका को 10 दिन के भीतर डंपिंग जोन की तलाश करने को कहा था लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी पालिका डंपिंग जोन की तलाश नहीं कर पाई है। बता दें कि नगर के कूड़े को मेट्रोपोल में डंप कर पालिका कूड़े का निस्तारण करती है, लेकिन अक्सर पालिका के कूड़ा वाहन खराब होने की दिशा में डंपिंग जोन में कूड़े का ढेर लग जाता है, जिससे स्थानीय लोगों सहित वहां से गुजरने वाले लोगों की काफी फजीहत होती है। वहीं मेट्रोपोल पार्किंग में भी गाड़िया पार्क होती हैं।

### आग बुझाने के दौरान महिला फायर वाचर चोटिल

**नैनीताल।** नैनीताल हल्द्वानी रोड रूसी बाईपास में आग बुझाने के दौरान एक महिला फायर वाचर गिर कर चोटिल हो गई। बुधवार को रूसी बाईपास अस्थाई पार्किंग स्थल के समीप आग लगने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंच महिला फायर वाचर आग बुझाने के लिए सड़क से नीचे उतरे। आग बुझाने के दौरान एक महिला फायर वाचर रुकसाना अनियंत्रित होकर गिरकर चोटिल हो गई। इस दौरान साथ कर्मचारियों ने उसको गिरने से बचा लिया। जिसके बाद साथी कर्मचारी उसे बीडी पांडे अस्पताल ले आये।

### थुआ का जंगल आग से धधका

**गरमपानी :** जंगलों में आग धधकने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। एक के बाद एक जंगल आग से खाक होते जा रहे हैं। अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे से सटे थुआ के जंगल में भीषण आग धधकने से बेशकीमती वन संपदा राख हो गई। जंगल से देर शाम तक धुएं का गुबार उठता रहा। जंगलों में आग लगने से मवेशियों के लिए चारा पत्ती का भी संकट खड़ा हो गया है। हाईवे पर चमड़ियां क्षेत्र से सटे थुआ के जंगल में दोपहर भीषण आग धधक उठी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। जंगल में आग के बड़े हिस्से में फैलने से दूर दूर तक लपटें दिखाई देने लगी।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555

काशीपुर कार्यालय — 8218100208

रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

## आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

41.8⁰ अधिकतम तापमान | 25.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.12 | सूर्यास्त 07.12

## एक नजर

### स्वर्णकार एसोसिएशन का सेमिनार आज

**हल्द्वानी :** स्वर्णकार एसोसिएशन का सेमिनार शुक्रवार (आज) को रामपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित होगा। जिसमें राज्य प्रभारी सौरभ तिवारी और जीएसटी के उप श्रमायुक्त विनय ओझा मौजूद रहेंगे। इस दौरान सेमिनार में हॉलमार्क के नए व पुराने नियमों में बदलाव के बारे में सर्राफा कारोबारियों को विस्तार से जानकारी दी जाएगी। हल्द्वानी ग्रीन सिटी सर्राफा और स्वर्णकार एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम रस्तोगी ने बताया कि सेमिनार रात 8 बजे से शुरू होगा।

### गौलापार के युवक की स्कूटी फिसली, मौत

**हल्द्वानी :** ड्यूटी से घर लौट रहे एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मूलरूप से रैकूना तुसराड़ धारी निवासी विनोद रैकुनी (35 वर्ष) यहां गौलापार में रहता था और हल्द्वानी स्थित एक मेडिकल स्टोर में काम करता था। बताया जाता है कि बुधवार की रात करीब 10 बजे वह स्कूटी से घर लौट रहा था, तभी कुंवरपुर गौलापार में उसकी स्कूटी फिसल गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# हल्द्वानी से भवाली तक बनाए 10 शटल प्वाइंट्स

## पुलिस-प्रशासन ने श्रद्धालुओं को विभिन्न स्टेशनों से कैंचीधाम पहुंचाने के लिए बनाई रणनीति

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने कैंची धाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही को शटल सेवा के लिए योजना तैयार कर ली है। हल्द्वानी से भवाली तक 10 शटल प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां 385 बसों व मैक्सी वाहनों से श्रद्धालुओं को कैंची धाम पहुंचाया जाएगा।

पुलिस-प्रशासन के अनुसार कैंची धाम में 15 जून को होने वाले कार्यक्रम में चार से पांच लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने के आसार हैं। ऐसे में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने और श्रद्धालुओं को सहूलितय देने के लिए पुलिस, प्रशासन, परिवहन विभाग व परिवहन निगम के अधिकारियों ने मिलकर रणनीति बनाई है। इसमें वाहनों की पार्किंग, शटल सेवा, भाड़ा आदि सभी निर्धारित किया गया है।

**हल्द्वानी व काठगोदाम से आज से शुरू हो जाएगी शटल सेवा :** सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि हल्द्वानी व काठगोदाम से शटल सेवा एक दिन पूर्व से ही शुरू कर दी जाएगी। शुक्रवार की दोपहर बाद से कैंची धाम जाने वाले श्रद्धालु हल्द्वानी बस अड्डा और काठगोदाम रेलवे स्टेशन से शटल बस सेवा का लाभ ले सकते हैं।



### यहां-यहां बनाए गए हैं 10 शटल प्वाइंट

हल्द्वानी से भवाली तक 10 शटल बनाए गए हैं। भवाली में पालिका पार्किंग, नैनी बैंड, फरसौली, सैनिटोरियम, भीमताल में विकास भवन के समीप मिनी स्टेडियम एवं रामलीला मैदान, भवाली तिराहा, खैरना टू पनीराम ढाबा, हल्द्वानी में बस रोडवेज अड्डा और रेलवे स्टेशन काठगोदाम से शटल सेवा चलाई जाएंगी। वहीं, भवाली व भीमताल के सातों प्वाइंटों पर पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। जिनमें 2500 चौपहिया और 1850 दोपहिया वाहनों के पार्क करने की क्षमता है।

**04** से पांच लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

**20** से 30 रुपये तक होगा शटल बस सेवा का किराया

### 305 मैक्सी व 80 बसें चलाई जाएंगी शटल सेवा में

शटल प्वाइंटों से श्रद्धालुओं को कैंची धाम तक लाने व ले जाने के लिए 305 मैक्सी वाहन और 80 बसें लगाई गई हैं। इनमें हल्द्वानी से सैनिटोरियम के लिए रोडवेज की 10 और रेलवे स्टेशन काठगोदाम सैनिटोरियम के लिए केमू की 20 बसें संचालित होंगी। यहां से चलने वाली शटल सेवा का कैंची धाम तक किराया 100 रुपये होगा। वहीं, भवाली-भीमताल के अलग-अलग प्वाइंट्स से शटल सेवा में 40 बसें चलेंगी, जिनका भाड़ा 20 से 30 रुपये है जबकि 10 बसें रिजर्व में रहेंगी जो श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर लगाई जाएंगी। इसी तरह मैक्सी वाहन में शटलिंग पर 50 से 80 रुपये तक का भाड़ा लिया जाएगा। 20 मैक्सी रिजर्व में रहेंगी। जिन्हें जरूरत पड़ने पर शटल सेवा में लगाए जायेगा।

### कैंची धाम स्थापना पर घोषित हो सार्वजनिक अवकाश

**नैनीताल :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने कुमाऊं आयुक्त और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कैंची धाम के स्थापना दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि कैंची धाम का स्थापना दिवस का एक महत्वपूर्ण पर्व है। जिसमें प्रदेश भर के साथ ही विदेश से भी लाखों की संख्या में भक्त मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। सरकारी कर्मचारियों और भक्तों की आस्था को देखते हुए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। मांग करने वालों में प्रांतीय अध्यक्ष विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ भूपाल सिंह करायत, बहादुर सिंह बिष्ट, गिरजेश कांडपाल, गणेश बिष्ट, इसरार बेग शामिल रहे।

# तीन दिन डायवर्ट रहेंगे शहर के मार्ग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कैंची धाम मेले को देखते हुए पुलिस ने तीन दिवसीय डायवर्जन प्लान जारी किया है। शुक्रवार से डायवर्जन प्लान लागू हो जायेगा, जो रविवार तक जारी रहेगा।

पुलिस के मुताबिक हल्द्वानी से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम व अल्मोड़ा जाने वाले वाहन भीमताल मोड़ से वाया भीमताल होते हुए जायेंगे। इसके अलावा बरेली रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले वाहन तीनपानी तिराहे से गौला बाईपास होते हुए नरीमन तिराहा काठगोदाम से अपने गंतव्य को जायेंगे।

रामपुर रोड से नैनीताल जाने वाले वाहन पंचायत घर तिराहे से आरटीओ रोड, हनुमान मंदिर, कालाढूंगी बाईपास से वाया कालाढूंगी नैनीताल में प्रवेश करेंगे। भीमताल, भवाली, कैंची धाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले वाहन रामपुर रोड शीतल होटल तिराहे से डायवर्ट होकर तीनपानी बाईपास, गौला बाईपास होते हुए नरीमन तिराहे पर निकलेंगे। कालाढूंगी रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंचीधाम, अल्मोड़ा जाने वाले वाहन ऊंचापुल, लालडांठ तिराहे से कॉलटैक्स तिराहा होते हुए नरीमन तिराहे पर निकलेंगे। शुक्रवार, शनिवार और रविवार को यात्रा रूट पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित होगा।




### रूट डायवर्जन

- तीनपानी से गौलापार की ओर डायवर्ट होगा बरेली और रामपुर रोड का यातायात
- रामपुर रोड से नैनीताल जाने वाले पंचायत घर से आरटीओ रोड की ओर जायेंगे

### आवश्यक सेवा वाहनों से पुलिस का अनुरोध

पुलिस ने अनुरोध किया है कि अति आवश्यक सेवा वाले वाहन स्वामी आवश्यक वस्तुओं दूध, सब्जी आदि की पूर्ति छोटे व हल्के वाहनों से करें। हल्द्वानी से कैंची धाम जाने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए रोडवेज स्टेशन हल्द्वानी, काठगोदाम और रेलवे स्टेशन हल्द्वानी व काठगोदाम से शटल बस सेवा चलाई जायेगी।



नैनीताल पुलिस लाइन में बैठक के दौरान डीआईजी व एसएसपी। ● अमृत विचार

# भक्तों की सुरक्षा में लगेंगे एक हजार पुलिस कर्मी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कैंची धाम मेले में इस बार रिकॉर्ड भक्तों के पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए न सिर्फ कुमाऊं, बल्कि गढ़वाल मंडल से भी पुलिस बल बुलाया गया है। शुक्रवार (आज) को सुबह 11 बजे से डेढ़ हजार से अधिक पुलिस कर्मी और अधिकारी सड़कों पर दिखाई देंगे। पुलिस शनिवार रात 12 बजे तक तैनात रहेगी।

डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि भारी वाहनों का आवागमन शुक्रवार से ही बंद कर दिया जाएगा। जो भी वाहन अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और बागेश्वर की ओर जायेंगे, वह रामगढ़ मार्ग से गुजरेंगे। डायवर्जन और सुरक्षा के लिए 950 अधिकारी व पुलिस कर्मियों को लगाया गया। उन्होंने बताया कि नैनीताल जिले से 2 एडिशनल एसपी, 3 सीओ, 8 इंस्पेक्टर, 46 सब इंस्पेक्टर, 16 महिला सब इंस्पेक्टर, 343 कांस्टेबल, 50 महिला कांस्टेबल और 12 यातायात पुलिस के जवान होंगे। जबकि रेंज से 3 सीओ, 12 इंस्पेक्टर, 25 सब इंस्पेक्टर, 300 कांस्टेबल, 100 महिला कांस्टेबल और 26 यातायात पुलिस के लोग होंगे। वहीं कुमाऊं के बाहर से 2 एडिशनल एसपी, 2 सीओ और 2 कंपनी व एक प्लाटून पीएसी को मुस्तैद किया गया है। बताया कि शुक्रवार से भारी वाहनों के संचालन पर रोक लगा दी जायेगी। सिर्फ आवश्यक सेवाओं के वाहनों को आने-जाने की अनुमति होगी।

### भीड़ में बुजुर्गों, बच्चों व दिव्यांगों का रखें ख्याल

**नैनीताल :** डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत और एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने पुलिस लाइन में कैंची धाम मेले को लेकर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मित्रता, सेवा और सुरक्षा की परिकल्पना के साथ ड्यूटी करें और मेले में उमड़ने वाली भीड़ के दौरान बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांगों का ख्याल रखें। मंदिर परिसर में एसपी प्रकाश चंद्र को नोडल अधिकारी तथा पार्किंग, शटल, रूट व डायवर्जन व्यवस्था का प्रभारी एसपी हरबंस सिंह को नियुक्ति किया है। सादे वस्त्रों में एलआईयू, डॉग स्क्वाड, बम डिस्पोजल व एसओजी चप्पे-चप्पे पर निगरानी करेगी।

# बचाव के तरीके तलाश रहा पटवारी, शह दे रहे अधिकारी

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गलत रिपोर्ट लगाकर सिंचाई विभाग की भूमि पर खड़ा हरा पेड़ कटवाने वाला पटवारी अपने बचाव के तरीके तलाश रहा है और अधिकारी उसे शह दे रहे हैं। वजह यह कि घटना को 27 दिन गुजर चुके हैं और मामला आईने की तरह साफ होने के बाद भी अधिकारी पटवारी के खिलाफ कार्रवाई से कतरा रहे हैं।

बीती 17 मई को तीनपानी स्थित अर्जुनपुर ग्राम सभा के हरिपुर पूर्णानंद गांव में सड़क किनारे खड़ा सेमल का वर्षों पुराना पेड़ काटा जाने लगा। इसकी भनक अधिकारियों को लगी तो लगभग आधा कट चुके पेड़ को पूरा कटने से रोक लिया गया। वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और कटे पेड़ पर एक स्लोगन लिख दिया कि बिना अनुमति लड़की न उठाई जाए। जांच की गई तो पता लगा कि जिस पेड़ को काटा जा रहा था वह सिंचाई विभाग की जमीन पर खड़ा है। जांच आगे बढ़ी तो सामने आया की वहीं स्थित एक भूमि स्वामी ने तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर पेड़ काटने की अनुमति मांगी थी। इस पत्र पर खसरा संख्या नहीं लिखी थी, बावजूद इसके अनुमति दे दी गई और आधार पटवारी की उस रिपोर्ट को बनाया गया। जिसमें उसने पेड़ कृषक की भूमि पर होना बताया था। कभी तहसीलदार सचिन कुमार पटवारी के खिलाफ रिपोर्ट तैयार करने की बात कहते हैं तो कभी एसडीएम कार्रवाई का दावा करते हैं। हालांकि 27 दिन गुजर जाने के बावजूद अधिकारी कार्रवाई नहीं कर सके हैं।

### मामला

- गलत रिपोर्ट लगाकर कटवा दिया था सेमल का खड़ा पेड़
- 27 दिन गुजर जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं कर पा रहे अधिकारी

### हरे पेड़ों के कटान पर रोक लगाने की मांग

**कालाढूंगी :** अधिवक्ताओं व स्थानीय लोगों ने हरे पेड़ों के कटान पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में एसडीएम के माध्यम से सीएम व वन मंत्री को ज्ञापन भेजा है। कालाढूंगी पशु चिकित्सालय के जर्जर भवन के लिए शासन ने एक करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। नये भवन निमार्ण के लिए चिकित्सालय के 17 पेड़ों को कटान के लिए चिन्हित किया गया है। लोगों ने एसडीएम रेखा कोहली से पेड़ों के कटान पर रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान अधिवक्ता खीम सिंह बोरा, गोपाल बिष्ट, तारा पांडे, विनय जोशी, पुष्कर सिंह, संदीप, प्रमोद मौजूद रहे।

# पेड़ पर लटका मिला आईटीबीपी का जवान

**हल्दूचौड़/लालकुआं :** गौला रेंज के जंगल में एक पेड़ पर आईटीबीपी (भारत तिब्बत बॉर्डर पुलिस) के जवान का शव लटका मिला। गुरुवार की दोपहर वन कर्मियों ने हिरण बाबा मंदिर के पीछे पेड़ की टहनी पर युवक का शव लटकता हुआ देखा। उन्होंने घटना की सूचना लालकुआं कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरेंद्र सिंह नेगी एवं अन्य पुलिस कर्मियों ने मृतक के संबंध में आसपास पूछताछ की। जिस पर मृतक की पहचान चंदन कुमार (26) पुत्र किशन राम मूल निवासी गणाई-गंगोली पिथौरागढ़ हाल के रूप में हुई। मृतक आईटीबीपी का जवान है। पुलिस ने आईटीबीपी की बटालियन को घटना की सूचना देने के साथ ही छानबीन शुरू कर दी है।

# 20 जून तक अवश्य कराएं राशन कार्ड की केवाईसी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल जिले में जिन राशन कार्ड धारकों ने केवाईसी (सत्यापन) नहीं कराई है, वह शीघ्रता से करवा लें। 20 जून तक प्रत्येक कार्ड धारक को केवाईसी करानी अनिवार्य है। केवाईसी नहीं कराने पर राशन मिलना बंद हो जाएगा। साथ ही कार्ड निरस्त कर दिया जाएगा।

पूर्ति विभाग के अधिकारियों के अनुसार केंद्र सरकार की खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्राथमिक परिवार श्रेणी (सफेद), अंत्योदय कार्ड (लाल) व राज्य खाद्य योजना के तहत बने पीले कार्ड धारकों को केवाईसी करानी अनिवार्य है। जिन लोगों की केवाईसी नहीं हुई है, उनकी सूची राशन विक्रेताओं को दे दी गई है। हल्द्वानी विकासखंड में करीब 30 हजार राशन कार्ड धारकों ने अब तक केवाईसी नहीं कराई है। पूर्ति निरीक्षक जगमोहन नेगी ने कहा कि केवाईसी नहीं होने पर राशन की दुकान पर बायोमेट्रिक सत्यापन भी नहीं हो पाएगा, जिससे उन्हें राशन मिलना बंद हो जाएगा। केवाईसी के लिए कार्ड धारक को कार्ड में दर्ज सभी परिजनों के आधार कार्ड की फोटो कॉपी देनी है। वह पूर्ति विभाग कार्यालय में आकर केवाईसी करवा सकते हैं।

### काम की खबर

- राशन मिलना हो जाएगा बंद व कार्ड भी होगा निरस्त
- 30 हजार कार्ड धारकों ने नहीं कराई है केवाईसी

# पेड़ कटान से हाईवे पर लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वन निगम की मनमानी का खामियाजा गुरुवार को लोगों को उठाना पड़ा। बिना पुलिस को भरोसे में लिए वन निगम के अधिकारियों ने काठगोदाम में पेड़ का कटान शुरू करा दिया। जिससे दो किलो मीटर से लंबा जाम लग गया। एक घंटे से अधिक समय तक लोग भीषण गर्मी के बीच जाम में फंसे रहे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कटान रुकवाया, जिसके बाद जाम खुला।

नरीमन चौराहे से काठगोदाम रेलवे स्टेशन तक सड़क चौड़ीकरण होना है। सड़क चौड़ीकरण की जद में करीब 10 पेड़ आ रहे हैं। गुरुवार को वन निगम ने पुलिस को बिना बताए पेड़ काटना शुरू कर दिया। एक के बाद एक कटे तीन पेड़ सड़क पर गिरे तो जाम लग गया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर दो-दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सूचना पर काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा मौके पर पहुंचे तो उन्होंने वन निगम के अधिकारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई।

कहा कि जब तक कैंची धाम मेला समाप्त नहीं होता, तब तक पेड़ों का कटान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पेड़ काटने से पहले पुलिस को बताना चाहिए था। जिसके बाद रास्ते से पेड़ों को हटाकर जाम खुलवाया गया।



काठगोदाम से चित्रशिला घाट तक लगा लंबा जाम। ● अमृत विचार

### परेशानी

- पुलिस को बताए बिना पेड़ काटने से बाधित हुआ यातायात
- एक घंटे तक लगा जाम, तीन दिन तक पेड़ का कटान रोका

# जोशीमठ को उजाड़ना चाहती है सरकार: आर्य

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने जोशीमठ का नाम बदलने पर प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लिया है। कहा कि सरकार जोशीमठ के आपदा प्रभावितों को उजाड़ना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रभावितों को राहत देने में नाकाम रही है, इसलिए शहर का नाम बदलकर अपनी नाकामी छुपाना चाहती है।

जारी बयान में यशपाल आर्य ने कहा कि जोशीमठ आपदा के 18 माह बाद भी प्रभावित लोगों के हालात नहीं बदले हैं। सीमांत चमोली के इस ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक शहर को बचाने, प्रभावितों के पुनर्वास और विस्थापन के लिए सरकार ने कोई काम नहीं किया है। कहा कि सरकार ने 192 परिवारों को मुआवजा तो दिया, लेकिन जिस जमीन पर वे मकान बने थे अभी तक उस जमीन के मुआवजे का रेट तय नहीं किया है। आर्य ने कहा कि एनटीपीसी परियोजना के कारण ही जोशीमठ शहर खतरे में आया था, क्योंकि परियोजना के इस हिस्से में काम बंद होने के बाद जोशीमठ का भू-धंसाव लगभग रुक गया है। सरकार ने शहर के नीचे बन रहे हेलंग-मारवाड़ी बाईपास का काम भी बंद नहीं किया है। सरकार के निर्णयों से ऐसा लगता है कि वह जोशीमठ शहर को पूरी तरह से उजाड़ कर परियोजनाओं और सेना के लिए आरक्षित करना चाहती है।

# 20 जून तक प्रवेश शुल्क जमा कराएं छात्र-छात्राएं

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक हुई। बैठक में प्राचार्य ने बताया कि मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद महाविद्यालय में ऑफलाइन प्रमाण पत्र जमा करने वाले सभी छात्र 20 जून तक अपना प्रवेश शुल्क जमा करा सकते हैं। इसके अलावा स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र समर्थ पोर्टल पर 14 जून तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। महाविद्यालय की ओर से 15 जून को द्वितीय प्रतीक्षा सूची वेबसाइट पर जारी की जाएगी। ऑफलाइन प्रमाण पत्रों का सत्यापन व शुल्क जमा 15 से 20 जून तक किया जायेगा।

पुण्यतिथि

### कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री की तृतीय पुण्यतिथि पर हुई सभा में कांग्रेस, भाजपा के नेता समेत आमजन ने भी दी श्रद्धांजलि

# कुमाऊं ने आयरन लेडी डॉ. इंदिरा हृदयेश को याद किया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. इंदिरा हृदयेश की तृतीय पुण्यतिथि पर कांग्रेस-भाजपा समेत राजनैतिक और गैरराजनैतिक प्रमुख लोगों के साथ ही जन सामान्य ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

डॉ. इंदिरा हृदयेश की पुण्यतिथि पर गुरुवार को नैनीताल रोड स्थित होटल परिसर में श्रद्धांजलि सभा हुई। श्रद्धांजलि सभा में सबसे पहले शांति पाठ हुआ। फिर उनके पुत्र विधायक सुमित हृदयेश ने पत्नी मोनिका, बेटे लक्ष्य व बेटी आत्मिका शर्मा के साथ डॉ. इंदिरा हृदयेश के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सुमित ने मां की स्मृतियां लोगों के साथ साझा कीं। उन्होंने कहा कि सिर्फ हल्द्वानी ही नहीं बल्कि समूचा उत्तराखंड उनके हृदय में बसता था। वह सदैव उत्तराखंड को अग्रणी राज्य बनाने के लिए तत्पर रहीं। उन्होंने राज्य व हल्द्वानी को आगे बढ़ाने हजारों विकास काम किए। अब उन्हें अपनी मां का सपना पूरा करना है। सभा में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि डॉ. इंदिरा हृदयेश को विधानसभा सदन की कार्यवाही व तकनीकी जानकारियां थीं, इसका लाभ पक्ष-विपक्ष के अन्य विधायकों को भी मिलता था। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि इंदिरा दीदी लोनिवि मंत्री बनी थीं, तब पूरे राज्य में सड़कों का जाल बिछा दिया। किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने उन्हें याद करते हुए कहा कि विधानसभा में उनसे बहुत कुछ सीखा। वरिष्ठ नेता कांग्रेस नेता पुष्कर राज जैन ने कहा कि पूरे क्षेत्र के लिए उन्होंने जो काम किए, उन्हे हमेशा याद रखा जाएगा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि वह आमजन से बहुत ही सरलता से मिलती थीं। नैनीताल संसदीय सीट से प्रत्याशी रहे प्रकाश जोशी ने कहा कि डॉ. इंदिरा ने हल्द्वानी के लिए जो सपने देखे थे, उनको अब उनके बेटे सुमित हृदयेश पूरा कर रहे हैं। उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि डॉ. इंदिरा ने पूरे उत्तराखंड में जो विकास किए, इसलिए ही उन्हें विकास की देवी कहा जाता है। इस दौरान अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी, जसपुर विधायक आदेश चौहान, ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर, पूर्व विधायक गोविंद सिंह कुंजवाल, हरीश चंद्र दुर्गापाल, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, मदन मोहन जोशी, हेमेश खर्कवाल, दीपक बल्यूटिया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, गजराज बिष्ट, नारायण पाल, सुमित्रा प्रसाद, हेमंत बगडवाल, आनंद शर्मा, शोभा बिष्ट, वरुण प्रताप सिंह भाकुनी, समित टिक्कू, मोहन पाल, राहुल छिमवाल आदि मौजूद रहे।



डॉ. इंदिरा हृदयेश को श्रद्धांजलि अर्पित करते उनके पुत्र विधायक सुमित हृदयेश, साथ में किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट व अन्य।

# उष्ण लहर से असहनीय हुई गर्मी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उष्ण लहर की वजह से गर्मी और भी तेज पड़ रही है। दिन के समय गर्म हवाएं चल रही हैं। साथ ही धूप भी तेज निकल रही है। गर्मी से फिलहाल कुछ दिनों तक राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

हल्द्वानी में गुरुवार को दिन के समय गर्म हवाएं चलीं। साथ ही धूप भी काफी तेज निकली। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उष्ण लहर और तेज धूप 16 जून तक बनी रहेगी। 17 जून से मौसम में बदलाव होने की संभावना है। मानसून बंगाल की खाड़ी से चलने के बाद बिहार में धीमा पड़ गया है। जिस वजह से उत्तराखंड में मानसून समय से एक सप्ताह देरी से यानी 28 से 29 जून तक पहुंचेगा। 22 जून से प्री मानसून की बारिश हो सकती है। पहाड़ों में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा चल रहा है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस और अल्मोड़ा में 35.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। दोनों जगहों में अधिकतम तापमान सामान्य से चार से छह डिग्री ज्यादा है।



हल्द्वानी में भीषण गर्मी के दौरान चेहरा ढककर जातीं युवतियां। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


रामनगर महाविद्यालय में प्राचार्य के साथ एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार

### पीएनजी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने जीते मेडल

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की 24 यूके गर्ल्स बटालियन एनसीसी इकाई का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर जवाहर नवोदय विद्यालय सुयालबाड़ी में सम्पन्न हुआ। कमान अधिकारी कर्नल एमके कांडपाल ने शिविर में महाविद्यालय की कैडेटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। बता दें कि एनसीसी छात्रा इकाई ने सीएटीसी कैंप में शानदार प्रदर्शन कर कई पदक भी जीते। एकल गीत में अंजली गोस्वामी को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। वालीबॉल में साक्षी बुडाकोटी, लता मनराल, तनुजा जोशी, अनामिका, अंजली रावत, आकांक्षा बिष्ट ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। महाविद्यालय लौटने पर प्राचार्य प्रो.एमसी पाण्डे ने सभी कैडेटों को बधाई दी। एएनओ लेफ्टिनेंट कृष्णा भारती व लेफ्टिनेंट डी.एन. जोशी ने सभी कैडेटों को भारतीय सेना में भर्ती होकर राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।

### प्रसिद्ध कारोबारी उमेश पाठक नहीं रहे


उमेश पाठक।

**रामनगर :** नगर के प्रतिष्टित व्यापारी एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के संरक्षक उमेश पाठक का निधन हो जाने से नगर में शोक की लहर दौड़ गयी। 74 वर्षीय उमेश पाठक अपने पीछे दो पुत्रियों एक पुत्र एवं नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। हसमुख एवं मिलनसार उमेश पाठक समाजिक कार्यों के साथ सोशल मीडिया में भी काफी सक्रिय रहते थे। उनकी शव यात्रा में नगर के अनेक व्यापारियों ने शामिल होकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। उनकी चिता को उनके पुत्र आकाश पाठक ने मुखाग्नि दी।

### पेड़ों पर ठोके गए बोर्ड और फ्लैक्स को हटाया जाए


दीपक नौगांई।

**भीमताल :** एक ओर सरकार हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण कर जन जागरूकता अभियान चला रही है। वहीं दूसरी ओर कुछ लोग अपने संस्थानों के विज्ञापन बोर्ड लगाकर सड़क किनारे लगे इन पेड़ों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पर्यावरण प्रेमी शिक्षक दीपक नौगांई कहते हैं कि कुछ लोग निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए इन हरे पेड़ों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। नैनीताल और भीमताल मार्ग पर मौजूद पेड़ों पर शिक्षण संस्थाओं, कंप्यूटर सेंटर, होटल, रिसोर्ट आदि के बोर्ड और फ्लेक्स लगे देखे जा सकते हैं। इन्हें लगाने के लिए न केवल पेड़ों पर कीले ठोकी गई हैं बल्कि कई जगहों पर तारों से बांधकर प्रचार सामग्री लगाई गई है।

### कीटनाशक दवा का छिड़काव किया

**लालकुआं :** सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल के अधिकारियों ने मलेरिया विभाग के साथ मिलकर क्षेत्र की विभिन्न श्रमिक बस्तियों में बरसात के मौसम के दौरान फैलने वाली संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ ही क्षेत्र में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी किया। आगामी बरसात के दौरान क्षेत्र में फैलने वाली चिकनगुनिया, डेंगू मलेरिया बीमारियों के बचाव एवं रोकथाम के लिए क्षेत्र की श्रमिक बस्तियों राजीव नगर बंगाली कॉलोनी, बजरी कंपनी, हाथीखाना एवं 25 एकड़ क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाया, जिसके तहत लोगों को जागरुक करते हुए उन्हें बरसात के मौसम में घर में साफ सफाई रखने, कूलर में अधिक दिन का पानी एकत्र न करने, घरों की छतों में पानी एकत्र न करने एवं बासी खाने से परहेज करने समेत विभिन्न बातों को समझाते हुए उन्हें जागरूक किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनोज काण्डपाल और सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल के महाप्रबंधक नरेश चन्द्रा ने क्षेत्र वासियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सुनते हुए उन्हें उचित परामर्श के साथ ही पोस्टर व पम्पलेटों के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर जागरूक किया गया।

### लगातार गिरते जल स्तर पर चिंता व्यक्त की

**कालाढूंगी :** जल संरक्षण महोत्सव को लेकर गुरुवार को विकासखंड कोटाबाग सभागार में बैठक हुई। इसमें क्षेत्र में लगातार गिर रहे जल स्तर पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में 56 ग्राम सभाओं के 2 ग्राम प्रधान व मात्र एक क्षेत्र पंचायत सदस्य ने बैठक में मौजूद रहे। ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष हीरा बल्लभ बधानी ने कहा बैठक में अधिकारी व कुछ स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। बैठक में ग्राम प्रधान मदन बजवाल, क्षेपंस विरेन्द्र कुमार, जल संस्थान व जल निगम के जेई धीरज मेहता, अजीत बिष्ट, विनोद, शिश पाल मौजूद रहे। खंड विकास अधिकरी रमेश भट्ट ने कहा सभी को बैठक की सूचना दी गयी थी।

### भुजान-रिची मार्ग पर ठीक से पेंचवर्क न करने का आरोप

**गरमपानी :** केंद्र व राज्य सरकार सड़कों के सुधार को लगातार बजट उपलब्ध करा रही है बावजूद सड़कों की हालत में सुधार नहीं हो रहा। इसका प्रमुख कारण भारी बजट के बावजूद सड़कों पर गुणवत्ताविहीन कार्य होना है। तमाम गांव को जोड़ने वाले भुजान - रिची मोटर मार्ग पर पेंचवर्क के कार्य में सड़क किनारे बिखरे बड़े-बड़े पत्थर डाले जाने से गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। भाजपा मंडल महामंत्री सुनील मेहरा ने मामले की जांच की मांग उठाई है। साफ कहा की गुणवत्ताविहीन कार्यों से सरकार की छवि धूमिल की जा रही है। ग्रामीण सड़कों की हालत में सुधार न हो पाना गुणवत्ताविहीन कार्य किया जाना है। भारी भरकम बजट होने के बावजूद गुणवत्ता से खुला खिलवाड़ किया जा रहा है।

### वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम नैनवाल को मातृ शोक



**रामनगर :** बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व सचिव प्रेम नैनवाल की माता प्रभा देवी नैनवाल पत्नी स्व. चंद्र बल्लभ नैनवाल (97) वर्ष का बुधवार रात देहांत हो गया। रामनगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी की अध्यक्षता एवं गणेश कुमार गगन के संचालन में शोक सभा में दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। इस दौरान सभी अधिवक्ता अवकाश पर रहे। बार कक्ष में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी, गणेश कुमार गगन, अरुण रौतेला, धर्मेंद्र अग्रवाल, विक्रम भट्ट, शोभित कश्यप, जावेद अख्तर, बालम सिंह बिष्ट, एमएस मेहता, दीप्ती भारद्वाज, ललित मोहन जोशी, जगतपाल सिंह रावत, मनोज अग्रवाल, राशिद खान, सलीम खान, निसारूद्दीन, रवि तिवारी, अस्वनी लटवाल मौजदू रहे।

### जान हथेली पर रखकर आवाजाही बनी मजबूरी

**गरमपानी :** बेतालघाट व रामगढ़ ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में बने मोटर मार्ग बदहाली का दंश झेल रहे है जगह जगह दुर्घटना का खतरा मुंह उठाए खड़ा है बावजूद जिम्मेदार अफसरानों की नींद नहीं टूट रही। गांव के बाशिंदे जान जोखिम में डाल आवाजाही को मजबूर हो चुके हैं। ऐसा नहीं की मोटर मार्गों की दुर्दशा का मामला उठाया नहीं जाता। पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण समय समय पर बदहाल सड़कों का मुद्दा भी उठाते हैं पर हमेशा आश्वासन देकर लोगों को शांत कर दिया जाता है। ग्रामीण सड़कों पर दुर्घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है। ओखलकांडा व बेतालघाट में हुई दुर्घटना ने आमजन को झकझोर कर रख दिया है। कांग्रेसी नेता कृपाल सिंह मेहरा, शेखर दानी, सुनील मेहरा, पंकज भट्ट, पंकज नेगी, गजेन्द्र सिंह नेगी, गोविन्द सिंह, अनिल बुधलाकोटी आदि ने ग्रामीण सड़कों की दुर्दशा पर रोष जताया है। मार्गों की हालत में सुधार न होने पर बड़ी घटना का अंदेशा जताया है।

### घंघरेटी गांव में पानी की बूंद-बूंद को हाहाकार

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक के घंघरेटी गांव में पेयजल संकट गहराने से ग्रामीण परेशान हैं। जल जीवन मिशन का कार्य तक अधूरा है। हालात इतने खराब हैं कि अब तक कई परिवारों के घरों तक कनेक्शन तक ही नहीं हो सके हैं। गांव के ग्राम प्रधान को ही खुद कनेक्शन का इंतजार है। गांव के बाशिंदों ने विभागीय अधिकारियों की लापरवाही पर बैठक कर रोष जताया। गांव के बाशिंदे लंबे समय से पेयजल आपूर्ति दुरुस्त करने तथा जेजेएम योजना का कार्य पूरा करने की मांग उठा रहे हैं बावजूद सुध नहीं ली जा रही। ग्राम प्रधान कुंदन नेगी की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने बैठक कर विभागीय अधिकारियों पर गांव की उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाया। ग्राम प्रधान कुंदन नेगी ने कहा की गांव के बाशिंदे बूंद-बूंद पानी को तरस रहे पर ध्यान नहीं दिया जा रहा।

# वनाग्नि जैसी चुनौतियों में महिलाएं निभा सकती हैं अपनी अहम भूमिका : राज्यपाल

## राज्य के आईएफएस अधिकारियों की कार्यशाला में बोले लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह

संवाददाता, रामनगर


रामनगर में अधिकारियों को सम्बोधित करते राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने गुरुवार को वन विभाग की ओर से आयोजित उत्तराखण्ड में सरंक्षण और समुदाय सद्भाव का एक प्रमाण विषय पर कार्यशाला का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने कहा कि वन एवं वन्य जीव से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए जन सहभागिता जरूरी है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की महिलाएं वनाग्नि से जुड़ी चुनौतियों के समाधान में अहम भूमिका निभा सकती हैं। चिपको आंदोलन का जिक्र कर राज्यपाल ने कहा कि जिस प्रकार महिलाओं ने चिपको आंदोलन चलाकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, इसी प्रकार वनाग्नि से जुड़ी चुनौतियों के समाधान हेतु वे क्रांति ला सकती हैं। राज्यपाल ने बदलते सामाजिक परिपेक्ष्य में मानव वन्यजीव संघर्ष निवारण, वनाग्नि प्रबंधन एवं इको टूरिज्म से आजीविका संवर्धन जैसे मुद्दों से संबंधित विविध विषयों पर वक्तव्य देते हुए इन विषयों पर विभागीय प्रयासों को सराहा। डॉ. धनंजय मोहन, प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखण्ड द्वारा जानकारी दी गई कि प्रदेश में सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से, बाघों की आबादी 178 से बढ़कर 560 हो गई है और पक्षी विविधता 710 प्रजातियों के साथ विकसित हुई है। इस दौरान महातिम यादव तथा गजेन्द्र पाठक, फार्मासिस्ट अल्मोड़ा द्वारा वनाग्नि प्रबंधन पर नवोन्वेषी कार्य और सामुदायिक सहभागिता पर प्रस्तुतिकरण दिया। उपनिदेशक दिगांथ नायक द्वारा उत्तराखंड में इकोटूरिज्म पर आधारित नवोन्वेषी कार्य के सम्बन्ध में सामुदायिक सहभागिता पर प्रस्तुतिकरण कर छोटी हलद्वानी में समुदाय आधारित इकोटूरिज्म का केस अध्ययन और इसके परिणामों को साझा किया गया। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक, गढ़वाल; पीके पात्रो, मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं, डॉ. धीरज पाण्डेय, फील्ड डायरेक्टर, कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व, डॉ. विनय भार्गव, वन संरक्षक पश्चिमी वृत्त, डॉ. कोको रोसे, वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊं वृत्त, टीआर बीजू लाल, वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊं वृत्त, प्रभागीय वनाधिकारी अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, रामनगर, उप निदेशक राजाजी टाइगर रिजर्व एवं सहायक वन संरक्षक आदि मौजूद रहे।

### कार्बेट के प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर राज्यपाल हुए अभिभूत

**रामनगर :** अपने दो दिनी कार्बेट में प्रवास के दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने गुरुवार को जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में सफारी की। भ्रमण के दौरान उन्होंने खुले आसमान के नीचे कुलाचे भरते हिरनों के झुंड, मदमस्त घूमते हाथियों के झुंड के अलावा बाघ के भी दर्शन किए। भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने कहा वन्यजीवों एवं पक्षियों की प्रजातियों के लिए कार्बेट पार्क अपने आप में अद्भुत है। उन्होंने कहा कि वन्यजीव प्रेमियों के लिए रोमांचकारी जंगल सफारी डेस्टिनेशन के रूप में जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क वन्य जीवन की अद्भुत दुनिया है। यहां हरे-भरे जंगल, शांत वातावरण और वन्य जीवों के दृश्य सब कुछ मंत्रमुग्ध कर देने वाला रहा। राज्यपाल ने कहा कि वन एवं वन्य जीव उत्तराखंड की अमूल्य संपदा हैं, इन्हें संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस समृद्ध संपदा को संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए, जिससे हमारी देवभूमि और समृद्ध होगी। राज्यपाल के साथ उनकी पत्नी के अलावा प्रमुख वन्य जीव प्रतिपालक उत्तराखण्ड समीर सिन्हा, कार्बेट के निदेशक डॉ. धीरज पांडे समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

### गुरु दिवस व्याख्यान माला का समापन

**रामनगर, अमृत विचार :** पीएनजी राजकीय महाविद्यालय रामनगर के रसायन विज्ञान विभाग की ओर से आनलाइन गुरु दिवस व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बनारस विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर एवं वर्तमान में प्रोफेसर अमेरिटस, डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री, सिद्धार्थ यूनिवर्सिटी कपितलवस्तु सिद्धार्थ नगर ने मेंबरान सिपरेशन टेक्नोलॉजी इन वॉटर ट्रीटमेंट करंट डेवलपमेंट एंड फ्यूचर अपॉर्च्युनिटीज इन इंडिया विषय पर व्याख्यान दिया।

प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पाण्डे ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रोफेसर जगमोहन सिंह नेगी, डॉ.नवभा जोशी, डॉ.मनोज कुमार नैनवाल, डॉ.अनुराग श्रीवास्तव, डॉ.दीपक खाती और डॉ.प्रकाश बिष्ट आदि का विशेष सहयोग रहा।

### घर के अहाते से खड़ी बाइक चोरी

**रामनगर, अमृत विचार :** रात में चोर एक व्यक्ति की घर के अहाते खड़ी बाइक चुराकर ले गए। मो. इमरान पुत्र शफीक अहमद निवासी मोहल्ला भवानीगंज काशीपुर रोड रामनगर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी बाइक रोज की तरह 15 जून की रात को घर के अहाते खड़ी की थी, लेकिन सुबह उठकर देखा तो मोटर साइकिल उस स्थान पर नहीं थी। रात के अंधेरे में बाइक को अज्ञात लोगों ने चुरा लिया। मामले में पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# इंदिरा हृदयेश को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**स्मरण**

- वक्ताओं ने विकास में अहम भूमिका निभाने वाला बताया
- दलगत राजनीति से दूर रहने वाली नेत्री थीं इंदिरा

संवाददाता, भीमताल


भीमताल में पूर्व कैबिनेट मंत्री को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मिनी स्टेडियम मल्लीताल भीमताल के समीप एकत्र होकर पूर्व कैबिनेट मंत्री, पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्वर्गीय डॉ. इंदिरा हृदयेश की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने उत्तराखंड के विकास में अहम भूमिका निभाते हुए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हमेशा विकास कार्य को प्राथमिकता दी।

इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चुनौतियां, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरव रौतेला, जिला उपाध्यक्ष आशा आर्य, वरिष्ठ कांग्रेसी बिपिन चंद्र सनवाल, नगर महिला अध्यक्ष हेमा परगाईं, जिला उपाध्यक्ष यूथ कांग्रेस नीरज कुमार, रामपाल सिंह गंगोला, गोपाल दत्त पलड़िया, दीवान राम, रीना आर्य, गुंजन रौतेला, मनोज आर्या, शुभम नैनवाल आदि मौजूद थे।


बीडी पांडे अस्पताल में फल वितरित करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### मरीजों और तीमारदारों को फल वितरित किए

**नैनीताल, अमृत विचार :** पूर्व काबीना मंत्री इंद्रा हृदयेश की पुण्यतिथि पर गुरुवार को निवर्तमान पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी के सहयोग से जिला चिकित्सालय बीडी पांडे में मरीजों व उनके तीमारदारों के बीच फल वितरण किया गया। इंद्रा हृदयेश के बताए गए मार्ग पर चलने का प्रण लिया गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मुन्नी तिवारी, महिला नगर अध्यक्ष भावना भट्ट, सरस्वती खेतवाल, कुंदन बिष्ट, संजय कुमार, जीनू पांडे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



रामनगर में इंदिरा हृदयेश को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने किया इंदिरा हृदयेश को नमन

**रामनगर :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड की पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय इंदिरा हृदेश की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा ने कहा कि अपने कार्यकाल में स्व. हृदेश ने उत्तराखंड के विकास की बुनियाद रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, धीरज उपाध्याय, उमाकांत ध्यानी, मो. मुजीब, सुमित तिवारी आदि मौजूद रहे।

# कालागढ़ कॉलोनी के लोगों को हाथियों से बचाएगा गश्ती दल

संवाददाता, रामनगर


अधिकारियों एवं ग्रामीणों की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की सीमा से निकलकर कालागढ़ कॉलोनी में उत्पात मचाने वाले जंगली हाथियों को रोकने के लिए वन विभाग ने विशेष गश्ती दल का गठन किया है। कॉलोनीवासियों को कॉलोनी में पेड़ों पर लगे आम तत्काल तुड़वाने के निर्देश दिए हैं। कॉलोनी में जंगली हाथियों के उत्पात की शिकायत के बाद कार्बेट टाइगर रिजर्व एवं उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम के अधिकारियों के साथ हाथियों से सुरक्षा के लिए बैठक की।

वन विश्राम भवन कालागढ़ में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कालोनी की सुरक्षा के लिए वन विभाग के कर्मचारियों की दो टीमों का गठन किया जाएगा। जिनमें प्रातःकालीन पारी में गनमैन सहित 6 एवं रात्रि पारी में गनमैन सहित 8 सदस्य होंगे। टीम नियमित रूप से कालोनी क्षेत्र में गश्त कर जनमानस की हाथी से जानमाल की सुरक्षा हेतु निगरानी करेंगे। वनक्षेत्र में वाटर होल में पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जिनको वन क्षेत्राधिकारी, कालागढ़ द्वारा प्रति दिन टैंकर से भरवाया जाता है। जिससे वन्यप्राणी अपनी प्यास बुझाते हैं। हाथी भी इस पानी से प्यास बुझाकर कालोनी क्षेत्र में फलों से लदे पेड़ों के फलों को खाने के उद्देश्य से कालोनी क्षेत्र में आ जाते हैं।

हाथी इन पेड़ों से आम आदि फल खाकर वापस चले जाते हैं। जिनको वन विभाग की टीम भी रोकने की कोशिश भी करती है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कालोनी क्षेत्र के समस्त कालोनीवासी अपने-अपने घरों में खड़े आम के पेड़ों के आम तुड़वाने का कार्य शीघ्र करेंगे। जिससे हाथी इस ओर आकर्षित न हो सकें। बैठक में उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम के अधिकारियों द्वारा भी जंगली जानवरों से कालोनीवासियों की जानमाल की सुरक्षा के स्थाई समाधान के लिए वन विभाग से अनुरोध किया गया। बैठक में एसडीओ कालागढ़ डॉ. शालिनी जोशी, अधिशासी अभियंता, उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम संजीव मेहरा, वनक्षेत्राधिकारी, कालागढ़ रेंज, नन्दकिशोर रूबाली, एसडीओ जल विद्युत निगम तनवीर अहमद, नन्दन सिंह अधिकारी, जेई सतेन्द्र सिंह, चन्द्रशेखर, अरविन्द सिंह शामिल रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

जोशी क्लीनिक

डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन
(उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)

1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा


2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)

Cupping Therapy

रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

# भाखड़ा के जंगलों में लगी भीषण आग, गांवों तक पहुंची

## रामपुर रोड स्थित हरिपुर जमन सिंह और चांदनी चौक गरवाल से सटे जंगलों में आग लगने से ग्रामीणों में मचा हाहाकार, बमुश्किल पाया काबू

**वनाग्नि**

- ग्रामीणों के खेतों और आबादी तक पहुंची आग
- सागौन, शीशम समेत बेशकीमती वन संपदा जलकर हुई नष्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पहाड़ के बाद भाबर में वनाग्नि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। गुरुवार को वनाग्नि जंगल से सटे गांवों तक पहुंच गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी और आग बुझाने में जुट गए। बाद में वन विभाग समेत चार पानी के टैंकर मौके पर पहुंचे और पांच घंटे बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया।

गुरुवार को दोपहर एक बजे तराई केंद्रीय वन डिवीजन की भाखड़ा रेंज के अंतर्गत गन्ना सेंटर के समीप हरिपुर जमन सिंह चांदनी चौक गरवाल गांवों से सटे जंगलों में आग लग गई। दोपहर में पारा बढ़ने के साथ ही आग भी विकराल होती गई। ग्रामीणों ने धुआं निकलता देखा तो उन्हें वनाग्नि का पता चला। जब तक वे कुछ समझ पाते आग ग्रामीणों के खेतों और आबादी तक पहुंच गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीणों ने खुद भी मिट्टी और पानी फेंककर आग बुझाने की कोशिश की। सूचना पर भाखड़ा रेंज से वन कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। बाद में आग का विकराल रूप देखकर उन्होंने वन विभाग और दमकल विभाग से पानी के टैंकर मंगाए। दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं हो सका। बाद में दो निजी टैंकर मंगाए गए, तब कहीं जाकर पांच घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। इधर, वनाग्नि में कई हेक्टेयर में लगे सागौन, शीशम के वृक्ष समेत बेशकीमती वन संपदा जलकर नष्ट हो गई। वन विभाग से वनाग्नि से नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।


आग से धधकता भाखड़ा रेंज का जंगल। ● अमृत विचार

### आग बुझाने पहुंचे, लेकिन कोई उपकरण नहीं

**हल्द्वानी :** भीषण आग बुझाने पहुंचे कर्मियों के पास उपकरण के नाम पर सिर्फ डंडा था। उन्होंने ग्रामीणों से भी मदद करने को कहा। वन कर्मचारियों के पास मोबाइल अग्निरोधी उपकरण, आग से बचाव के लिए जरूरी बूट, ड्रेस वगैरह नहीं थी। इसको लेकर उनमें आक्रोश भी दिखाई दिया।

> भाखड़ा रेंज के जंगलों में आग लग गई थी। वन विभाग, दमकल और निजी टैंकरों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। आग में वन संपदा नष्ट हो गई है।
> **-उमेश चंद्र तिवारी**, डीएफओ तराई केंद्रीय वन डिवीजन

# चिंता: वनाग्नि से पहाड़ों में तेजी से बढ़ रहा है तापमान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वनाग्नि उत्तराखंड के जंगलों की बड़ी समस्या है। हर वर्ष वनाग्नि से पर्यावरण को नुकसान होता है। इस समय उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र गर्मी से तप रहे हैं। वहीं पहाड़ों में भी सामान्य से ज्यादा तापमान चल रहा है। वैज्ञानिकों की माने तो वनाग्नि की वजह से उत्तराखंड में तापमान बढ़ रहा है। तापमान को रोकना है तो वनाग्नि को रोकना होगा।

राज्य के मैदानी इलाकों में इन दिनों तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक चल रहा है। मई माह में करीब 10 बार और जून माह में अभी तक चार बार मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा है। अभी तक 15 से ज्यादा बार लू चल चुकी है। जबकि पहले उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में औसतन छह से सात बार ही लू चलती थी। पहाड़ी इलाकों में भी तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। ठंड के लिए प्रसिद्ध मुक्तेश्वर में कई बार पारा 30 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है। अल्मोड़ा में भी तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार हो चुका है। नैनीताल में भी दिन के समय अपेक्षाकृत अधिक गर्मी रही।

गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण एवं सतत विकास संस्थान (जीबीपीएनआईएचईएसडी) के वैज्ञानिक डॉ. जेसी कुनियाल ने बताया कि मध्य हिमालय में गर्मियों के दिनों में वनाग्नि की घटनाएं बढ़ रहीं हैं। इस बार भी मई माह के अंतिम सप्ताह तक जमकर वनाग्नि की घटनाएं हुई हैं।

> वनाग्नि हिमालय की प्रमुख समस्या है। इससे हिमालय क्षेत्र में तापमान में बढ़ोत्तरी होती है। समय पर वनाग्नि पर काबू नहीं पाने की वजह से तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही हैं। **-डॉ. जेसी कुनियाल,** वैज्ञानिक, गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण एवं सतत विकास संस्थान, अल्मोड़ा

## सार-संक्षेप


एसडीएम कोर्ट के बाहर आतंकवाद का पुतला फूंकते गौ रक्षक। ● अमृत विचार

### गौ रक्षकों ने फूंका आतंकवाद का पुतला

**हल्द्वानी :** जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले के खिलाफ गुरुवार को गौ रक्षकों ने आतंकवाद का पुतला फूंका। उन्होंने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज कर आतंकवाद के खात्मे की मांग की। एसडीएम कोर्ट के बाहर पुतला फूंकते हुए गौ रक्षक जोगेंद्र राणा ने कहा कि शिव खोड़ी दर्शन को जाते समय 9 जून को आतंकवादियों ने घात लगाकर बस पर अंधाधुंध गोलीबारी की। जिसमें 10 तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई। घटना से देशभर में आक्रोश है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से आतंकी गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने की मांग की। इस दौरान दीपांशु पोखरिया, देव बिष्ट, जगदीश दयोरी, चन्दन मलारा, देव बिष्ट, विनोद लखेरा, पंकज खत्री, भुवन जोशी, गौतम, रोहित दानी, भुवन रावत, दीपक पाठनी, हेम जोशी, गौरव सुयाल, मुकेश भट्ट शामिल रहे।

### एमबीपीजी में बीए में सबसे अधिक प्रवेश

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। गुरुवार को बीए में 98, बीकॉम में 21, बीकॉम (आनर्स) में 22, बीएससी (पीसीएम) में 35 व बीएससी (जेडबीसी) में 56 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया। इसके अलावा प्रथम सेमेस्टर के लिए बीए में 119, बीकॉम में 21, बीएससी (पीसीएम) में 18 व बीएससी (जेडबीसी) में 16 प्रवेश हुए। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने बताया कि बीए, बीकॉम, बीएससी में गुरुवार को कुल 232 और प्रथम सेमेस्टर के लिए 174 प्रवेश हुए।

### शनि बाजार स्थित नाले की सफाई कराई

**हल्द्वानी :** नगर निगम प्रशासन ने गुरुवार को शनि बाजार स्थित नाले की सफाई कराई। नाले की सफाई न होने से लोग लंबे समय से परेशान थे। बरसात में नाले का गंदा पानी सड़क व लोगों के घरों में घुस जाता था। कुछ दिन पूर्व नगर निगम की ओर से लगाई गई चौपाल में क्षेत्र के लोगों ने नाले की सफाई का मुद्दा उठाया था। इस दौरान जोशी विहार की नाली की भी सफाई की गई। यहां निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुड्डू, खालिद हुसैन, हाजी बबलू, मोहम्मद यामीन, असलम सलमानी, पप्पू, संजू जोशी, बबलू जोशी मौजूद रहे।

### डॉ. अंबेडकर मिशन एंड फाउंडेशन ने सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी :** डॉ. अंबेडकर मिशन एंड फाउंडेशन ने गुरुवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन सौंप कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश में सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, राजनैतिक एवं धार्मिक लोकतंत्र की बहाली होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री देश की बहुसंख्यक आबादी को सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक रूप से राष्ट्र की मुख्य विकास धारा से जोड़ने के लिए काम करेंगे। साथ ही भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर के रचित संविधान को समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व एवं न्याय आधारित व्यवस्था को देश में लागू करेंगे। इस दौरान अध्यक्ष जीआर टम्टा, संरक्षक दीपक चनियाल, सुंदर लाल बौद्ध, आरपी गंगोला, राजेंद्र कुटियाल, गंगा प्रसाद, संजय बघरवाल आदि मौजूद रहे।

### ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाया अभियान

**हल्द्वानी :** पर्वतीय मार्गों में ओवरलोड वाहनों के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए परिवहन विभाग का चेकिंग अभियान जारी है। अभियान के तहत मानक से अधिक बड़े लगेज कैरियर लगाने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। काठगोदाम में चलाये गये अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने 60 वाहनों के लगेज कैरियर काटकर हटाया। साथ ही 13 कैरियर को जब्त किया।

### उदयपुर गांव का नलकूप हुआ खराब

**हल्द्वानी :** गौलापार क्षेत्र के उदयपुर गांव में सिंचाई विभाग का नलकूप खराब हो गया है। नलकूप की मोटर खराब होने से क्षेत्र में पानी की समस्या बढ़ गई है। नलकूप खराब होने के कारण ग्रामीणों को खेतों की सिंचाई के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार नलकूप की मरम्मत का कार्य चल रहा है। 4 से 5 दिनों में नलकूप ठीक हो जायेगा।


देहरादून में मुख्यमंत्री धामी को ज्ञापन देते विधायक कैड़ा। ● अमृत विचार

### काठगोदाम-हैड़ाखान क्षतिग्रस्त मार्ग के लिए मांगा बजट

**हल्द्वानी :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने गुरुवार को राजधानी देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंप कर कहा कि चम्पावत जनपद को जोड़ने वाला काठगोदाम- हैड़ाखान-खनस्यूं मोटर मार्ग एक वर्ष पूर्व क्षतिग्रस्त हुआ था। मार्ग का दो किमी का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। इस वजह से 120 गांवों के बाशिंदों को दिक्कतें हो रही हैं। मार्ग में अगले-पिछले हिस्से का 50 किमी मार्ग का डामरीकरण हो चुका है। बारिश में क्षतिग्रस्त 2 किमी मार्ग के कारण ग्रामीणों, खासकर किसानों व बच्चों की फजीहत हो रही है। उन्होंने इस मार्ग की मरम्मत के लिए बजट आवंटित करने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओखलकांडा का उच्चीकरण कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने और ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉकों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग की है।

# मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी के साक्षात्कार 21 जून को

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों (फैकल्टी) की कमी को दूर करने के लिए एक बार फिर विज्ञप्ति निकाली गई है। 21 जून को मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों के साक्षात्कार होंगे।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में उपचार के लिए बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। मेडिकल कॉलेज में 33 प्रतिशत चिकित्सकों की कमी चल रही है। जिस वजह से मरीजों के उपचार में भी दिक्कत आती है। इसको देखते हुए 21 जून को चिकित्सकों का साक्षात्कार लिया जायेगा। मेडिकल कॉलेज के 23 विभागों में करीब 85 चिकित्सकों की भर्ती के लिए साक्षात्कार होंगे। चिकित्सकों की कमी की वजह से नेशनल मेडिकल कमीशन भी मेडिकल कॉलेज पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगा चुका है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि प्रोफेसर के आठ, एसोसिएट प्रोफेसर के 30 व असिस्टेंट प्रोफेसर के 47 पदों के लिए साक्षात्कार लिये जाएंगे। नए चिकित्सकों के आने से पीजी की सीटें बढ़ाने में मदद मिलेगी और अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं भी बेहतर होंगी।

### एक रेडियोलॉजिस्ट ने छोड़ी नौकरी

मेडिकल कॉलेज के रेडियोलॉजी विभाग में तैनात असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तपिश राइपा ने नौकरी छोड़ दी है। वह अपना इस्तीफा दे चुके हैं। अब इस विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सौरभ शर्मा रह गए हैं। इससे मरीजों को परेशानी होनी की संभावना है।

# विषय के आधार पर देना होगा शुल्क

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को बीए व बीकाम प्रथम सेमेस्टर में 185 रुपये अधिक शुल्क का भुगतान करना होगा। प्रयोगात्मक परीक्षाओं के लिए छात्रों को विषय के आधार पर ज्यादा शुल्क देना होगा। शासन स्तर से शुल्क निर्धारित होने के बाद एमबीपीजी कॉलेज, महिला डिग्री कॉलेज और गौलापार स्थित डिग्री कॉलेज के छात्रों को इसकी जानकारी दी गई।

बीते वर्ष बीए में प्रयोगात्मक विषय के लिए 1336 रुपये शुल्क अदा करना होता था, अब यह 1521 रुपये तक लिया जा रहा है। बीए में पूर्व में एक प्रयोगात्मक विषय वाले छात्र 1736 शुल्क देते थे, अब उन्हें 1871 रुपये शुल्क देना होगा। दो प्रयोगात्मक विषय वाले छात्र पहले 1836 रुपये शुल्क देते थे, अब उन्हें 1921 रुपये देना होगा।

# इंदिरानगर और काठगोदाम में गौला पुलों की सुरक्षा जांची

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पुल सेफ्टी ऑडिट के निर्देश के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया है। उपजिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों के साथ गौला नदी पर बने पुलों का स्थलीय निरीक्षण किया।

उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा ने एनएचएआई के अधिकारियों के साथ गौला नदी पर इंदिरानगर और काठगोदाम में बने पुलों का निरीक्षण किया। इस दौरान इंदिरानगर रेलवे फाटक के समीप वाले गौला पुल में भूकटाव देखने को मिला। हालांकि वहां एनएचएआई मरम्मत कर रहा है। उन्होंने बारिश होने पर गौला नदी का जल स्तर बढ़ने पर पुल की सुरक्षा को लेकर आशंका जताई। इस पर एनएच के अधिकारियों ने बताया कि बजट की वजह से सुरक्षात्मक कार्य नहीं हो पाए हैं, बजट मिलते ही किया जाएगा। इसके बाद उन्होंने काठगोदाम पुल का निरीक्षण किया।

एनएच के अधिकारियों ने बताया कि पुल के निर्माण में वन विभाग की अड़चनें आ रही थीं, जिनका निस्तारण कर दिया गया है। आईआईटी रुड़की के अनुसार पुल की मरम्मत शुरू हो गई है। उपजिलाधिकारी वर्मा ने बताया कि गौला पुल की सुरक्षा को लेकर सुझाव बनाए गए हैं। दोनों पुलों के निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार कर आला अधिकारियों को भेजी जाएगी।


गौला पुल का निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा व अन्य।

# आरक्षित की जाए महापौर की सीट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शिल्पकार वेलफेयर सोसाइटी ने नगर निगम महापौर की सीट आरक्षित करने की मांग की है। सोसाइटी का दावा है कि 82 वर्षों से यह सीट आरक्षित नहीं हुई है। इस बाबत उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा है।

प्रदेश अध्यक्ष मुकेश चंद्र बौद्ध के नेतृत्व में सोसाइटी ने ज्ञापन सौंप कहा कि ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, नगर निकाय चुनाव में चक्रीय क्रम में सीटों के आरक्षण का प्रावधान है, लेकिन हल्द्वानी नगर पालिका हो या नगर निगम की सीट ऐसी हो चुकी है, जिस पर चक्रीय क्रम लागू नहीं होता है। हल्द्वानी नगर निगम में 40 हजार से अधिक अनुसूचित जाति एवं जनजाति के मतदाता होने के बाद भी यह सीट आज तक आरक्षित नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 1942 से अब तक यह सीट सामान्य ही रही है। एक बार भी यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित नहीं हुई है।

वहीं, विभिन्न राजनैतिक दलों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पदाधिकारी महापौर के लिए दावेदारी कर रहे हैं। ऐसे में चक्रीय क्रम के अनुरूप इस सीट को आरक्षित किया जाए। चेतावनी दी कि उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो वे कोर्ट की शरण लेने को विवश होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में जीआर टम्टा, दीपक चनियाल, हरीश चंद्र, राजेंद्र कुटियाल, अंजू राज, सुदंर लाल बौद्ध, गंगा प्रसाद, हरीश चंद्र आदि शामिल थे।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते शिल्पकार सभा के लोग।

# भवाली में अल्मोड़ा के व्यक्ति की मौत

**भवाली, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के चौराहे में परिवार संग दिल्ली जा रहे कार चालक की तबियत बिगड़ गई। आनन फानन में उसे सीएचसी पहुचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ग्राम चनोली, पोआ झुपल चौड़ा अल्मोड़ा निवासी विजय वर्मा 50 पुत्र स्व हर लाल वर्मा गुरुवार को सेंट्रो कार से 3 भाइयों संग दिल्ली जा रहे थे। चौराहे पर कार चला रहे विजय अचानक बेसुध हो गए, जिससे कार अनियंत्रित हो गई। जिसमें एक राहगीर वाहन से चपेट में आ गया। डॉ रमेश कुमार ने बताया कि सुबह कार चलाते हुए तबियत बिगड़ने पर एक मरीज को अस्पताल लाया गया। जिसकी अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो चुकी थी।

# मानसून से पहले होगी नालियों की सफाई

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम के अधिकारियों ने गुरुवार को कुसुमखेड़ा वार्ड 44 और 45 में चौपाल लगाई। इस दौरान लोगों ने अधिकारियों के सामने नालियों की सफाई, टूटी सड़कों, लो वोल्टेज और स्ट्रीट लाइटें खराब होने की समस्याएं रखीं। जिस पर अधिकारियों को शीघ्र सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

वार्ड 45 के लोगों ने बताया कि मानसून नजदीक है पर अभी तक नालियों की सफाई नहीं हुई है। जिस पर अधिकारियों ने शीघ्र नालियों की सफाई करवाने का आश्वासन दिया। गीता उप्रेती ने कहा कि कोहली कॉलोनी में पानी की समस्या बनी हुई है। लोग लो वोल्टेज की समस्या से भी परेशान हैं। सरस्वती विहार, विकास नगर, तिलक नगर के लोगों ने टूटी सड़कों की शिकायत की। बताया कि सालों से सड़कों की मरम्मत नहीं होने से लोगों को आने जाने में दिक्कत होती है। वार्ड में कई स्ट्रीट लाइटों के खराब होने की शिकायत भी लोगों ने की। वहीं वार्ड 44 के लोगों ने बिजली, पानी, सड़क, साफ-सफाई जैसी समस्याएं उठाईं। एक खाली प्लाट में कूड़ा जमा होने की शिकायत मिलने पर अधिकारियों ने प्लाट स्वामी के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# जल संकट बढ़ने से पशुपालक मवेशी बेचने को हो रहे मजबूर

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** पेयजल संकट से जूझ रहे गांवों में अब पशुपालक मवेशी बेचने को मजबूर हो चुके हैं। बेतालघाट ब्लॉक के भडकिला गांव में बूंद-बूंद पानी के लिए दो बकरियों के दम तोड़ने के बाद अब पशुपालक औने पौने दामों में मवेशियों को दूसरे गांव के पशुपालकों को बेच दे रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार खुद के हलक तर करना चुनौती बन चुका है। ऐसे में पशुपालन का कार्य करना परेशानी बन चुका है। मवेशियों की जिंदगी बच सके इसके लिए दूसरे गांव के लोगों को मवेशी बेचना मजबूरी हो चुका है।

बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों में बूंद-बूंद पानी को हाहाकार मचा हुआ है। रिखोली गांव के तोक भड़कीला में हालात विकट हो गए हैं। पानी न मिलने से बीते दिनों दो बकरियों के दम तोड़ देने के बाद अब हालात और ज्यादा बिगड़ गए हैं। है। लगातार पेयजल संकट बढ़ता ही जा रहा है स्थानीय प्रभाकर सिंह बोहरा के अनुसार ढाई से तीन किमी दूर से पानी ढोना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले उनकी दो बकरियों ने दम तोड़ दिया। प्रभाकर सिंह ने बताया की पानी के बढ़ते संकट के कारण अब मवेशियों को दूसरे गांव के पशुपालकों को बेहद कम कीमत पर बेचना मजबूरी बन चुका है। पानी के संकट से पशुपालन पर खतरा बढ़ गया है।

# 50 क्यूसेक पहुंचा गौला बैराज का जलस्तर, बढ़ी चिंता

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम गौला बैराज का जलस्तर गुरुवार को 50 क्यूसेक दर्ज किया गया। बैराज में लगातार पानी का स्तर कम होने से सिंचाई विभाग की चिंता बढ़ने लगी है। अब पूरी उम्मीद मानसून पर टिकी है, जिससे जलस्तर में वृद्धि हो सके।

पिछले 5 से 6 दिनों में गौला बैराज का 3 से 4 क्यूसेक तक गिरा है। जल्द बारिश नहीं हुई तो शहर में पानी के लिए हाहाकार मच सकता है। गौला बैराज के इंजार्ज मनोज तिवारी ने बताया कि गर्मी में बढ़ोत्तरी के चलते जलस्तर में लगातार गिरावट आ रही है। आने वाले दिनों में बारिश नहीं हुई तो पानी के लिए संकट पैदा हो सकता है।

**राजनीति** | पांचों लोकसभा सीटों पर कहीं भी भाजपा को टक्कर नहीं दे पाई कांग्रेस, निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी

# तीन सीटों पर कांग्रेस का मत प्रतिशत बढ़ा पर मिली हार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव निपट चुके हैं और केंद्र में मोदी सरकार का भी गठन हो गया है। उत्तराखंड में अब अक्टूबर में निकाय चुनाव होने का अनुमान है। भाजपा तैयारी में जुट गई है और कांग्रेस भी नए सिरे से खुद को मजबूत करने की कोशिश कर रही है।

लोकसभा चुनाव के नतीजों पर नजर डालें तो कांग्रेस ने पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा इस बार तीन लोकसभा सीटों पर अपना मत प्रतिशत बढ़ाया है, लेकिन कहीं भी मत प्रतिशत में इतना उछाल नहीं आया कि उससे भाजपा उम्मीदवार को टक्कर मिल सके। इसलिए भाजपा सभी पांचों लोकसभा सीट जीत गई। हरिद्वार सीट पर कांग्रेस का मत प्रतिशत बढ़ा, वहीं भाजपा का कम हुआ, लेकिन इससे भाजपा के प्रदर्शन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। टिहरी सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार बॉबी पंवार के चुनाव में खड़े होने से भाजपा और कांग्रेस दोनों का मत प्रतिशत कम हुआ, लेकिन भाजपा को जीत मिली। अब करीब चार माह बाद ही निकाय चुनाव होने हैं। हालांकि निकाय और लोकसभा चुनाव में अंतर होता है, लेकिन इससे कांग्रेस संगठन की कमजोरी सामने आई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा अभी तक अपनी टीम तक पूरी तरह से नहीं बना पाए हैं। इसी तरह हरीश रावत अपने परिवार के सदस्य को चुनाव लड़ाने के लिए लड़ते दिखे। इनके मुकाबले भाजपा ज्यादा एकजुट थी। जिसका नतीजा सबके सामने है।



### पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट

| पार्टी | उम्मीदवार | कुल वोट | मत प्रतिशत | गिरावट/उछाल |
|---|---|---|---|---|
| भाजपा | अनिल बलूनी | 432159 | 58.60 | -9.65 |
| कांग्रेस | गणेश गोदियाल | 268656 | 36.43 | +8.92 |

### हरिद्वार लोकसभा सीट

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| भाजपा | त्रिवेंद्र सिंह रावत | 653808 | 50.19 प्रतिशत | -2.18 |
| कांग्रेस | वीरेंद्र रावत | 489752 | 37.6 | +5.58 |

### नैनीताल लोकसभा सीट

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| भाजपा | अजय भट्ट | 772671 | 61.03 | -0.32 |
| कांग्रेस | प्रकाश जोशी | 438123 | | +34.61 |

### अल्मोड़ा लोकसभा सीट

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| भाजपा | अजय टम्टा | 429167 | 64.2 | +0.17 |
| कांग्रेस | प्रदीप टम्टा | 195070 | 29.18 | -1.3 |

### पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| भाजपा | माला राज्यलक्ष्मी शाह | 462603 | 53.66 | -10.87 |
| कांग्रेस | जोत सिंह गुंसोला | 190110 | 22.05 | -8.17 प्रतिशत |

# रुद्रपुर के गांधी पार्क में बनेगी भूमिगत पार्किंग

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित बैठक में मंडलायुक्त ने विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को दिए निर्देश

बैठक

**400** से 500 गाड़ियों को रखा जाएगा पार्किंग में

**18** वीं जिला विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त व जिला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक रावत ने अधिकारियों से कहा कि गांधी पार्क का सौंदर्यीकरण करते हुए आकर्षक बनाया जाए व बड़ी भूमिगत पार्किंग की व्यवस्था की जाए। ताकि पार्किंग में 400 से 500 वाहनों को आसानी से पार्क किया जा सके और शहर में जाम की स्थिति से बचा जा सके।

गुरुवार को मंडलायुक्त ने यह निर्देश डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की 18वीं बोर्ड बैठक में दिए। इससे पहले पिछली बैठक में स्वीकृत प्रस्तावों की कार्यप्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही बैठक में प्राधिकरण के वर्तमान कार्य क्षेत्र और योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालन के लिए आय-व्यय का अनुमोदन किया गया।

उन्होंने कहा कि रुद्रपुर में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। इसमें महिला स्वच्छक ही तैनात होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत ग्राम बागवाला तहसील रुद्रपुर में 1872 ईडब्ल्यूएस भवनों के निर्माण कार्य को जल्द कराने के साथ ही वित्तीय भार की प्रतिपूर्ति के लिए अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। खटीमा-टनकपुर तिराहे से फाइबर फैक्ट्री की ओर रोड पर लगी स्ट्रीट लाइटों के अनुरक्षण, रुद्रपुर काशीपुर महायोजना 2041 आदि की स्वीकृति दी गई।

उन्होंने प्राप्त प्रस्तावों के प्रतिनिधियों से बात करते हुए विभिन्न प्रकार की भूमि की उपयोगिता के आधार पर नियमावली व जनहित को देखते हुए परिवर्तन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कालोनियों में छोटे-छोटे पार्क व ओपन जिम बनाने के लिए प्राधिकरण व नगर निगम को कहा। बैठक के बाद मंडलायुक्त ने जल उत्सव जल संरक्षण अभियान-2024 के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में पाकड़ का पौधरोपण किया।



जिला विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

### ये लोग रहे मौजूद

जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, विकास प्राधिकरण सचिव पंकज उपाध्याय, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, उप नगर आयुक्त रुद्रपुर शिप्रा जोशी, अधीक्षण अभियंता पेयजल मृदुला सिंह आदि उपस्थित थे।

### रुद्रपुर व किच्छा के लिए एक ही मास्टर प्लान बनाने का प्रस्ताव

**रुद्रपुर:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि सॉलिड वेस्ट की जिम्मेदारी नगर निगम की है। इसके लिए कूड़ा निस्तारण केंद्र अलग से बनाया गया है। इसे सुचारू रूप से चलाने के लिए वित्तीय सहायता की मांग नगर निगम द्वारा की गई है। उन्होंने रुद्रपुर व किच्छा के लिए एक ही मास्टर प्लान बनाने का प्रस्ताव रखा। इस पर समिति ने सहमति प्रदान कर दी। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण में श्रमशक्ति व विशेषज्ञों की कमी है जिसके लिए मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता आदि की नियुक्ति किये जाने का प्रस्ताव अध्यक्ष के सम्मुख रखा। मंडलायुक्त ने प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित करने के निर्देश प्राधिकरण के अधिकारियों को दिये।

## भाजपा की निवर्तमान पार्षद ने लगाया शोषण का आरोप

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप की निवर्तमान पार्षद ने युवक पर झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रांजिट कैंप की रहने वाली भाजपा की एक महिला पार्षद ने बताया कि वह अपने पति से विवाद के बाद दो बच्चों के साथ अलग रहती है। पिछले दिनों उसकी संजू दत्ता नाम के युवक से मुलाकात हुई। युवक ने उसे अपने आप को अविवाहित बताकर प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। आरोप था कि जब उसने आरोपी युवक के सामने शादी का प्रस्ताव रखा तो वह आनाकानी करने लगा और लापता हो गया। जब पड़ताल कि तो पता चला कि आरोपी युवक शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे भी हैं।

दोबारा आने पर भी वह झांसा देता रहा और बच्चों को छोड़ने का दबाव बनाता रहा। जब इंकार किया तो धमकी देने लगा। इसके बाद भाजपा नेत्री ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जिला बार एसोसिएशन ने उठाए कई अहम मुद्दे



हाईकोर्ट के न्यायाधीश को ज्ञापन देते जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नैनीताल हाईकोर्ट में न्यायाधीशों से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि मांग पूरी होने पर न्यायिक कार्यों में तेजी आएगी।

गुरुवार को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर पांडेय और सचिव सर्वेश कुमार सहित पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल नैनीताल हाईकोर्ट पहुंचा। जहां उन्होंने प्रशासनिक न्यायाधीश आलोक कुमार वर्मा, रजिस्ट्रार जनरल आशीष नैथानी सहित न्यायाधीशों से मुलाकात की। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर यूपी की तर्ज पर सप्ताह में पांच दिन ही कार्य दिवस घोषित करने, ग्रीष्मकाल में मई माह से जून माह तक ही अदालती कार्य सुबह सात बजे से 12 बजे तक करने की मांग की।

इसके अलावा शीतकाल व ग्रीष्म काल में दस दिन का स्थायी अवकाश घोषित करने, जनपद मुख्यालय पर कार्मिशियल कोर्ट का गठन करने, मोटर एक्सीडेंट क्लेम के लिए ट्रिब्यूनल का गठन करने, एंटी करप्शन मामलों की सुनवाई हल्द्वानी से स्थानांतरित कर जनपद न्यायाधीश को देने की मांग की। उन्होंने कहा कि उठाए गए मुद्दों का समाधान हो जाता है तो न्यायिक कार्यों में वृद्धि के साथ ही मामलों का निस्तारण भी तेजी से होगा। इस मौके पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कृष्णाचंद, कोषाध्यक्ष विकास तिवारी आदि मौजूद रहे।

### तड़प रहे आवारा पशु को बच्चों ने छुड़ाया

**बाजपुर:** एक व्यक्ति ने ग्राम बन्नाखेड़ा में गोवंशीय मवेशी से छुटकारा पाने के लिए उसके मुंह और सींगों को एक साथ एक पेड़ में तार और रस्सी से बांध दिया। इससे वह मवेशी काफी समय से तड़प रहा था। रास्ते से निकल रहे बच्चों ने मवेशी की दुर्दशा देखी और उसकी रस्सी और तार काटकर उसे बंधन मुक्त किया। बच्चों के इस कार्य की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए कहा कि गोवंश मवेशी को बंधन मुक्त कराकर मानव खुराना, चैतन्य खुराना और सुभम चावला ने मानवता का धर्म निभाया है।

### कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, हल्द्वानी

पत्रांक : 152/कृ.भू.स.अ./निविदा/2024-25 **निविदा सूचना** दिनांक : 13-06-2024

कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, हल्द्वानी में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता कि वर्ष 2024-25 हेतु विकासखण्ड रामनगर में अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्राम विकास योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य हेतु निम्न परियोजना की मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु निविदा फार्म दिनांक 15-06-2024 से दिनांक 28-06-2024 तक को प्रातः 11:00 बजे विक्रय किये जायेगें, उक्त निविदा फार्म उसी दिन अपराहन 1.00 बजे तक कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी हल्द्वानी में जमा किये जायेंगे, तथा उसी दिन अपराहन 1.30 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष गठित समिति के द्वारा खोले जायेगें।

| क्र. सं. | विकासखण्ड का नाम | योजना का नाम | परि. का नाम | कार्य का प्रकार | कार्य की अनुमानित लागत लाख में | धरोहर धनराशि रू. | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी.एस.टी. 18 प्रति. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामनगर | अनुसूचित जाति ग्राम विकास योजना | देवीपुरा | मृदा एवं भूमि संरक्षण कार्य | 3.00 | 7500.00 | 500+ GST | 6 माह | 15 दिन | D&E |

निविदा की शर्तें निम्न प्रकार है-

1. निविदा प्रपत्र के साथ रू. 100.00 का नान जुडिशल स्टाप पेपर पर 1.00 रू० की रसीद टिकट चस्पा एवं अनुबन्ध पत्र पर हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य है।
2. निविदा कृषि विभाग में पंजीकृत ठेकेदार के मान्य होगें। कार्य की मात्रा घट बढ़ सकती है। कार्य पूर्ण करने की अवधि प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष योजना में धनराशि आवंटित होने की तिथि से मानी जायेगी। तदोपरान्त कार्य आदेश जारी किये जायेगें।
3. अधोहस्ताक्षरी को किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताऐ निरस्त का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।
4. निविदा की दरें पी०डब्लू०डी० की 2023-24 के एस०ओ०आर० से अधिक दरें मान्य नहीं होगी। दरें संशोधित होने पर प्राकलन संशोधित किया जायेगा।
5. जी०एस०टी० एवं रॉयल्टी की धनराशि नियमानुसार देय होगी।
6. जमानत धनराशि वित्तीय वर्ष 2024-25 की ही मान्य होगी।
7. शासनादेश सं० 6447/111 (2) 11-20 (सामा०)/11 दिनांक 02.01.2013 में निहित प्राविधानों के नियम सर्शत लागू रहेगी।
8. निविदा कार्य में दरें अंकित करते समय कार्य श्रुटिपूर्ण अथवा कटिंग पाये जाने पर निविदा अमान्य होगी।

कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी
हल्द्वानी

## मृणमय ने जीता बुद्धम मार्शल का खिताब

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भारत में पहली बार हुए बुद्धम मार्शल आर्ट्स में रुद्रपुर के खिलाड़ी ने प्रदेश को गौरवांवित किया। आर्ट्स से जुड़े आयोजकों ने खिलाड़ी को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया।

गुरुवार को विजेता खिलाड़ी मृणमय मंडल ने बताया कि विगत दिनों लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश में पहली बार बुद्धम मार्शल आर्ट्स का आयोजन हुआ। जिसमें प्रतिभाग करते हुए राष्ट्रीय खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर शैलेश तिवारी जो कि यूट्यूबर भी हैं। उनके सानिध्य में प्रतिभाग करते हुए फाइट इन सीनियर कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल और वेपंस में सिल्वर मेडल जीता। इसके अलावा खिलाड़ी को बेस्ट जूरी और बेस्ट ईवेंट मैनेजर से भी सम्मानित किया गया।

खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर रामकृष्ण कनौजिया, देवाशीष मंडल और प्रदीप शाह ने खिलाड़ी को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया।



खिलाड़ी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते पदाधिकारी।

### टारगेट बॉल प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** 11वीं महिला एवं पुरुष वर्ग सीनियर नेशनल टारगेट बॉल प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड के 29 सदस्यों को दल अलवर राजस्थान के लिए रवाना हो गया है। प्रतियोगिता 15 जून तक आयोजित होगी। उत्तराखंड टारगेट बॉल संघ के संरक्षक अरविंद प्रकाश दुबे एवं सचिव प्रियंका सिंह ने बताया कि 1 जून से लगातार 10 दिन तक एमके विद्यापीठ स्कूल दिनेशपुर में विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था। उन्होंने बताया कि पुरुष वर्ग में अनुज कुमार सिंह, उपेंद्र मंडल, रोहित अधिकारी, अमृत मंडल, जोगेश निषाद, प्रभजीत, आशीष व्यापारी, मोहित कुमार गोलदार, विवेक रंगवाल, नवल कन्याल, बॉबी सुयाल, हेम सिंह और महिला वर्ग में ज्योति टम्टा, नेहा बिष्ट, मनीषा विश्वास, ज्योति पाठक, मानषी फर्त्याल, ममता बिष्ट, भावना बिष्ट, शौर्यवी रावत, त्रिस्ना किर्तुनिया, प्रिंसी, तनुश्री, दीपशिखा बिष्ट शामिल हैं।

### बाजपुर की चंद्रिका नेशनल रेफरी बनीं



इंटरनेशनल रेफरी एपी राजीव के साथ रेफरी चंद्रिका फोगाट।

**बाजपुर:** सहारनपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुए पैरा ताइक्वांडो नेशनल रेफरी सेमिनार में बाजपुर की चंद्रिका फोगाट ने सेमिनार पास कर नेशनल रेफरी बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पैरा ताइक्वांडो खेल का नेशनल रेफरी बनने पर चंद्रिका ने अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो रेफरी एपी राजीव व पैरा ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव सुखदेव राज, टेक्निकल डायरेक्टर स्वराज सिंह, कोच विपिन गौतम समेत अन्य पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया।

## बिजली तार खेत में गिरने से सिडकुल कर्मी की मौत

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** विद्युत लाइन का तार टूटकर खेत में गिरने से करंट की चपेट में आकर सिडकुल कर्मी की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मंगल सरदार।

देवनगर निवासी मंगल सरदार (45) गुरुवार सुबह घर से दूर अपने धान के खेत में गया था। बताया जा रहा है कि खेत में विद्युत लाइन का तार टूटकर गिरा था। मंगल उसकी चपेट में आकर झुलस गया। मंगल जब काफी देर तक घर नहीं पहुंचा तो उसकी पत्नी अपर्णा व पुत्र अभय दोनों खेत में ढूंढने निकले। उन्हें मंगल खेत में मेड़ के पास गिरा हुआ दिखाई दिया।

पत्नी व पुत्र के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। खेत के पानी में करंट भांपते हुए लोगों ने विद्युत विभाग के कर्मचारी को बुलाकर विद्युत लाइन बंद कराई। इसके बाद मंगल को खेत से बाहर निकाला, उसे 108 वाहन से स्वास्थ्य केंद्र सितारगंज ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए खटीमा भेज दिया। मंगल सिडकुल सितारगंज की किसी फैक्ट्री में काम करता था। मंगल की मौत से पत्नी, पुत्र व घरवालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### जेल से दो बाइकें चोरी

हल्द्वानी : इंदिरानगर बड़ी मस्जिद बनभूलपुरा निवासी मो. रिहान और दमुवाढूंगा निवासी हेम सिंह मेहरा की गुरुवार को उप कारागार परिसर में खड़ी दो बाइकें चोरी हो गईं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MADHUR AGRWAL से बदलकर MADHUR AGRAWAL कर लिया है। भविष्य में मुझे MADHUR AGRAWAL के नाम से जाना पहचाना जाए। - MADHUR AGRAWAL W/o स्वर्गीय श्री जवाहर लाल अग्रवाल, निवासी ई-11, फेस-I, इको टाउन नियर आनंदा अकेडमी, डहरिया, मुखानी, तहसील हल्द्वानी, जिला नैनीताल।

### कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति नवीन मण्डी स्थल हल्द्वानी (नैनीताल)

दूरभाष / फैक्स नं.- 05946-245973 E-mail : mandir_haldwani@yahoo.com
विभागीय वेबसाईट - https://www.ukmandi.co.in

पत्रांक : कृ.उ.म.स./सफाई/2024-25/230 **सफाई हेतु निविदा सूचना** दिनांक: 12/06/2024

उत्तराखण्ड राज्य के श्रम विभाग, ई०पी०एफ०, ई०एस०आई० एवं जी० एस० टी० में पंजीकृत फर्म/व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि मण्डी समिति हल्द्वानी के परिसर (गल्ला एवं फल-सब्जी मण्डी की पृथक-पृथक) की वित्त वर्ष 2024-25 (01-07-2024 से 31-03-2025 तक) में सफाई हेतु सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित फार्म समिति कार्यालय से दिनांक 25-06-2024 के सांय 04 बजे तक रूपये 1500.00 एवं जी०एस०टी० 18 प्रतिशत का भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा फार्म पूर्ण रूप से भरकर दिनांक 26-06-2024 के अपरान्ह 01:00 बजे तक कार्यालय में निविदा बाक्स में डाली जायेंगी, जो उसी दिन निविदा हेतु गठित कमेटी के समक्ष 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित शर्तें किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

सचिव श्रेणी-I
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
हल्द्वानी (नैनीताल)

प्रशासक
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
हल्द्वानी (नैनीताल)

## महिला डॉक्टर पर हमला करने के दो आरोपी दबोचे

संवाददाता, रुद्रपुर

**कार्रवाई**

▸▸ **27 अप्रैल को किया था डंडे से हमला, पुलिस ने आरोपियों को भेजा जेल**

**अमृत विचार:** सिडकुल की नामी गिरामी ऑटो कंपनी की महिला चिकित्सक पर हमला करने के दो आरोपियों को थाना पंतनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना पंतनगर प्रभारी राजेंद्र सिंह डांगी और सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि 24 अप्रैल 2024 को सिडकुल की अशोका लीलैंड कंपनी में कार्यरत महिला चिकित्सक पर नैनीताल हाईवे पर बाइक सवार दो युवकों ने उस वक्त डंडे से हमला कर घायल कर दिया था जब वह स्कूटी से ड्यूटी पर जा रही थी। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की, लेकिन हमलावर गिरफ्त में नहीं आए।

उन्होंने बताया कि मामले को लेकर पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही थी कि 13 जून की सुबह खबर मिली कि महिला चिकित्सक पर हमले के आरोपी बाइक सवार युवक सिडकुल इलाके में देखे गए हैं। इस पर टीम ने घेराबंदी कर इंदिरा कॉलोनी थाना पंतनगर निवासी दीपक कुमार और अनवास अंसारी को गिरफ्तार कर लिया और हमले में प्रयुक्त डंडा व बाइक संख्या यूके-06 एम-3177 को भी बरामद की। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि वार्ड नं. 3, किच्छा, तहसील किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर के खेत सं. -264, मध्ये रकबा मैमाइशी 30x60 फुट यानि 167.28 वर्ग मीटर भूमि स्थित है। जो कि मेरे द्वारा आवास विकास, वार्ड नं.- 3, किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर निवासी सुखराज सिंह पुत्र महेन्द्र पाल सिंह से रजिस्ट्री बैनामा के क्रय किया है। जिसका पंजीकृत बैनामा दिनांक 01-08-2017 बही नं. 1, जिल्द नं. 2,341, पृष्ठ सं. 213 से 230 में क्रमांक सं. 1475 पर रजिस्ट्री कर्ता अधिकारी / उप निबंधक किच्छा द्वारा रजिस्ट्रीकृत किया है, जिसका रजिस्ट्री बैनामा मेरे पास मौजूद है। यह कि उक्त सम्पत्ति / प्लाट उक्त सुखराज सिंह पुत्र महेन्द्र पाल सिंह ने विजय भूषण गर्ग पुत्र मंगत राम से क्रय की है, जिसका पंजीकृत बैनामा दिनांक 14-08-2012, बही नं. 1, जिल्द नं. 1099, पृष्ठ सं. 331 से 348 में क्रमांक सं. 7896 पर रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी / उप निबंधक किच्छा द्वारा रजिस्ट्रीकृत किया है। विगत 25-05-2024 को सुखराज सिंह पुत्र महेन्द्र पाल सिंह ने विजय भूषण गर्ग पुत्र मंगत राम से क्रय की है की मूल रजिस्ट्री बैनामा की प्रति प्रार्थिनी से वास्तव में गुम हो गयी है। प्रार्थिनी द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी दस्तावेज के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। प्रार्थिनी द्वारा उक्त रजिस्ट्री बैनामे को बंधक रखकर कोई भी ऋण नहीं किया गया है तथ किसी प्रकार का कोई दुरुपयोग नहीं किया गया है। दस्तावेज गुम होने की गुमशुदगी सूचना प्रार्थिनी ने किच्छा कोतवाली में दर्ज करा दी है।

- श्रीमती सतविन्दर कौर पत्नी श्री परविंदर सिंह, वार्ड नं.- 13, पुरानी गल्ला मंडी, किच्छा, तह. किच्छा, जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)।

### कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी, नैनीताल

पत्रांक : 263/जि०पू०अ०/रा०का०अनु०/2024-25 **प्रेस विज्ञप्ति** दिनांक : 13-06-2024

अपर आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग उत्तराखण्ड देहरादून पत्र संख्या 595/आ०खा०/956-11/2024-25 दिनांक 11-06-2024 के द्वारा आर०सी०एम०एस० पोर्टल पर जनपद में प्रदर्शित हो रहे यू-स्टेटस के समस्त राशन कार्डो / यूनिटों का आधार वैलीडेशन कराते हुए दिनांक 20-06-2024 तक अनिवार्य रूप से ए०-स्टेटस में परिवर्तन कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में जनपद नैनीताल के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (प्राथमिक परिवार योजना व अन्त्योदय अन्न योजना) एवं राज्य खाद्य योजना के समस्त राशन कार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि जिन राशन कार्डधारकों की के०वाई०सी०/ सत्यापन अभी तक नहीं हुआ है, ऐसे राशन कार्डधारकों की सूची सम्बन्धित क्षेत्र के सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं को उपलब्ध करा दी गयी है। राशन कार्डधारक अपने सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं की दुकान पर सम्पर्क कर बिना के० वाई०सी०/ सत्यापन वाले राशन कार्डधारक अपने राशन कार्ड की के०वाई०सी०/ सत्यापन हेतु अपने आवश्यक दस्तावेजों (समस्त सदस्यों के आधार कार्ड की छायाप्रति, महिला मुखिया की पासपोर्ट साईज फोटो, महिला मुखिया का बैंक एकाउण्ट नम्बर, मोबाईल नम्बर, आय प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड की छायाप्रति) के साथ अपने क्षेत्र के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक कार्यालय में दिनांक 20-06-2024 तक किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से जमा करवाते हुए राशन कार्ड की के० वाई०सी०/ सत्यापन करवा लें। राशन कार्ड की के०वाई०सी०/सत्यापन ना होने पर राशन कार्ड निरस्त हो जाने की दशा में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित राशन कार्डधारक का स्वयं होगा।

जिला पूर्ति अधिकारी
नैनीताल

## कांग्रेस नेता पर पुश्तैनी जमीन पर कब्जे के प्रयास का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

▸▸ **थाना दिनेशपुर व तहसील में पीड़ित ने दिया शिकायती पत्र, जांच शुरू**

**अमृत विचार:** थाना दिनेशपुर व तहसील रुद्रपुर के एक कांग्रेस नेता पर हथियारों के बल पर पुश्तैनी जमीन पर कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। कब्जाधारक पीड़ित का आरोप है कि कांग्रेस नेता ने फर्जी तरीके से उसने अपनी पत्नी के नाम भूमि दर्ज करवा ली है। शिकायती पत्र आने के बाद पुलिस व तहसील प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

तहसील रुद्रपुर के ग्राम काली नगर निवासी राखल सरकार व गोपाल सरकार ने बताया कि वह पिछले 50 वर्षों से माता-पिता के साथ रहते हैं। आरोप है कि वहां के रहने वाले एक कांग्रेस नेता ने फर्जी तरीके से ग्रामीण आबादी स्वामित्व अभिलेखों में अपनी पत्नी के नाम 492.0827 वर्ग मीटर पर अपना इंद्राज करा दिया है, जबकि मौके पर उनका मकान है। पुरखों की जमीन पर पटवारी के माध्यम से मुनादी करानी चाही तो कांग्रेस नेता अपने हथियारबंद साथियों के साथ आया और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं पुरखों की जमीन पर अपना हक जताने लगा। इसकी वीडियोग्राफी भी मौजूद है। शिकायतकर्ता ने तहसील और पुलिस प्रशासन से भूमि की पैमाइश कर आरोपी कांग्रेस नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि कांग्रेस नेता दिनेशपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है और उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके बाद पुलिस व तहसील प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अख़बार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### एमपी चौक पर बिजली के खंभे में लगी आग

**काशीपुर** : एमपी चौक पर स्थित बिजली के खंभे लगे तारों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया वहीं तारों में आग लगने से आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। करीब आधा घंटा आग जलती रही। इस दौरान एमपी चौक क्षेत्र में बिजली व्यवस्था ठप हो गई। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल ने बताया कि टीम ने सुबह आठ बजे तक तारों को ठीक कर बिजली व्यवस्था सुचारू कर दी है।

### दो हाइवा ट्रक सीज

**शांतिपुरी** : खमियां नंबर-चार शांतिपुरी स्थित गौला नदी से मिट्टी का अवैध खनन करने पर बृहस्पतिवार को दो हाइवा ट्रकों को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। उन्हें डौली रेंज लालकुआं में खड़ा कर सीज कर दिया गया है। और वाहन चालकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पंतनगर को जाने वाली सर्विस लेनों के निर्माण में आयी तेजी, हल्द्वानी में आरओबी निर्माण को छोड़कर फोरलेन का काम लगभग पूर्ण

# रुद्रपुर में अंडरपास ब्रिज का काम पूरा, आवाजाही शुरू

राहत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** आखिरकार पंतनगर मोड़ के पास अंडरपास ब्रिज का काम लगभग पूरा हो गया है। वहीं पंतनगर को जाने वाले मार्ग पर पड़ने वाली सर्विस लेनों का निर्माण कार्य शुरू होने से फिलहाल अंडरपास ब्रिज से वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है। एनएचएआई अधिकारियों के अनुसार रुद्रपुर से हल्द्वानी तक का फोरलेन का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। हल्द्वानी में आरओबी का निर्माण अक्टूबर तक बनने की उम्मीद है।



पंतनगर मोड़ के पास बने अंडरपास ब्रिज से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

गुजरात की कंस्ट्रक्शन कंपनी ने अक्तूबर 2017 में रुद्रपुर से काठगोदाम तक 6 करोड़ 50 लाख की लागत से 49 किमी तक फोरलेन का निर्माण शुरू किया था। शुरुआती चरण में कंपनी ने 24 किमी का काम पूर्ण किया था। बाद में बजट के अभाव में काम बीच में ही बंद कर दिया गया। एनएचएआई के दबाव में फिर कंपनी ने निर्माण कार्य शुरू किया। कुछ समय कार्य करने के बाद 35 किमी तक का निर्माण कार्य पूरा करने के बाद फिर काम बीच में रोक दिया।

> रुद्रपुर से काठगोदाम तक 49 किमी का निर्माण कार्य होना था। इसमें से अब तक लगभग कार्य पूर्ण हो चुका है। हल्द्वानी में आरओबी का निर्माण कार्य शेष बचा हुआ है। इसके अक्टूबर तक पूर्ण होने की उम्मीद है। इसके अलावा पंतनगर मोड़ के पास अंडरपास ब्रिज का काम भी पूर्ण हो चुका है। अब सर्विस लेन का निर्माण के चलते अंडरपास ब्रिज पर वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है।
> **-मीनू, मैनेजर**, एनएचएआई

कंस्ट्रक्शन कंपनी के काम नहीं करने पर एनएचएआई मुख्यालय ने दूसरी कंस्ट्रक्शन कंपनी को काम सौंप दिया। इसके बाद से नई कंस्ट्रक्शन कंपनी ने फोरलेन का निर्माण कार्य तेजी से करना शुरू कर दिया था। कार्यदायी संस्था ने लगभग कार्य पूर्ण कर लिया है। एनएचएआई अधिकारियों के पंतनगर मोड़ के पास अंडरपास ब्रिज का काम लगभग पूर्ण हो चुका है। अब सर्विस लेन का निर्माण चल रहा है। इसके चलते अंडरपास ब्रिज में वाहनों की आवाजाही शुरू करा दी है।

उन्होंने बताया कि रुद्रपुर से काठगोदाम तक फोरलेन का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। सिर्फ हल्द्वानी में आरओबी निर्माण में अक्टूबर माह तक का समय लग सकता है।

### अंडरपास निर्माण के चलते रेलवे ने बदले कई रूट

**काशीपुर** : रेलवे प्रशासन ने अजमेर-दौराई स्टेशनों के मध्य अंडरपास के निर्माण के चलते गाड़ियों का मार्ग परिवर्तित किया है। इसमें गुरुवार को काठगोदाम/रामनगर-जैसलमेर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा-अजमेर-मारवाड़-जोधपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर के रास्ते चलाई जाएगी। परिवर्तित मार्ग पर इन गाड़ियों का ठहराव फुलेरा, डेगाना, मेड़ता रोड स्टेशनों पर प्रदान किया जाएगा। वहीं शुक्रवार को जैसलमेर- काठगोदाम/रामनगर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग जोधपुर-मारवाड़-अजमेर-फुलेरा-जयपुर-अलवर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग जोधपुर-मेड़ता रोड-फुलेरा के रास्ते चलाई जाएगी। परिवर्तित मार्ग पर इन गाड़ियों का ठहराव मेड़ता रोड, डेगाना, फुलेरा स्टेशनों पर प्रदान किया जाएगा।

### सड़क हादसे में बाइक सवार सिक्योरिटी गार्ड की मौत

**रुद्रपुर, अमृत विचार** : थाना पंतनगर इलाके के रहने वाले सिक्योरिटी गार्ड की बुधवार की देर रात्रि सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना पंतनगर के नगला निवासी 24 वर्षीय नीरज लटवाल सिडकुल की एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। बताया जा रहा है कि रोजमर्रा की भांति बुधवार की रात्रि को वह ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर लौट रहा था कि पंतनगर थाने से कुछ ही दूरी पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# अंडरपास मार्ग को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

### गुस्साए ग्रामीणों ने किया एसडीएम का घेराव, पूर्व विधायक और पार्षद ने संभाला मोर्चा, कार्य कराया गया शुरू



गुस्साई महिला को समझाते एसडीएम मनीष बिष्ट। ● अमृत विचार



आदेश के बाद अंडरपास के लिए खुदाई करती जेसीबी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** पॉश कॉलोनी-भूरारानी स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले अंडरपास मार्ग को लेकर एक फिर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि वहां पहुंचे एसडीएम का ग्रामीणों ने घेराव कर भड़ास निकाली। काफी जद्दोजहद के बाद पुनः खुदाई का कार्य प्रारंभ हुआ।

ओमेक्स पॉश कॉलोनी के समीप गुजरने वाले भूरारानी रेलवे लाइन पर रेलवे विभाग द्वारा अंडरपास मार्ग की स्वीकृति प्रदान की और कार्य प्रारंभ हो गया, लेकिन पॉश कॉलोनी के रहने वाले कुछ भाजपा नेताओं को यह ठीक नहीं लगा। उन्होंने मार्ग का विरोध करना शुरू कर दिया। इसको लेकर भूरारानी के ग्रामीण व भाजपा नेता का गुट आमने-सामने आ गया। गुरुवार की शाम 4 बजे ग्रामीणों को खबर मिली कि भाजपा नेता के कहने पर एसडीएम मनीष बिष्ट कार्य रुकवाने आ रहे हैं। इसके बाद निवर्तमान पार्षद मोहन खेड़ा और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ग्रामीणों की भीड़ के साथ मौके पर पहुंचे और एसडीएम का घेराव कर दिया।

वहीं दूसरे पक्ष के सामने खड़े होने पर स्थिति कई बार बिगड़ती दिखी। इसकी सूचना मिलते ही तहसीलदार दिनेश कुटौला व पटवारी सुशील जुनेजा भी मौके पर पहुंचे। जहां एसडीएम व रेलवे विभाग के अधिकारियों के बीच वार्ता के बाद और काफी जद्दोजहद के चलते एसडीएम ने कार्य प्रारंभ करने का आदेश दिया। उधर, निवर्तमान पार्षद मोहन खेड़ा का कहना था कि बीस साल से ग्रामीण अंडरपास बनने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसका कारण यह मार्ग बीस गांव के लोगों के लिए सुलभ है। बावजूद कुछ भाजपा नेता कार्य में अड़ंगा डाल रहे हैं।

### मारपीट के मामले में सगे भाई नामजद

**खटीमाः** पुलिस ने पांच दिन पूर्व कुटरा गांव के एक घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो सगे भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कुटरा निवासी पिंकी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि नौ जून की रात्रि 11:30 बजे पड़ोसी उसके घर के सामने बैठकर आपस में गाली-गलौज कर रहे थे। उनसे यह कहते हुए मना किया कि मेरे पेपर चल रहे हैं, जिस पर वह लोग लाठी और लोहे की राड लेकर घर में घुस आए और मेरी मां लक्ष्मी देवी और बहन अर्चना के साथ मारपीट और अभद्रता की। उन्होंने बीमार भाई अजय सिंह को जान से मारने की धमकी दी। बाद में 112 नंबर पर कॉल करने पर पुलिस टीम आई लेकिन उन्हें नहीं ले गई। पुलिस के जाने के बाद वार्ड मेंबर उत्तम सिंह राणा को बुलाया तो वह कहने लगे कि रात हो गई है कल फैसला करेंगे। इसी दौरान वह लोग दुबारा आ गए और फिर मारपीट शुरू कर दी। इसमें उत्तम के सिर पर चोट आई। पुलिस ने पिंकी की तहरीर पर मारपीट करने वाले सगे भाइयों सुदेश सिंह और विनोद सिंह पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# नजूल भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य को रोका

कार्रवाई

- **निगम ने अवैध निर्माणकर्ता के खिलाफ पुलिस को सौंपी तहरीर**
- **नगर निगम की कार्रवाई से अवैध निर्माण कर रहे लोगों में हड़कंप**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** नगर निगम की टीम ने संजय नगर में नजूल भूमि को फ्री होल्ड कराए बगैर अवैध रूप से कराए जा रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया। इसके अलावा संबंधित व्यक्ति के खिलाफ पुलिस थाने में मुकदमा भी दर्ज करवा दिया है। वहीं निगम की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध निर्माण करा रहे लोगों में हड़कंप मच गया।

गुरुवार को नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी के नेतृत्व में नगर निगम की टीम संजय नगर पहुंची। यहां डॉ. देव मंडल द्वारा नजूल भूमि को फ्री होल्ड कराए बिना अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा था। टीम ने तुरंत अवैध निर्माण को रोक दिया। इस संबंध में निगम के सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि पूर्व में



अवैध निर्माणकर्ता को नोटिस देते सहायक नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी।

अवैध निर्माण कर्ता को दो नोटिस भेजे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 5 जून को स्थानीय निवासी सुरेश विश्वास ने बताया कि क्षेत्र में नजूल भूमि को फ्री होल्ड कराए बगैर अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा है। इसके बाद 5 जून को ही अवैध निर्माणकर्ता को निगम की ओर से नोटिस भेजा गया। बावजूद संबंधित व्यक्ति ने निर्माण कार्य जारी रखा। यह नजूल शासनादेश 2021 का घोर उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि संबंधित व्यक्ति के निर्माण कार्य को रोककर पुलिस थाने में एफआईआर भी दर्ज करा दी गई है।

# काशीपुर में चोरों ने शोरूम से चार लाख रुपये के 19 मोबाइल उड़ाए

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : बीती रात रामनगर रोड स्थित एक शोरूम में चोरों ने सीलिंग काटकर लाखों रुपये के मोबाइल व नकदी चोरी लिए। अगले दिन शोरूम की सीलिंग कटी देख मैनेजर को चोरी का पता चला। पुलिस ने मौका मुआयना कर तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

वार्ड नंबर 13, किच्छा निवासी विशाल सक्सेना ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह रामनगर रोड स्थित मै. वैल्यू प्लस रिटेल शोरुम में मैनेजर है। 12 जून को रात करीब नौ बजे वह शोरुम बंद कर अपने निवास आवास-विकास चला गया था।

गुरुवार सुबह दस बजे शोरुम खोलने पर दुकान की सीलिंग कटी हुई मिली। चोर शोरुम में रखे करीब चार लाख रुपये मूल्य के 19 मोबाइल व नौ हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। सूचना पर पहुंचे कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए। पुलिस के अनुसार मामले में जांच की जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

### बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**काशीपुर** : रम्पुरा द्वारिका विहार स्थित एक परिवार अपने पैतृक गांव पूजा में शामिल होने के लिए गया था। घर बंद होने का चोरों ने फायदा उठाते हुए ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी कर ली। ग्राम रम्पुरा द्वारिका विहार निवासी मोहन चन्द्र जोशी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 28 मई को परिवार के साथ अपने गांव कूनीगाड़ चमोली पूजा में करने गए थे। जब 10 जून की शाम को घर आए तो घर का ताला टूटा था तथा उसकी मां के कमरे से एलईडी टीवी व अलमारी से एक सोने की नथ, एक सोने का मांग टीका, और एक गलोबन्द तथा दस हजार रुपये की नकदी गायब थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### जिपं अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग

**गदरपुरः** जिला पंचायत सदस्य ने पंचायती राज विभाग के सचिव को पत्र भेजकर जिला पंचायत अध्यक्ष को पद से हटाए जाने की मांग की है। ग्राम खेमपुर स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता करते हुए खेमपुर की जिला पंचायत सदस्य सुमन सिंह ने कहा कि उन्होंने पंचायती राज विभाग के सचिव को भेजे गए पत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार पर अपने अध्यक्ष पद के दायित्व और कर्तव्यों का जानबूझकर निर्वहन न करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में लापरवाही दिखाई और अपने हित लाभ के चलते राजनीतिक संगठनों से गठजोड़ कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है।

# कार पार्क करने को लेकर दुकानदार पर हमला

वारदात

- **दो घायल, हमले की वीडियो वायरल, पुलिस ने शुरू की जांच**
- **व्यापारी की हालत नाजुक, देर रात्रि का है मामला**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कार पार्क करने को लेकर बुधवार की देर रात्रि दुकानदार पर कार मालिक ने साथियों को बुलाकर जानलेवा हमला कर दिया। बीच-बचाव को आया दूसरे दुकानदार को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सिब्बल सिनेमा गोल मार्केट स्थित शाहनवाज की दुकान है।



दुकान में घुसकर हमले की वायरल वीडियो। ● अमृत विचार

बुधवार की देर शाम दुकान के सामने कार पार्क करने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आवेश में आकर कार स्वामी ने परिवार व साथियों को बुलाकर दुकान में तोड़फोड़ की और दुकानदार शाहनवाज पर जानलेवा हमला कर दिया। इसी दौरान बीच बचाव करने आए दुकानदार बलराम गुप्ता से भी मारपीट की गई। आसपास के दुकानदारों को एकत्रित होता देख हमलावर मौके से फरार हो गए।

इसमें दुकानदार शाहनवाज और बलराम गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा सहित तमाम व्यापारी बाजार चौकी पहुंचे और हंगामा काटते हुए चौकी प्रभारी से कार्रवाई की मांग की है।

उधर, घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी सक्रिय हो गई। चौकी प्रभारी बाजार पंकज मेहरा ने बताया कि वीडियो में दिख रहे हमलावरों को चिह्नित किया जा रहा है और तहरीर आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

हालात — करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी गांव में जल संकट की स्थिति बरकरार

# महेशपुरा में दम तोड़ रही सरकार की हर घर जल योजना

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** लोगों को शुद्ध और स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने के लिए सरकार ने जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव-गांव में करोड़ों की लागत से पानी की टंकी (वाटर टैंक) का निर्माण कराया है, लेकिन केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल से जल देने की योजना बाजपुर के ग्राम महेशपुरा में दम तोड़ती नजर आ रही है। करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी गांव में जल संकट की स्थिति बनी हुई है।

गांव-गांव जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी बनाकर पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने की योजना का लाभ महेशपुरा के लोगों को समुचित तरीके से नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ढाई साल से टंकी का कार्य चल रहा



ग्राम महेशपुरा में पेयजल की उपलब्धता के लिए निर्मित वाटर टैंक।

है, लेकिन कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन टोटी लगाने व सड़क बनाने का कार्य अभी अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि जगह-जगह गांव के रास्तों में पानी लीकेज होने की समस्या पैदा हो रही है। रास्तों में गड्ढे खोदे जा रहे हैं इससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि मई-जून की भीषण गर्मी के कारण लोगों के नलों का पानी आना बंद हो गया है। गांव में जल संकट की स्थिति बनी हुई है और लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। नल सूखने के कारण लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं और कर्मचारी रात्रि के समय टंकी का पानी फसलों में छोड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई बार ठेकेदार से शिकायत की है कि कार्य को तेजी से कराया जाए, क्योंकि इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसलिए जल्द से जल्द पेयजल व्यवस्था ठीक करने की मांग की है।



शांतिपुरी नंबर चार चंद्रपुरी में मोटर फुंकने से बंद पड़ा सिंचाई नलकूप। ● अमृत विचार

### चंद्रपुरी में नलकूप फुंकने से सिंचाई व्यवस्था ठप

**शांतिपुरी** : शांतिपुरी नंबर चार चंद्रपुरी स्थित सिंचाई नलकूप संख्या 89 का मोटर बीते तीन दिनों से फुंका हुआ है। इससे किसान परेशान हैं। चंद्रपुरी के नलकूप संचालक पान सिंह बिष्ट ने बताया कि बीते तीन दिनों से नलकूप की मोटर फुंकने के कारण सिंचाई व्यवस्था ठप पड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि इस नलकूप से करीब तीन दर्जन से अधिक किसानों की कृषि भूमि सिंचित होती है। इन दिनों क्षेत्र में धान की पौध रखने का काम जोरों से चल रहा है और ठीक ऐसे वक्त में नलकूप खराब होने से किसानों को भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय ग्रामीण ईश्वर सिंह नेगी ने बताया कि संबंधित विभाग को सूचित करने के बावजूद मोटर ठीक करने की कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### महाकुंभ की तैयारी में जुटे पदाधिकारी

**जसपुर।** भाकियू पदाधिकारी हरिद्वार में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के किसान महाकुंभ की तैयारी में जुटे हुए हैं।

16, 17 व 18 जून को हरिद्वार में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय स्तर के किसान महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को पदाधिकारियों ने पूरे जनपद में भ्रमण कर कार्यकर्ताओं से संपर्क किया। कार्यक्रम में लंगर के लिए चंदा एकत्र किया। भ्रमण करने वाली टीम का नेतृत्व किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने किया। टीम में किसान यूनियन के मंडलीय नेता दर्शन सिंह देओल, ब्लॉक अध्यक्ष जगीर सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शीतल सिंह पट्टी, चौधरी किशन सिंह, मास्टर हरदेव सिंह आदि शामिल रहे। भाकियू नेता प्रेम सिंह सहोता ने कहा कि किसान महाकुंभ में लंगर के लिए भोजन सामग्री की व्यवस्था कर ली गई है। भोजन सामग्री का वाहन 15 जून को जसपुर गुरुद्वारे से प्रस्थान करेगा।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

## एक नजर

### चकरपुर गांव का युवक घर से लापता


लापता हिमांशु।

**बाजपुर :** 19 वर्षीय युवक बिना बताए घर से लापता हो गया। उसका मानसिक संतुलन सही नहीं है। पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवा दी है। ग्राम चकरपुर निवासी मोहन ने पुलिस को बताया कि उसका 19 वर्षीय बेटे हिमांशु का मानसिक संतुलन खराब है। वह 10 जून की रात करीब 8 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया है। स्वजन किसी अनहोनी की आशंका से सहमे हुए हैं। पुलिस ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर युवक की तलाश प्रारंभ कर दी है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटा शरबत

**काशीपुर :** उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को लोगों का आभार जताने के लिए छबील लगाई। भाजपा ओबीसी मोर्चा आवास विकास मंडल ने खड़कपुर देवीपुरा में मिष्ठान एवं शरबत वितरण किया। इस अवसर पर शैलेंद्र चौधरी, गुरविंदर सिंह, मोहन बिष्ट, निवर्तमान मेयर ऊषा चौधरी, रवि पाल, राजेंद्र सैनी, कुंदन सैनी, राजेंद्र कश्यप, रजत पाल आदि मौजूद रहे।

### चाकू के साथ एक युवक गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने बांसफोड़ान क्षेत्र में चेकिंग के दौरान कालीबस्ती निवासी अशरफ को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है।

### चार साल पुराने घुटनों के दर्द से मिली राहत

**सितारगंज :** गणेशपुर निवासी मालती मंडल पिछले चार साल से घुटनों के दर्द से परेशान थीं। उजाला सिग्नस एसएच अस्पताल में डॉ. दीपक कुमार सिंह ने मालती का केस देखा। डॉ. सिंह ने उनकी हालत का गहन विश्लेषण किया और उपचार दिया। इसके बाद मालती को दर्द से राहत मिल गई। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दीपांशु जोशी ने उन्हें फिजियोथेरेपी सहायता दी। अस्पताल के यूनिट हेड अनिल रावत की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि अस्पताल लगातार मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है।


मरीज मालती मंडल।

# बाजार में दिनभर सन्नाटा, शाम को चहल-पहल

## गर्मी के चलते ई रिक्शा, टेंपो व मैजिक वाहनों का संचालन रहता है बंद, बिजली कटौती से पेयजल आपूर्ति ठप

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** अत्यधिक गर्मी पड़ने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। विद्युत कटौती के चलते पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। वहीं दिन ढलते ही शाम को बाजार में रौनक लौट आती है।

गुरुवार को 44 डिग्री सेल्सियस रहने से प्रातः 9 से 12 बजे तक बाजार खुला रहा। दिन में कुछ दुकानें ही खुली देखी गईं। लोगों की आवाजाही कम रहने से बाजार में दिन में सन्नाटा छाया रहा। सायं 6 से 8 बजे तक बाजार में रौनक देखी गई। लोगों ने जमकर सब्जी व राशन की दुकानों से खरीदारी की। इधर गर्मी के चलते जल स्तर गिरने से हैंडपंप, नदी व नाले सूखने लगे हैं। विद्युत कटौती के चलते पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। लोगों के दिन में घरों से न निकलने पर ई रिक्शा, टेंपो व मैजिक वाहन भी दिन में बंद रहते हैं। एक या दो वाहन चलते दिखाई देते हैं। गर्मी से मजदूरी कर रहे श्रमिक प्राप्तः 5 बजे से दोपहर एक बजे तक ही कार्य कर रहे हैं।

वहीं बाजार में मंदी छाई हुई है। व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग ने कहा अधिक गर्मी पड़ने से एक माह से बाजार काफी प्रवाहित रहा है। व्यापारी सुबह व शाम को अपने प्रतिष्ठान खोल पा रहे हैं। श्रमिक नेता चंचल सिंह देऊपा ने बताया कि अत्यधिक पड़ रही गर्मी से मजदूर प्रातः 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक ही कार्य कर रहे हैं। मजदूरों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। टेंपो यूनियन के नेता अश्वनी शर्मा ने बताया कि गर्मी से लोग घरों से नहीं निकल पा रहे हैं। जरूरी काम होने पर ही निकलते हैं। जिसका प्रभाव वाहन चालकों को पड़ रहा है। इधर गर्मी से सब्जी व गन्ना की फसल प्रभावित हो रही है।



दिनेशपुर में दिन ढलते ही शाम को बाजार में बढ़ी चहल- पहल। ● अमृत विचार

### खटीमा में 42 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा

**खटीमा :** भीषण गर्मी के चलते लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। दोपहर में करीब पांच घंटे तक बाजारों में सन्नाटा छाया रहता है। अटल उत्कृष्ठ थारू राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में स्थित मौसम केंद्र के अनुसार बृहस्पतिवार का अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। केंद्र प्रभारी एनएस रौतेला ने बताया कि 42 डिग्री तापमान इस सीजन का सबसे अधिकतम है।



### मां पूर्णागिरि के श्रद्धालुओं को कराया जलपान

**खटीमा :** राष्ट्र प्रहरी पवनेशजी महाराज द्वारा संचालित भारतीय हिंदू परिषद अखंड भारत अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने चकरपुर के वनखंडी महादेव प्रांगण में मां पूर्णागिरि श्रद्धालुओं के लिए भीषण गर्मी में जलपान व्यवस्था की। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी पुष्कर बिष्ट, सावित्री ज्याला, पार्वती महरा, बीना चड्ढा, जीवन पाठक, कलावती भटट्, नीमा जोशी, बिमला कापड़ी, निर्मला वल्दिया, मंजू बोरा, भूपेंद्र, बबिता बोहरा, दीपक चड्ढा, ठाकुर परिहार आदि मौजूद थे।


खटीमा के चकरपुर में मां पूर्णागिरि के श्रद्धालुओं को जलपान कराते संगठन के लोग।

## सार-संक्षेप



काठमांडू में डॉ. संतोष त्रिपाठी को स्मृति चिन्ह देते पदाधिकारी।

### डॉ. संतोष त्रिपाठी को मिला उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान

**गदरपुर :** त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू नेपाल के हिंदी केंद्रीय विभाग एवं कालिंदी प्रकाशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी गदरपुर के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार त्रिपाठी को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से विभूषित किया गया। उनको सम्मान मिलने पर विधायक अरविंद पांडे, एसआईएमटी कॉलेज के चेयरमैन हरिओम गर्ग, डायरेक्टर समीप गांधी, विशाल गर्ग ने उन्हें बधाई दी।


डॉ नीरज शुक्ला को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

### काठमांडू में डॉ. नीरज शुक्ला सम्मानित

**काशीपुर :** त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में डॉ. नीरज शुक्ला को सम्मानित किया गया। राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर के बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज शुक्ला ने सेमिनार में भारतीय परम्परा एवं भारतीय शिक्षा दर्शन पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रो. प्रवेश पकडे, प्रो. किरण, सुनील कुमार, नव प्रभाकर आदि मौजूद रहे।

### सत्संग भवन में संत समागम का आयोजन

**काशीपुर :** काशीपुर के पटेल नगर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में एक विशाल निरंकारी, बाल संत समागम एवं इंग्लिश मीडियम संत समागम संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। दो दिवसीय समागम कार्यक्रम के पहले दिन गुरुवार को बच्चों ने सेवादल प्रार्थना से कार्यक्रम का आरंभ किया। गर्मी अधिक होने के कारण मानवता की सेवा के लिए निरंकारी भवन के बाहर सेवादल ने छबील लगाई। कार्यक्रम 3 घंटे तक चलता रहा। इस दौरान हरीश, प्रदीप, आशीष, राहुल, वैभव, सत्यम, देव, इशिता, अवनी, नीतू, माया, प्रेरणा, सुमिता, रीटा, मोनिका मौजूद रहे।

### बिना जांचे बाहरी लोगों को स्थायी निवासी न बनाएं

**शांतिपुरी :** सरकार को बगैर जांचे परखे बाहरी लोगों को उत्तराखंड का स्थायी निवासी नहीं बनाना चाहिए। यह बात उत्तराखंड क्रांतिदल के जिलाध्यक्ष मोहन चंद्र पांडे ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। यूकेडी जिलाध्यक्ष पांडेय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस भाजपा की सरकारों ने मलिन बस्तियों में रह रहे बाहरी लोगों का सत्यापन किए बगैर उन्हें जमीनों के पट्टे व स्थायी प्रमाण पत्र दिलवाए हैं जिससे वह उत्तराखंड व उत्तर-प्रदेश दो दो राज्यों की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। जबकि अन्य राज्यों में पैतृक सम्पत्ति अथवा स्वयं की भूमि नहीं होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत कराने अथवा जांच कराने के बाद ही उन्हें उत्तराखंड का निवासी मानना चाहिए।

# अग्निकांड की जांच करेगा बिजली विभाग

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** बीते दिवस सीमावर्ती गांव खेलड़िया में शार्ट सर्किट से लगी आग के बाद बृहस्पतिवार को तहसीलदार हिमांशु जोशी ने जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। बिजली विभाग की टीम आग लगने के कारणों की जांच करेगी।

खेलड़िया गांव में बुधवार सुबह शॉर्ट सर्किट से लगी आग में रामाधार, सुरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार और शैलेंद्र कुमार की झोपड़ियों के साथ ही घर का लाखों का सामान जलकर राख हो गया था। इधर बृहस्पतिवार को तहसीलदार हिमांशु जोशी ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों का हाल चाल जाना। शॉर्ट सर्किट से लगी आग को लेकर उन्होंने विद्युत उपखंड अधिकारी से बात की। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग की टीम माह के अंत तक मामले की जांच कर रिपोर्ट देगी। उन्होंने कहा कि उसके बाद बिजली विभाग मुआवजे पर विचार करेगा। यह भी कहा कि बिजली विभाग से मुआवजा नहीं मिला तो मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

उधर, विधायक भुवन कापड़ी ने भी अग्नि पीड़ितों का हाल जाना और उनकी हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।


खटीमा के खेलड़िया गांव में अग्नि पीड़ितों को कंबल बांटते भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी। ● अमृत विचार

### खेलड़िया गांव के अग्नि पीड़ितों को खाद्यान्न और कंबल बांटे

**खटीमा :** खेलड़िया में अग्नि पीड़ितों को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने गेहूं, चावल, चीनी, फल के साथ ही कंबल और चादरें वितरित कीं। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता से उपलब्ध कराई जाएगी। सामाजिक संगठनों के सहयोग से पीड़ित परिवार के झालों का निर्माण करवाया जाएगा। इस अवसर पर नगर महामंत्री मनोज वाधवा, परवीन शर्मा, मनोज शाही, जगजीत सिंह मल्ली, महेश जोशी, सूरज प्रकाश, संदीप बत्रा, करन यादव, विवेक गुप्ता, पूर्व प्रधान हृदयानंद, सुरेंद्र कुमार, विजय शुक्ला, गुलशन बत्रा आदि मौजूद थे।

### ऑटो लिफ्टर गिरोह ने फिर कीं दो बाइकें चोरी

**रुद्रपुर:** कोतवाली इलाके में बाइक चोर गिरोह का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। एक बार फिर चोरों ने शहर से दो बाइकें चुराकर पुलिस को चुनौती दी है। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम भैंसिया ज्वालापुर बिलासपुर यूपी निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि वह रुद्रपुर गाबा चौक स्थित एक इंटरप्राइजेज में कार्य करता है। रोजमर्रा की भांति वह आठ जून की शाम को बाइक संख्या यूके-06 एएच-9676 को लेकर सब्जी मंडी गया था और बाइक को लॉक कर खड़ी की थी। थोड़ी देर बाद जब लौटा तो बाइक चोरी हो चुकी थी।

इसके अलावा शांति कॉलोनी निवासी सतीश चंद्र ने बताया कि उसने अपनी बाइक संख्या यूके-06 एस-6103 को 10 जून को घर के बाहर खड़ी की थी और सुबह देखा तो बाइक गायब थी।


जनसंपर्क करती जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम। ● अमृत विचार

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने किया जनसंपर्क

**जसपुर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर की टीम ने मोहल्ला जुलाहन ईदगाह रोड बस्ती में जनसंपर्क कर व पंपलेट वितरित कर 29 जुलाई से 3 अगस्त तक उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत की जानकारी दी। साथ ही मोहल्ले वासियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए। जनसंपर्क कर्ताओं में अधिवक्ता राजवीर सिंह, पीएलबी वीर सिंह गौतम, मुनेश कुमारी, लता देवी, संगीता रानी आदि शामिल रहे।

# मंगल कलश शोभायात्रा निकाली

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में गुरुवार को ग्राम खमरिया नरखेड़ा एवं लखनपुर की महिलाओं ने बेरिया रोड स्थित टाटम्बरी मंदिर से नरखेड़ा स्थित चिमटा वाले बाबा जी के मंदिर तक भव्य मंगलकलश शोभायात्रा निकाली। बैंड-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष व बच्चों ने हिस्सा लिया।

बताया गया कि श्रीमद्भागवत कथा का परायण 19 जून को हवन-यज्ञ में पूर्णाहित व प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। कथा के दौरान 16 जून को दोपहर में विशाल भंडारा आयोजित होगा। श्रीमद्भागवत कथा पंडित विजय एवं उनके सहयोगियों द्वारा की जाएगी। इस मौके पर मंजू सैनी, गीता सैनी, ऊषा, गुड्डी, पार्वती, अजय सैनी, प्रीतम चंद्र शर्मा, छत्रपाल, अमृत, संजय आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में मंगल कलश शोभायात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

### जसपुर में आज निकलेगी शोभायात्रा

**जसपुर, अमृत विचार :** बाबा नीब करौरी महाराज के आश्रम के 61वें स्थापना दिवस पर 14 जून को शाम 4:30 बजे नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 15 जून को प्रातः 8 बजे से सुभाष चौक पर सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा और उसके बाद शाम 5 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए बाबा नीम करौली सेवा समिति, जसपुर के प्रमुख विमल चौहान ने दी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रमों को सफल बनाएं।


विमल चौहान।


किच्छा में मिष्ठान वितरण करते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

### केंद्र में मोदी सरकार बनने पर मिठाई बांटी

**किच्छा :** नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर शपथ ग्रहण करने पर आवास विकास कॉलोनी की मॉर्निंग एक्टिव ग्रुप की टीम ने नगर के दीनदयाल चौक पर आतिशबाजी करते हुए लड्डू वितरित किए। इस मौके पर समिति अध्यक्ष प्रीतम आयलानी एवं पूर्व नगर पालिका सभासद प्रहलाद खुराना ने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यप्रणाली एवं उनके कुशल नेतृत्व को देखकर उन्हें तीसरी बार देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है। इस मौके पर किशन गोयल, दिनेश भाटिया, गुड्डू राठौड़, सोनू गुप्ता, मनमोहन सक्सेना, प्रीतम सिंधी, प्रहलाद खुराना, संदीप गोयल, राजेंद्र कालरा, गौरव टक्कर, राजू गाबा, सोनू लोगानी, लक्की पपनेजा, विनय अरोड़ा, विक्की कालरा आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### पक्काकोट के वार्ड अध्यक्ष बने अमित गांधी

**काशीपुर :** मोहल्ला पक्काकोट में कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष को लेकर बैठक की गई। बैठक में अमित गांधी को पक्काकोट का वार्ड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही महानगर कांग्रेस कमेटी की वार्ड प्रभारी मुक्ता सिंह ने निकाय चुनाव तैयारी की चर्चा की। बैठक में हरीश कुमार, अलका पाल, त्रिलोक सिंह अधिकारी, जितेन्द्र सरस्वती, सुनील, ललित त्यागी, पीयूष शर्मा मौजूद रहे।

**आयोजन** किच्छा में सुचेतना संस्था ने किया महिला सम्मान एवं जागृति कार्यक्रम, 25 ग्रामों की महिलाओं ने की शिरकत

# महिलाओं को आत्मसम्मान के लिए होना होगा जागरूक

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** ग्राम किशनपुर स्थित सेंट पीटर स्कूल में सुचेतना संस्था के तत्वावधान में महिला सम्मान एवं जागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 25 ग्रामों की महिलाओं ने शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह, बाल विकास हेल्पलाइन की सदस्य एडवोकेट पूजा शर्मा, सामाजिक कार्यकत्री रूबी भटनागर, संस्था के डायरेक्टर फादर डेरिक ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। संस्था के डायरेक्टर फादर डेरिक ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों एवं आत्म सम्मान के लिए जागरूक होना होगा। जब तक महिलाएं खुद को कमजोर महसूस कर उत्पीड़न एवं शोषण बर्दाश्त करेंगी, उनका शोषण जारी रहेगा। वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार एवं उत्तराखंड सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए अनेक योजनाएं लागू कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। बाल विकास हेल्पलाइन सदस्य एडवोकेट पूजा शर्मा ने महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम और नाटक, भाषण प्रतियोगिताएं की गईं। कार्यक्रम में सुचेतना संस्था की अध्यक्ष रिंकी सक्सेना, फादर सौरभ, सिस्टर प्रीति, निकिता, ममता, संजय यादव, हेमलता बिष्ट, लालूराम, पुष्कर सिंह, मोतीराम आदि मौजूद रहे।



किच्छा में दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

# दो गांवों को पालिका में शामिल करें


बाजपुर के एसडीएम कार्यालय में पेशकार को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**बाजपुर:** ग्रामसभा चकरपुर व मुंडिया पिस्तौर देहात को नगरपालिका बाजपुर में शामिल करने की मांग उठाई गई है। ग्रामीणों ने नामित सभासद विमल शर्मा व भाजपा मंडल महामंत्री केलाखेड़ा आशीष ठाकुर के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में उनके पेशकार पवन सिंह को सौंपा।

उनका कहना था कि ग्राम चकरपुर व मुड़िया पिस्तौर देहात नगरपालिका से सटे हुए हैं। भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार यह दोनों ग्राम देखने में शहरी क्षेत्र का हिस्सा लगते हैं। ग्रामीणों की लगभग सभी गतिविधियां शहर से ही जुड़ी हैं। इस मौके पर चकरपुर ग्राम प्रधान मुनेश देवी, चौधरी रमेश पाल, रतन कंबोज, मनीष खन्ना, पुष्पेंद्र कुमार, अजय ठाकुर, शिवकुमार मौजूद रहे।

# किच्छा में 15 जुलाई तक हो जाएंगे प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव

## चुनाव संचालन समिति की पांच सदस्यीय कमेटी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी जानकारी

**15 से 30 जून तक चलेगा सदस्यता अभियान**

संवाददाता, किच्छा


किच्छा में जानकारी देते चुनाव संचालन समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर सरगर्मियां शुरू हो गई हैं।

चुनाव संचालन समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 जून से 30 जून तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और 15 जुलाई तक व्यापार मंडल चुनाव संपन्न करने का लक्ष्य रखा गया है। रुद्रपुर मार्ग स्थित होटल में मीडिया को जानकारी देते हुए चुनाव संचालन समिति के सदस्य सतपाल गाबा, महादेव अग्रवाल, विनोद फुटेला, प्रकाश गोयल एवं राजेंद्र अरोड़ा ने बताया कि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर रूपरेखा तैयार कर ली गई है। बताया कि लोकसभा चुनाव के कारण व्यापार मंडल के चुनाव में देरी हुई है। जीएसटी रजिस्ट्रेशन धारक, फर्म के नाम से बैंक खाता तथा पासबुक धारक एवं किसी भी सरकारी विभाग के प्रमाण पत्र प्राप्त व्यापारी मतदाता बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि चारों बिंदु पूरे करने में असमर्थ व्यापारियों के लिए 11 बिंदुओं का अलग से एक आवेदन फॉर्म तैयार किया गया है। इसमें दो फोटो एवं सदस्यता शुल्क के साथ आवेदन करने वाले व्यापारी को समिति के सामने आवेदन करना होगा। समिति सदस्यों ने बताया कि महाराणा प्रताप चौक से गौला नदी तथा हल्द्वानी मार्ग पर बाईपास मोड़ तक, बाईपास से आदित्य चौक, अंबेडकर चौक होते हुए बरेली मार्ग पर गोपाल कृष्ण अग्रवाल के पेट्रोल पंप तक मुख्य मार्गों के व्यापारियों को मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा तथा रुद्रपुर मार्ग पर पनचक्की फॉर्म तथा टांडा मार्ग पर गुरु नानक फ्लोर मिल तक के व्यापारी मतदाता सूची में शामिल हो सकते हैं।

बताया कि ग्राम आजाद नगर, देवरिया, सिरौली कला को व्यापार मंडल चुनाव की दृष्टि से शामिल नहीं किया गया है। पदाधिकारियों ने कहा कि पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ चुनाव संपन्न कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी तथा 30 जून के बाद आपत्तियों का निस्तारण करते हुए मतदाता सूची जारी की जाएगी। बताया कि मीट मछली विक्रेता, शराब विक्रेता, स्कूल संचालक, एडवोकेट, प्रॉपर्टी डीलर, चिकित्सक, महिला एवं पुरुष हेयर सैलून से संबंधित व्यापारी व्यापार मंडल की सूची में शामिल नहीं होंगे।

## नानकमत्ता का कुख्यात चरस तस्कर गिरफ्तार

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना पुलिस ने नानकमत्ता के कुख्यात चरस तस्कर को गैंगस्टर के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी सहित चार अन्य आरोपियों के खिलाफ भी गैंगस्टर की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलभट्टा थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में चरस तस्करी के कुख्यात तस्कर एवं गैंगस्टर के आरोपी ग्राम टुकड़ी थाना नानकमत्ता निवासी छिनदर सिंह उर्फ सुखविंदर सिंह को दबोच लिया। अन्य मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शांति नगर बिंदुखत्ता थाना लालकुआं निवासी वीरेंद्र सिंह कोरंगा एवं नरेंद्र सिंह कोरंगा और ग्राम टुकड़ी थाना नानकमत्ता निवासी मेजर सिंह उर्फ मैनेजर सिंह, मंगललेख थाना पाटी जिला चंपावत निवासी राम सिंह के खिलाफ थाना पुलिस ने गैंग चार्ट बनाकर जिला मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट प्रेषित की है। जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन के उपरांत थाना पुलभट्टा में गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की विवेचना सितारगंज के प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह बृजवाल कर रहे हैं। थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पकड़े गए आरोपी छिनदर सिंह उर्फ सुखविंदर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के दो तथा गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत है।

# जाम से पर्यटक हो रहे परेशान

**सीसी मार्ग, लिंक मार्ग और अन्य मार्ग पर दिन भर वाहन जाम में रहते हैं फंसे**

संवाददाता, भीमताल


भीमताल में लगे जाम में फंसे वाहन चालक।

**अमृत विचार :** भीमताल नगर और आसपास के क्षेत्र में अप्रैल से जुलाई तक प्रत्येक दिवस यातायात जाम लगना अब आम बात हो गई है। स्थानीय कारोबार प्रभावित है तो वहीं दूसरे प्रदेश और शहरों से आने वाले पर्यटक भी परेशान हैं।

स्थानीय स्तर पर हर सीसी मार्ग, लिंक मार्ग और अन्य मार्ग पर दिन भर वाहनों के जाम में फंसे रहने से व्यस्त रहते हैं। ऐसी स्थिति में अब इसका असर स्थानीय कारोबार में भी दिखाई देने लगा है। पर्यटक नौकायन करना चाहते हैं तो वाहन खड़ा करने के लिए स्थान नहीं होने के कारण रुक भी नहीं सकते हैं। इतना ही नहीं झील के चारों तरफ अवैध रूप से बोटिंग स्टैंड का निर्माण होने से अनियोजित तरीके से लगे वाहनों से यातायात जाम लगना, स्थानीय स्तर में भी बिना पार्किंग वाले होटलों में ठहरे पर्यटकों के वाहनों को होटल प्रबंधकों के द्वारा अपने होटल के सामने सड़क में वाहनों को खड़ा कर देने से यातायात जाम लग रहा है।

वहीं स्थानीय स्तर में किसी भी विभाग के पास इस समस्या से निजात पाने के लिए कोई ठोस कार्ययोजना नहीं होने से हर वर्ष यातायात की समस्या गंभीर होते जा रही है। इधर यातायात के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने की मांग करने वालों में होटल कारोबारी नितेश बिष्ट, राहुल जोशी, कार्तिक कनार्टक, नीरज रैकुनी, समेत कई अन्य कारोबारी हैं।


काशीपुर में कांग्रेस नेत्री इंदिरा हृदयेश को श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदिरा हृदयेश की तृतीय पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री इंदिरा हृदयेश की तृतीय पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि इंदिरा हृदयेश भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की सदस्य थीं। वह वर्ष 1974 से 2000 तक चार बार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिए चुनी गईं। वह 2002, 2012 और 2017 में उत्तराखंड विधनसभा के लिए चुनी गईं और 2002 और 2017 के बीच, उत्तराखंड की राज्य वित्त मंत्री रहीं। 2017 से वह उत्तराखंड विधानसभा के लिए विपक्ष की नेता थीं। इस दौरान कार्यक्रम में मुशर्रफ हुसैन, अरुण चौहान, विमल गुड़िया, जय सिंह गौतम, महेंद्र लोहिया, मीनू गुप्ता, जितेंद्र सरस्वती, मंसूर अली मंसूरी, अब्दुल कादिर, नजमी अंसारी आदि मौजूद रहे।


जल महोत्सव के अवसर पर पौधारोपण करते विकास खंड के पदाधिकारी।

# काशीपुर ब्लॉक कार्यालय में मनाया जल महोत्सव

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर विकासखंड कार्यालय के परिसर में जल महोत्सव मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने पौधरोपण कर जल संरक्षण को लेकर चर्चा की। गोष्ठी में ब्लॉक प्रमुख अर्जुन कश्यप ने बताया कि ग्रामीणों को अपने घर के सामने कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इस दौरान संजय कुमार, रमेश चंद्र नैनवाल, जगदीश राणा, पवन चौहान, राजीव शर्मा, जगजीत सिंह, जगदीश चंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

# अब आधुनिक प्रयोगशालाओं में पंत विवि के छात्र कर सकेंगे शोध

**शोध को बढ़ावा देने के लिए बायोटेक और पंत विवि में करार**

संवाददाता, पंतनगर


एमओयू के दौरान बायोटेक निदेशक और विवि के अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बायोटेक्नोलॉजी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बायोटेक) हल्दी और जीबी पंत कृषि विवि के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत बायोटेक विवि के स्नातकोत्तर और पीएचडी छात्रों को अपना शोध प्रबंध उनकी आधुनिक प्रयोगशालाओं में पूरा करने की अनुमति प्रदान करेगा और विवि यूसीबी के वैज्ञानिकों को शोध मार्गदर्शन के लिए मान्यता देगा। इससे प्रदेश में जैव प्रौद्योगिकी आधारित कृषिकरण और प्रसार गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस एमओयू से छात्र दोनों संस्थान के आधुनिक शोध सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे।

साथ ही शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए छात्रों एवं वैज्ञानिकों का आदान प्रदान किया जाएगा। एमओयू के दौरान निदेशक डॉ. संजय कुमार, डीन पीजीएस डॉ. केपी रावेरकर, निदेशक शोध डॉ. अजित सिंह नैन, डीन सीबीएसएच डॉ. संदीप अरोरा, डॉ. कंचन कार्की, डॉ. सुमित पुरोहित सहित परिषद व विवि के कार्मिक व शोधार्थी मौजूद थे।

# प्रतिबंध के बावजूद गौला में स्नान करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग

संवाददाता, भीमताल


गौला नदी में नहाने पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुलिस की रोक के बावजूद अमृतपुर से आगे जमरानी मार्ग पर डहरा के पास गौला नदी में नहाने वालों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है, जबकि पिछले एक माह में दो युवाओं की नदी में नहाते समय डूब कर मृत्यु हो चुकी है।

पर्यावरण प्रेमी और पीपुल्स फॉर एनिमल के सदस्य दीपक नौगांई ने बताया कि नदी में नहाने वालों का मेला सा लगा हुआ है। इसमें स्थानीय लोग कम बल्कि बाहर के लोग ज्यादा हैं, जो टैक्सियों और अपने निजी वाहनों से यहां नहाने पहुंच रहे हैं।

असावधानी से फिर कोई घटना हो सकती है, क्योंकि लोगों को नदी की गहराई का पता नहीं है और ना ही यह पता है कि नदी में किस क्षेत्र में नहाना चाहिए और कहां नहीं जाना चाहिए।


जसपुर कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी व लोग।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद मनाने की अपील

**जसपुर।** कोतवाली में आयोजित अमन कमेटी की बैठक में बकरीद का त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। गुरुवार को जसपुर कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह ने की। उन्होंने कहा कि बकरीद का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाएं। इस मौके पर कोतवाल हरेंद्र चौधरी, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश पांडे, बाजार चौकी इंचार्ज सुशील कुमार, समदर्शी संस्था के अध्यक्ष आरपी सिंह, व्यापार मंडल के महामंत्री महफूज अली, भाजपा नगर महामंत्री विशाल कुमार, पीयूष जोशी, मास्टर सुरेंद्र सिंह, अब्दुल मजीद आदि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-100

**बाएं से दाएं**

2. मुकुट के आकार की एक प्रकार की तिकोनी टोपी जो किसी समय मुसलमान फ़कीर पहना करते थे।

4. लालच, लोभ।

5. 1. निगलने की क्रिया या भाव 2. निगलना।

7. दे. पंचमेल।

8. 1. घिसने

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कीचड़, फिसलन 2. भीड़-भाड़ 3. उलझन, दुविधा 4. व्यर्थ का विवाद।

3. 1. जो किसी तीव्र मनोविकार के कारण ज्ञान या विवेक खो बैठा हो, जिसकी दिमागी हालत ठीक न हो, बावला, विक्षिप्त, सनकी 2. प्रेम या क्रोध में आपे से बाहर व्यक्ति, दीवाना 3. बहुत मूर्ख।

5. 1. गीला और नरम, आर्द्र और कोमल 2. करुणा

6. 1. कामवासना संबंधी 2. भौतिक या शारीरिक।

7. स्नान, सिंचाई, छिड़काव।



## वर्ग पहेली -99 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जी | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 अ | ■ |
| वि | ■ | 3 द | 4 ब | का | ना | ■ |
| त | ■ | ■ | ग | ■ | ड़ी | ■ |
| ■ | 5 ब | 6 त | र | स | ■ | 7 ख |
| 8 झ | ड़ | क | ना | ■ | 9 मो | न |
| ■ | ■ | री | ■ | ■ | ■ | ख |
| 10 ऐ | ल | ब | म | ■ | 11 था | ना |

## सुडोकू -13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 8 | | | 4 | | 6 |
| | 4 | | 7 | | | | 3 | |
| 1 | | | 2 | 6 | 4 | | | 7 |
| 4 | 7 | | | 5 | | | | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | | | | 9 | | | 2 | 1 |
| 5 | | | 3 | 7 | 1 | | | 9 |
| | 3 | | | | 2 | | 5 | |
| 2 | | 8 | | | 6 | | 7 | |

## सुडोकू - 12 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 2 | 6 | 4 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 6 | 7 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 1 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 15 जून 12.03 तक तत्पश्चात नवमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** — आज पिता की सेहत की चिंता हो सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। संपत्ति विवादों को टालने का प्रयास करें। सरकारी कार्यों में आपको कुछ असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा।

**वृष** — आज संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर आपको काफी सावधान रहना होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। स्वजनों से मतभेद उभर सकते हैं। आपको अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिए।

**मिथुन** — आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी, किंतु स्वास्थ्य को लेकर कष्ट हो सकता है। अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। वैवाहिक जीवन में तालमेल बनाकर रखें। अपने काम की जिम्मेदारी दूसरों पर न डालें।

**कर्क** — आज व्यवसाय में आय वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। भाई-बहनों के माध्यम से आपको लाभ प्राप्त होगा। आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। आपके रुके हुए काम गति में आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह** — आज नए काम को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। विवादित मामलों का समाधान निकालने में सफलता मिलेगी। आप सामाजिक कार्यक्रमों में व्यस्त रहेंगे जिससे कारण सामाजिक लोगों से आपके संबंध घनिष्ठ होंगे।

**कन्या** — आज आपको अनुभवी लोगों की सलाह से काफी लाभ हो सकता है। आपको अपने सम्मान की चिंता रहेगी। वैवाहिक जीवन को लेकर तनाव हो सकता है, लेकिन दोपहर के बाद आप समझदारी पूर्वक इन समस्याओं का समाधान प्राप्त कर लेंगे।

**तुला** — आज लोग आपको धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं। नए कार्यों को लेकर जल्दबाजी न करें। आपको सावधानी पूर्वक परिस्थितियों का आकलन करना चाहिए। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे, लेकिन इसके बावजूद आपके मन में एक अजीब सा अज्ञात भय भी हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज आपकी परिस्थितियां काफी अनुकूल रहने वाली हैं। शेयर मार्केट में निवेश कर सकते हैं। मित्रों से उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में आप अपनी सहभागिता बढ़ा सकते हैं। पारिवारिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी।

**धनु** — आज पारिवारिक व्यवसाय में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। शत्रुओं के ऊपर आपको विजय मिलेगी। राजनीतिक लोगों के लिए दिन अच्छा है। जॉब में अचानक पदोन्नति के योग बन रहे हैं।

**मकर** — आज वैवाहिक जीवन में असंतोष बढ़ सकता है। आप अपने विचारों को थोपने से बचें। संभव है कि कुछ समय पश्चात आप स्वयं अपनी ही बातों से सहमति न रखें। आपके मन में किसी पुरानी बात को लेकर चिंता रहेगी। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है। शाम को मन कुछ उदास रहेगा। अपने काम के प्रति मन में नकारात्मक भाव जाग सकता है। सुबह आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन के कारण अति आत्मविश्वास में गलतियां कर सकते हैं।

**मीन** — आज आप अपने ऊपर बड़ी जिम्मेदारी ले सकते हैं जिसका कुछ दबाव भी आपको देखने को मिलेगा। शाम के समय आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जॉब को लेकर आप कुछ यात्रा कर सकते हैं। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
**शिव शक्ति** — सुबह : 10.46
**मजाल** — रात : 07.00

&pictures
**रोड साइड राउडी** — सुबह : 11.31
**वेलकम बैक** — शाम : 05.13

SONY PIX
**द डार्क नाईट राइसेस** — सुबह : 10.44
**रैमपेज** — रात : 09.00

ZEE CINEMA
**गुमनाम** — सुबह : 09.30
**आरआरआर** — रात : 08.00

colors CINEPLEX
**महा चोर** — सुबह : 08.35
**जुग जुग जियो** — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है। हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा-मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

लड़के वाले- आपकी लड़की क्या करती है?
लड़की वाले- जी, इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करती है।
लड़के वाले- समझे नहीं।
लड़की वाले- गूगल से शायरियां उठाती है और वॉट्सएप पर चिपकाती है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्मात् त्रस्यन्ति भूतानि मृगव्याधान्मृगा इव।
सागरान्तामपि महीं लब्ध्वा स परिहीयते॥

जैसे शिकारी से हिरण भयभीत रहते हैं ,उसी प्रकार जिस राजा से उसकी प्रजा भयभीत रहती है, फिर चाहे वह पूरी पृथ्वी का ही स्वामी क्यों न हो ,प्रजा उसका परित्याग कर देती है।

## संपादकीय

# राजनीति में मर्यादा

ओडिशा में नवीन पटनायक की 25 साल की सत्ता खत्म और भाजपा का शासन शुरू हो चुका है। मोहन चरण माझी ने बुधवार को राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में निवर्तमान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की शालीन उपस्थिति और प्रधानमंत्री से लेकर सभी नेताओं से मेल-जोल की सुंदर तस्वीर दिखी। लगा कि नवीन पटनायक ही मानों समारोह के मेजबान हों। राजनीतिक सद्भाव धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। ऐसे समय में जब राजनीतिक रिश्तों में विरोध, दुश्मनी की तरफ बढ़ रहा है, राजनीतिक शुचिता, मर्यादा, शील-व्यवहार जरूरी है। मर्यादा बहुत जरूरी है जिसका अभाव है। नवीन पटनायक सेकुलर छवि वाले नेता हैं। देखा जाए तो एक व्यक्ति के रूप में नवीन पटनायक की मिलनसारिता ही उनकी सादगी है। उनका राजनीतिक जीवन भी उनके व्यक्तित्व से ही प्रभावित है। उन्होंने चुनाव प्रचार में कहीं भी असंसदीय भाषा का प्रयोग नहीं किया जबकि आज चुनाव प्रचार के दौरान भाषा की मर्यादा का उल्लंघन एक बड़ी समस्या बन गई है। भाषा की मर्यादा का उल्लंघन न सिर्फ चुनावी प्रक्रिया को बदनाम कर रहा है, बल्कि यह समाज के लिए भी खराब संकेत है। मतभेद, मनभेद को तोड़ रहा है। अब विचार के प्रति भी कोई प्रतिबद्धता नहीं हैं। सिर्फ व्यक्तिगत स्वार्थ है तो जाहिर सी बात है कि सोच के स्तर पर पतन होगा। चुनावी राजनीति ने सारी मर्यादाएं समाप्त कर दी हैं।

लोकतंत्र में ही असहमति, विसम्मति, आलोचना, विरोध-प्रतिरोध संभव है। लोकतंत्र एक व्यवस्था है जिसमें यह तय होता है कि विभिन्न मतों, सोच, विवेक का इस्तेमाल करते हुए जनता और समाज की बेहतरी के लिए निर्णय कैसे लिए जाएंगे? ध्यान देने वाली बात है कि जहां देश की विविधता को ध्यान में रखा जाता है और इसके मुताबिक स्वीकार्य व्यवस्था बन जाती है, वहां टकराव और टूटन नहीं होती है। जहां लोग व्यवहार तो विविधता के हिसाब से ही करते रहते हैं, लेकिन स्वीकार्य व्यवस्था नहीं बन पाती है, वहां कुछ न कुछ आपसी दिक्कत होती रहती है। परंतु क्या बिना बंधुता, प्रेम और सम्मान के समाज व देश को एक बनाए रखा जा सकता है? लोकतंत्र का मूल आधार कुछ मूल्य, सिद्धांत होते हैं। जब ये सिद्धांत हमारे संस्कारों में आ जाते हैं, तब लोकतंत्र स्थापित होता है। लोकतंत्र की खूबसूरती इसी को कहते हैं। परंतु लोकतंत्र की इस खूबसूरती को ग्रहण लग रहा है। जनता को राजनीतिक व्यवहार, लोकतंत्र के बारे में प्रशिक्षित करना चाहिए।

# संविधान की धारा 51 ए -एच और ऋग्वेद का नासदीय सूक्त



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

भला नासदीय सूक्त का संविधान की धारा 51 ए से क्या संबंध? मैं वेदों को ईश्वर (?) की वाणी नहीं मान पाता। मनुष्य को जिस किसी भी भाषा में जो कुछ भी उपलब्ध है,उसे ईश्वर की वाणी नहीं मान पाता। कोई दुराग्रह नहीं, आप ही बताइए जो चीज दिमाग में न घुसे,उसे कैसे मान लिया जाए?

आपातकाल के दौरान भारतीय संविधान में जो संशोधन हुए,उनमें से एक है नए शीर्षक 'मौलिक कर्तव्य' के अंतर्गत धारा 51 ए का सन्निवेश। आपातकाल के बाद भी इसके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं हुई। लिहाजा यह उसी तरह संविधान का हिस्सा बना हुआ है जैसे मौलिक अधिकार। यहां धारा 51 ए का खंड (एच) उद्धृत है: "यह भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा (एच) वैज्ञानिक स्वभाव, मानवतावाद और जांच और सुधार की भावना विकसित करना। (जोर दिया गया)

भला नासदीय सूक्त का संविधान की धारा 51 ए से क्या संबंध? मैं वेदों को ईश्वर (?) की वाणी नहीं मान पाता। मनुष्य को जिस किसी भी भाषा में जो कुछ भी उपलब्ध है,उसे ईश्वर की वाणी नहीं मान पाता। कोई दुराग्रह नहीं, आप ही बताइए जो चीज दिमाग में न घुसे,उसे कैसे मान लिया जाए? दिमाग मेरा बनाया हुआ तो है नहीं, न कभी मुझसे पूछा गया कि कैसा दिमाग चाहिए? अब जो मिला है,उसमें जो बात न घुसे तो कैसे कहें कि वह सच है? यह तो सरासर बेईमानी होगी। मुझसे नहीं होगी। कोई आग्रह नहीं,बस असमर्थता। मेरी सीमित जानकारी के अनुसार वेदों में,बल्कि समस्त श्रुति-साहित्य (संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद) में, कहीं नहीं कहा गया है कि श्रुतियां ईश्वर की वाणी हैं। श्रुति माने जो लेखन कला की ईजाद के पहले सुनने और याद करने की परंपरा से पीढ़ी-दर-पीढ़ी चला आया था-ईश्वर से सुना हुआ नहीं।

वेद अपौरुषेय हैं-यह भी परवर्ती भाष्यकारों, खासकर मीमांसकों की उद्भावना है। वेदों या श्रुतियों में कहीं वेदों को 'अपौरुषेय' नहीं कहा गया है। कहने वाले भाष्यकारों के दिमाग में आ गया होगा,मेरे दिमाग में नहीं आता। आपके दिमाग में आए तो आप अपौरुषेय मानिए, न आए तो न मानिए।

इतना अवश्य मानता हूं कि मौलिक विचार निर्वैयक्तिक होते हैं। एक ही विचार भिन्न समय और भिन्न स्थान पर परस्पर असंबद्ध लोगों ने व्यक्त किए हैं तो विचार व्यक्ति में बनते नहीं, उसके माध्यम से व्यक्त होते हैं। शायद इसीलिए उसकी संज्ञा 'व्यक्ति' है। विचार चेतना में कहीं से अकस्मात आ टपकते हैं। कहां से ? पता नहीं।

डॉ.आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'शूद्र कौन थे' में पुरुष सूक्त की विशद विवेचना की है,बल्कि हिंदू समाज में शूद्रों की स्थिति की बदहाली का नैरेटिव वे ऋग्वेद के इसी सूक्त से शुरू करते हैं। क्योंकि ब्राह्मणों में इसकी महिमा का बखान करने तथा नित्य पूजा और मांगलिक अनुष्ठानों में इसका पाठ करने की व्यापक परंपरा थी। पुरुष सूक्त के बाद वे अन्य वेदों व ब्राह्मणों में वर्ण की ईश्वरीय उत्पत्ति का संदर्भ देते हुए स्मृतियों पर उतर आते हैं और उन्हीं के विस्तृत विमर्श के आधार पर अपना प्रमेय निर्मित करते हैं,किंतु ऋग्वेद की ही में सृष्टि का प्रारंभ आदिपुरुष मनु से बताया गया है,न की विराट पुरुष के चार भिन्न अंगों से उत्पन्न चार भिन्न पुरुषों से।

ऋग्वेद का नासदीय सूक्त अच्छा लगता है, क्यों अच्छा लगता है? इसका कोई जवाब है? किसी को कोई चीज क्यों अच्छी लगती है,वह सचमुच बता सकता है? बात सिर्फ इतनी है कि मुझे नासदीय सूक्त मनुष्य के दिमाग में सहज रूप से उठने वाले प्रश्नों की सुंदर,काव्यात्मक अभिव्यक्ति लगता है तो नासदीय सूक्त (ऋग्वेद, मंडल-10, सूक्त-129) की कुल सात ऋचाएं मूल (वैदिक संस्कृत) में काम चलाऊ हिंदी अनुवाद के साथ प्रस्तुत हैं: नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्। किमावरीवः कुह कस्य शर्मन्नम्भः किमासीद् गहनं गभीरम्॥1॥ (तब न अनस्तित्व था, न अस्तित्व। न वायुमंडल था,न उसके परे आकाश। इसे कौन आच्छादित करता था और कहां? कहां था इसका आश्रय? क्या तब केवल जल था-अतल गहराई वाली गहन, गंभीर जल?)

न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः। अनीदवातं स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न परः किं चनास॥2॥ (मृत्यु नहीं थी तब, न ही थी अमरता। रात्रि और दिन के विभाजन का कोई संकेतक नहीं था। बस एक ही तत्व था- प्रश्वास-रहित,स्वयं की प्रकृति से प्रश्वसित। उसके अतिरिक्त कुछ भी तो नहीं था।) तमआसीत्तमसा गूहमग्रेऽप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदम्। तुच्छ्येनाभ्वपिहितं यदासीत् तपसस्तन्महिनाजायतैकम् ॥ 3॥ (अंधकार था तब-अंधकार से ही आच्छादित अंधकार। अभेद्य जल-सा परस्पर मिला हुआ,अस्त-व्यस्त सा कुछ। वह जो रिक्त, निराकार, अरूप ऊष्मा (तप) थी,वही अपनी महिमा से एक इकाई बनकर उत्पन्न हुई।)

कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्। सतो बंधुमसति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा॥4॥ (प्रारंभ में संकल्प उठा, संकल्प जो आदिम बीज और चेतना का अंकुर था। तब मनीषी कवियों ने, अपनी हृदयस्थ विवक्षा से अस्तित्व का रिश्ता अनस्तिव में खोज निकाला।)

तिरश्चीनो विततो रश्मिरेषा मधः स्विदासीदुपरि स्विदासीत्। रेतोधा आसन् महिमान आसन् स्वधा अवस्तात् प्रयतिः परस्तात्॥ 5॥ (तब वह (अस्तित्व से अनस्तित्व की) विभाजन रेखा वितान की तरह तन गई। उस वितान के ऊपर क्या था, उसके नीचे क्या था? बस यहां सर्जक थे, विराट शक्तियां थीं, स्वायत्त क्रियाशीलता थी, तो वहां थी ऊर्जा।)

को अद्धा वेद कइह प्र वोचत् कुत आजाता कुत इयं विसृष्टिः। अर्वाग् देवा अस्य विसर्जनेनाऽथा को वेद यत आवभूव॥ 6॥ (कौन जानता है, कौन कह सकता है,यह (सृष्टि) ठीक कहां से उत्पन्न हुई, कहां से आई? देव तो सृष्टि के बाद की उपज हैं तो कौन जानता है,यह सर्वप्रथम कहां से प्रकट हुई।)

इयंविसृष्टिर्यत आबभूव यदि वा दधे यदि वा न। यो अस्याध्यक्षः परमे व्योमन् त्सो अङ्ग वेद यदि वान वेद॥ 7॥ (वह जो सृष्टि का आदि मूल है, यह उसकी निर्मिति है या उसकी निर्मिति नहीं है किसके नेत्र हैं,जो उच्चतम व्योम से इसका नियंत्रण करते हैं? और वह इसे जानता भी है या नहीं जानता?)

इसमें उसी पूछताछ की भावना (स्प्रिट ऑफ इंक्वारी) का दर्शन नहीं होता, संयोग से जिसका संदर्भ हमारे संविधान की धारा 51 ए (एच) में मिलता है?

डॉ.आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'शूद्र कौन थे' में पुरुष सूक्त की विशद विवेचना की है,बल्कि हिंदू समाज में शूद्रों की स्थिति की बदहाली का नैरेटिव वे ऋग्वेद के इसी सूक्त से शुरू करते हैं। क्योंकि ब्राह्मणों में इसकी महिमा का बखान करने तथा नित्य पूजा और मांगलिक अनुष्ठानों में इसका पाठ करने की व्यापक परंपरा थी। पुरुष सूक्त के बाद वे अन्य वेदों व ब्राह्मणों में वर्ण की ईश्वरीय उत्पत्ति का संदर्भ देते हुए स्मृतियों पर उतर आते हैं और उन्हीं के विस्तृत विमर्श के आधार पर अपना प्रमेय निर्मित करते हैं,किंतु ऋग्वेद की ही में सृष्टि का प्रारंभ आदिपुरुष मनु से बताया गया है,न की विराट पुरुष के चार भिन्न अंगों से उत्पन्न चार भिन्न पुरुषों से।

वेदों के प्रसिद्ध विद्वान कोलब्रुक का मत है कि पुरुष सूक्त की भाषा,छंद और शैली सृष्टि से संबंधित अन्य सूक्तों से बिल्कुल भिन्न है। मैक्समूलर का स्पष्ट मत है कि अपने कथ्य और शब्द योजना में पुरुष सूक्त बहुत बाद की रचना है। स्पष्ट है कि कालांतर में पेशों के आनुवंशिक तथा वर्णों का सोपानीकरण हो जाने के बाद उन्हें दैवीय आधार देने के लिए निहित स्वार्थवश पुरुष सूक्त को ऋग्वेद में घुसा दिया गया और विडंबना देखिए कि इस सूक्त का प्रक्षिप्तीकरण ऋग्वेद के उसी दसवें मंडल में किया गया जिसमें नासदीय सूक्त था,जो अन्य धर्मों के बरअक्स सृष्टि के बारे में सबसे ईमानदार जिज्ञासा की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है। दुनिया में सृष्टि पर किया गया पहला चिंतन। (ऋग्वेद को विश्व का आदि काव्यग्रंथ तो सभी विद्वान मानते हैं।)

## प्रसंगवश

# बंधनों से मुक्त औरत की तलाश में

संविधान में समानता के अधिकार के बावजूद वे अधिकारहीन हैं। अधिकांश औरतें आज भी पुरुष जगत के अंतर्गत ही जिंदगी जी रही हैं। वे हर समय पुरुष के पूरक की तरह सेवा करती रहती हैं। वे जहां एक ओर पुरुष के पूरक की तरह काम करती हैं वहीं दूसरी ओर उसे चुनौती भी देती हैं। इस विरोधाभासी स्थिति के कारण ही वे समाज में अपनी जगह बनाती हैं। औरत बचपन से यही सीखकर बड़ी होती है कि औरत को पुरुषों की बातें माननी चाहिए फिर कालांतर में इसी धारणा से वह मुठभेड़ करती है।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

औरत की समूची संरचना इस कदर बनी होती है कि वह आलोचना, जांच-पड़ताल आदि से बचती है। वह पुरुष के मूल्यांकन और राय की आराधना करती है। स्त्री की दृष्टि में शक्ति ही महान है इसलिए वह पुरुष की शक्तिशाली के रुप में पूजा करती है। स्त्री में अनुकूलन की प्रबल प्रवृति होती है। सीमोन के शब्दों में कहें तो पुनर्निर्माण और विध्वंस उसका सहज स्वभाव नहीं है। वह विद्रोह की अपेक्षा समझौते पसंद करती है। चूंकि स्त्री को घर-परिवार की चौखट से बांध दिया गया है। फलतः वह उसी में रमण करती रहती हैं। ऐसी स्थिति से लोकमंगल और स्वतंत्रता के बारे में उससे सकारात्मक पहल की उम्मीद कम ही करें। स्त्री को समर्थ बनाने के लिए उसे घर से बाहर निकालना जरूरी है। उसको सार्वजनिक तौर पर विभिन्न सवालों पर बोलना चाहिए। स्त्री के लिए अस्पृश्यता के सभी दायरों तोड़ने की जरूरत है।

औरत सुरक्षित रहे, आत्मनिर्भर बने और मानवीय जीवन जिए इसके लिए उसके अंदर स्वतंत्रता का बोध पैदा करने की जरूरत है। आजादी के बाद भारतीय समाज में औरत के शरीर पर सबसे ज्यादा हमले हुए हैं,लेकिन औरत की देह और कामुकता को लेकर वाद-विवाद-संवाद गायब रहा है। औरत पर हमले उन समाजों में ज्यादा होते हैं,जहां औरत के शरीर और कामुकता पर खुलकर बातें नहीं होतीं। औरत को बचाने के लिए उसके बारे में बातें करना जरूरी हैं। औरत पर बातें करो, कामुकता के सवालों पर विभिन्न दृष्टियों से बातें करो,औरत पर हमले कम हो जाएंगे।

# अब तो युवजन को भी कैंसर होने लगा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

जरूरी नहीं कि हरेक को कैंसर हो,ऐसा कहने वाले अनेक डॉक्टर्स और जानकार मिलेंगे,लेकिन सही वही है,जो रिसर्चर लोग कहते हैं। देश में कितने लोग साइंटिफिक जर्नल्स पढ़ते हैं?

मसालेदार,जायकेदार नॉनवेज और शराब के सेवन से देश में कैंसर के रोगी और कैंसर से मरने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ रही है। नियमित रूप से मांस खाने वाले और इसके साथ किसी भी तरह की वाइन का सेवन करने वालों को मालूम होना चाहिए कि देश में जो लोग कैंसर से पीड़ित हैं उनमें से अधिकांश को कार्सिनोमा और सार्कोमा,यही दो मुख्य प्रकार के कैंसर होते हैं।

कार्सिनोमा ऐसा कैंसर है,जो अंतरंगों-जैसे कि पाचन प्रणाली में आंत की भीतरी परत को बनाने वाले कोशिकाएं, की पतली चमड़ी के अलावा बाहर की चमड़ी के कोशिकाओं को भी प्रभावित करते हुए विकसित होता है,सार्कोमा हड्डियों की मज्जा सॉफ्ट टिश्यू मांसपेशियों और हड्डी को जोड़ने वाले सख्त टिश्यू टेंडन के अलावा रक्तवाहिकाओं में भी विकसित होता है। गट बैक्टीरिया अर्थात् हमारे पेट में रहने वाले दोस्त माइक्रोब्स (सूक्ष्म जीवाणु,जैसे कि ई-कोलाई) और अन्य जीवाणु (माइक्रोबायोम अर्थात् पाचन प्रणाली में रहने वाले सूक्ष्म जीवाणुओं का संसार) और उदर में प्रवेश करने वाली वसा (फैट्स) की किस्म का अंत और पेट के कैंसर की उत्पत्ति से गहरे संबंधों पर होने वाले शोधकार्य से अनेक नई बातें मालूम हुई हैं।

अब तो युवजन को भी कैंसर होने लगा है। मेरे एक परिचित के 41 वर्षीय दामाद को कार्सिनोमा हुआ। सवा महीना एम्स दिल्ली में भर्ती रहने के बाद ही यह मालूम हुआ कि उन्हें कार्सिनोमा है। पहले तो डॉक्टर्स जूझते रहे कि सही डायग्नोसिस नहीं हो रही है। मालूम हुआ कि 40-45 वर्ष के बीच की आयु के मेरे एक और परिचित के दामाद की मृत्यु पेट में कैंसर की वजह से हुई। पहले वाले केस में इन्हें नियमित रूप से मीट या चिकन खाने की आदत रही,लेकिन दूसरे केस में कार्सिनोमा का कारण फैट मेटाबोलिज्म में कोई गड़बड़ हो सकती है। आजकल अनेक तरह के रिफाइंड कुकिंग ऑयल्स बाजार में मिलते हैं। 'देसी' घी के नाम पर मालूम नहीं कैसा 'ग्रीज' हमें थमा दिया जाता हैं। इसमें पाम आयल तो शर्तिया मिलाया जाता है, लेकिन गांव से गाय या भैंस के दूध से निकाला गया घी जिसे दूध से बनी दही को बिलोकर या मथकर मक्खन को गर्म करके निकाला जाता है वही हमारे लिए शुद्ध और सुरक्षित आहार है। अगर नहीं तो देसी खान-पान, शुद्ध खाद्य सामग्री और गांव एवं अपने स्वास्थ्य के बीच एक संबंध को टटोलें तब हमें यह अहसास भी होगा कि गांव संस्कृति का बने रहना हमारे लिए कितना जरूरी है।

जरूरी नहीं कि हरेक को कैंसर हो,ऐसा कहने वाले अनेक डॉक्टर्स और जानकार मिलेंगे,लेकिन सही वही है,जो रिसर्चर लोग कहते हैं। देश में कितने लोग साइंटिफिक जर्नल्स पढ़ते हैं? एक लाख में से एक व्यक्ति! रोजाना के बड़े अखबार में भी मुश्किल से एक छोटी-सी,दबी-सी खबर एक कोने में दुबकी दिखाई देती है। कैंसर होगा तो आमजन को और बहुत देर बाद ही कैंसर होने की बाबत भी पता चलता है। अमूमन यह दूसरी और तीसरी स्टेज में मालूम होता है और वह भी उस डॉक्टर को जो होशियार हैं और सेहत संबंधी किसी और विकार के इलाज के लिए जांच करते समय बस यूं ही मालूम हो जाता है। तब अचानक ब्लड रिपोर्ट या टिश्यू सैंपल से कैंसर होने का पता चलता है।

अंतरंगों की जांच किसी नॉन-इन्वेजिव तकनीक से की गई हो, तब भी यह अचानक से मालूम होता है। सरकार न तो आयल को रिफाइन करने की फैक्ट्री बंद करेगी,न देशी घी में मिलावट को और न ही फल, सब्जियों और खाद्यान्न और दलहन वाली फसलों में इंसेक्टिसाइड का प्रयोग। न नॉन-अल्कोहलिक सॉफ्ट कोल्ड ड्रिंक्स की खपत कम होगी और न ही जल-जमीन और वायु प्रदूषण कम होगा और न ही हमारी आदतें बदलेंगी। डॉक्टर्स और रिसर्चर्स तो कहते हैं कि मॉडरेट एक्सरसाइज भी अगर की जाए तो भी खराब खाने से यह हमारी कुछ तो रक्षा करता ही है,लेकिन असली बात यह है कि खराब खाने का सेवन करने वाला ही तो है,जो मामूली एक्सरसाइज नहीं करता। इन सबसे बचने के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान से संबद्ध राष्ट्रीय पोषण संस्थान ने अभी कुछ सप्ताह पहले ही डाइटरी गाइड लाइंस फॉर इंडियंस अर्थात् भारतीय लोगों के लिए उपयुक्त आहार दर्शिका जारी है, जिसे निःशुल्क इंटरनेट से डाउनलोड किया जा सकता है। इसका भी पालन किया जाए तो भी देश में कैंसर के मामलों में 50-60 प्रतिशत तक कटौती हो सकती है। ऐसा कोई दावा या प्रमाण तो नहीं, लेकिन ऑब्जरवेशन के मुताबिक यह बात सही है।

## सोशल फोरम

# पूरा तंत्र ही बदलना होगा

ये बहुत ही दुखद है कि बलात्कार कई श्रेणियों में बांट दिया गया है। अगर महिला को कोई क्षति नहीं पहुंची है (शारीरिक रूप से,मानसिक की परवाह यहां कौन करता है) तो ज्यादातर ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। दूसरी कैटेगरी में महिला के साथ दरिंदगी करना जैसे मामले और फिर कम उम्र की बच्चियों के साथ हैवानियत, जो कि किसी को भी हिला दें।

इस कैटेगरी में आने वाले बलात्कार कुछ दिनों के लिए लोगों के जेहन में छाए रहते हैं। लोग कैंडल मार्च करते हैं, इंसाफ की मांग करते हैं, धरना प्रदर्शन, जुलूस वगैरह और फिर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार। अरे हां! आजकल इसे सांप्रदायिक बनाने की भी बाते की जाती हैं जिसको वजह बनाकर कुछ दिन नफरत भी फैलाई जाती है और आरोपी के धर्म को देखकर कुछ उनके बचाव में भी उतरते हैं। तब बहुत शर्म महसूस होती है जबकि लोगों कों धर्म के चक्कर में किसी महिला का दर्द नहीं दिखता।



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

मेरा यही मानना है कि रेप बस एक रेप है,उसे कैटेगराइज्ड नहीं किया जा सकता और न ही किसी धर्म से जोड़ा जा सकता। क्योंकि मेरी समझ से किसी भी क्राइम के पीछे एक इंटेशन होता है,अगर हम रेप की वजह सेक्सुअल सेटिस्फेक्शन मान रहे तो शायद हम गलत हैं? सामान्यतः कोई भी व्यक्ति इस अवस्था में कैसे सेटिस्फाई हो सकता है? ये एक मनो अवस्था है शायद साइकोलॉजिकल डिसआर्डरनेस जैसा कुछ। ऐसा व्यक्ति समाज में कैसे रह सकता है?

हमें एक पूरा तंत्र ही बदलना होगा, क्योंकि न तो सजा से कुछ हो सकता है न ही हमारी विचारधारा से। हमें शुरू से ही शुरू करना होगा। बच्चों की शिक्षा को बिना लड़की लड़के के अंतर बताए ही शुरू करनी होगी। न कोई लड़की पटाखा है न ही माल, न ही किसी के कपड़े किसी का चरित्र डिसाइड करते हैं। ऐसी सभी लोककथाओं या दंतकथाओं को हटाना होगा,जो बिना सोचे समझे ही बना दी गईं। न तो कोई पावरफुल हो, न ही कमजोर, एक स्वस्थ वातावरण में ही स्वस्थ बचपन होगा और वही युवा देश का बेहतर भविष्य बनेगा।

–फेसबुक वॉल से

# सवालों और विवादों के घेरे में प्रतियोगी परीक्षाएं

हाल ही में मेडिकल के क्षेत्र में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली नीट परीक्षा विवादों एवं सवालों के घेरे में खड़ी है। मामले के ऊपर राजनीतिक रंग भी चढ़ने लगा है। आरोपों एवं प्रत्यारोपों की बौछार जारी है। इसी बीच लखनऊ की एक छात्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी फटी हुई ओएमआर शीट दिखाते हुए कहा है कि परीक्षा में उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। उसने दोबारा अपनी ओएमआर शीट का मूल्यांकन करने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। छात्रा के अनुसार परीक्षा परिणाम आने पर संबंधित पेज नहीं खुल रहा था और स्क्रीन पर लिखकर आ रहा था कि अपना परिणाम जनरेट नहीं हुआ है। कुछ समय पश्चात छात्र के पास एनटीए से मेल आया जिसमें उल्लेख किया गया था कि छात्रा का रिजल्ट जनरेट नहीं हो सकता,क्योंकि उसकी ओएमआर शीट फटी हुई थी। छात्रा का आरोप है कि उसकी ओएमआर शीट को जानबूझकर फाड़ा गया है। छात्रा की फटी हुई ओएमआर शीट में हल किए गए सभी सवाल स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। यहां एक गंभीर प्रश्न यह उठता है कि आखिरकार नीट जैसी बड़ी परीक्षा में इस तरह के विवादपूर्ण मुद्दे कैसे पैदा हो रहे हैं? ऐसा बताया गया है कि जिन छह परीक्षा केंद्रों के 1563 अभ्यर्थियों को कृपांक मिला है,वहां के अभ्यर्थियों के द्वारा ओएमआर शीट फटी होने एवं परीक्षा के लिए समय कम मिलने की शिकायत की गई थी।

हालांकि नीट रिजल्ट के बाद दाखिल की गई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान गुरुवार को एनटीए ने कहा कि वे ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 छात्रों के ग्रेस माकर्स रद्द करके री-एग्जाम कराने को तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा के 14 परीक्षा केंद्र विदेशों में भी बनाए गए थे



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं।

एवं परीक्षा के लिए 24 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। यद्यपि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का कहना है कि जांच का असर किसी भी अन्य परीक्षा केंद्र एवं परीक्षार्थी के परिणाम पर कदापि नहीं होगा,किंतु सवाल यह उठता है कि आखिरकार ऐसी स्थिति क्यों बनी कि छह केंद्रों पर परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिल पाया। कारण यह बताया जाता है कि पहले प्रश्नपत्र गलत वितरित हुआ और उसके बाद जब तक सही प्रश्नपत्र वितरित किया गया तब तक काफी देर हो चुकी थी। प्रश्नपत्र के गलत वितरित होने पर आखिरकार किसको दोषी ठहराया जाना चाहिए? परीक्षा केंद्रों पर सारी व्यवस्थाएं क्यों पुख्ता नहीं थीं? यह तो सर्वथा अनुचित है कि परीक्षा केंद्र के द्वारा बरती गई अनियमितताओं की भरपाई अभ्यर्थियों को कृपांक देकर की जाए। क्या कहीं न कहीं यह बाकी अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं। सर्वप्रथम तो ऐसे परीक्षा केंद्रों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए जिनके द्वारा इतनी बड़ी परीक्षा को लेकर गंभीरता का परिचय नहीं दिया गया। हाल ही में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) जूनियर डॉक्टर नेटवर्क के द्वारा परीक्षा में अनियमिताओं की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो के द्वारा कराए जाने की मांग की गई है। नीट जैसी परीक्षा में इस तरह की गड़बड़ियों का पाया जाना निश्चित रूप से पूरे देश के परीक्षा तंत्र को प्रश्न चिन्हों के घेरे में खड़ा कर देता है। कुल मिलाकर अनेक ऐसे सवाल हैं,जो परीक्षा को एवं परीक्षा नियामक एजेंसी को आरोपों के घेरे में खड़ा कर देते हैं। निश्चित रूप से इस मामले की एक उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए एवं इस जांच में जिस-जिस स्तर पर अनियमितता एवं ढिलाई उजागर होती हैं,उन सभी स्तरों पर कड़ी कार्रवाई भी की जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कहीं न कहीं युवाओं का भविष्य, उनके सपने एवं अंततः देश का भविष्य एवं उसकी प्रगति सब कुछ इन अनियमितताओं एवं धांधलियों की भेंट चढ़ जाएंगे। परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं भी अनवरत रूप से बढ़ती जा रही हैं। किसी एक परीक्षा के पेपर का लीक होना, इसका सीधा सा अर्थ है -लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर लग जाना एवं उनका अमूल्य समय बर्बाद होना। शासन स्तर से इन सभी अनियमिताओं पर कड़ाई के साथ नकेल कसने की जरूरत है ताकि उन सभी अभ्यर्थियों के मार्ग में जोकि पूरी तन्मयता के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने में लगे हुए हैं, किसी तरह की कोई अड़चन उत्पन्न न होने पाए।

# देर आए दुरुस्त आए

देर आए दुरुस्त आए। अंततः उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने 30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति सरकारी कर्मचारियों को उनके पिछले वर्ष की गई सेवा की एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे शासन पर न केवल मुकदमों का बोझ कम होगा,बल्कि उसकी छवि एक आदर्श सेवायोजक की बनेगी। हालांकि बहुत बाद में अस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य ने अपने कार्मिकों को यह सुविधा अगस्त 2023 में ही दे दी है।

वार्षिक वेतन वृद्धि सरकारी कार्मिकों द्वारा बीते वर्ष में किए गए संतोषजनक कार्यों के एवज में दिया जाता है। अमूमन यह सुविधा सभी कार्मिकों को मिलती है। बशर्ते किसी की वार्षिक वेतन वृद्धि दंड स्वरूप रोकी न गई हो। वेतन में यह बढ़ोतरी वर्ष में एक बार 1 जुलाई या 1 जनवरी को दिए जाने की व्यवस्था है। अर्थात् एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने के अगले दिन। साल भर की सेवा पूर्ण करके 31 दिसंबर या 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर उनके वेतन में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं जोड़ी जाती थी,नतीजतन पेंशन में लगातार नुकसान होता था। वर्षों से इस विसंगति को कर्मचारियों ने स्वयं या उनके संगठनों ने समय-समय पर नियोक्ताओं के समक्ष रखा,लेकिन उन्हें बीते वर्ष की सेवा के एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी गई। उच्च न्यायालय व सुप्रीम कोर्ट के दृष्टांतों के बावजूद यहां बुढ़ापे में सेवानिवृत्त को कोर्ट-कचहरी करनी पड़ती थी। शीर्ष न्यायालय तक का अभिमत है कि वार्षिक वेतन वृद्धि बीते वर्ष की सेवा के बदले में अर्जित राशि है और इसे देने के लिए अगले दिन अर्थात् पहली जनवरी या पहली जुलाई को सेवा में न रहना कोई शर्त नहीं हो सकता। शीर्ष न्यायालय के सिद्धांतगत निर्णय पर शासन की अनदेखी उस समय भारी पड़ने लगी,जब न्यायालयों ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर जुर्माना लगाना शुरू किया। इस तरह के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा नगर आयुक्त, नगर निगम, मेरठ पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाने से विषय की गंभीरता समझ में आई। प्रश्नगत विषय पर सुप्रीम कोर्ट का निदेशक (प्रशासन मानव संसाधन) के .पी. टी. सी. एल . व अन्य बनाम सीपी मुंडिनामणि व अन्य (2023 एस.सी.सी. ऑनलाइन एस.सी. 401) मामले में दिया गया निर्णय बहुत ही स्पष्ट है। सुप्रीम कोर्ट ने अभिनिर्धारित किया है कि सरकारी कर्मचारियों को केवल इसलिए वार्षिक वेतन वृद्धि से वंचित नहीं किया जा सकता कि वे वेतन वृद्धि अर्जित करने के अगले ही दिन सेवानिवृत्त होने वाले हैं। न्यायालय ने यह भी कहा है कि वेतन वृद्धि अगले वर्ष अच्छा प्रदर्शन करने के लिए "प्रोत्साहन" नहीं है,बल्कि बीते वर्ष में की गई सेवा के कारण है।



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो चुके या होने वाले कार्मिको को एक वेतनवृद्धि का लाभ दिए जाने का प्रदेश मंत्रिमंडल का निर्णय कार्मिक व नियोक्ता के मध्य अंतहीन मुकदमों का अध्याय समाप्त करेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य सरकार ने एक आदर्श नियोक्ता के रूप में आगे आकर संवैधानिक न्यायालयों द्वारा तय किए गए कानून के अनुरूप निर्णय लेकर न्यायपालिका का भी सम्मान किया है। वैसे लोकसभा चुनाव के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लिया गया यह निर्णय कर्मचारियों की नाराजगी को कम करने का भी काम करेगा।

धामी सरकार के कोश्याकुटोली व जोशीमठ के नाम परिवर्तन संबंधी प्रस्तावों को केन्द्र सरकार से मिली मंजूरी

# अब ज्योतिर्मठ के नाम से जाना जाएगा जोशीमठ

देहरादून, (भाषा)

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के चमोली जिले की जोशीमठ तहसील को अब उसके प्राचीन नाम ज्योतिर्मठ के रूप में जाना जाएगा। जबकि नैनीताल जिले की कोश्याकुटोली तहसील का नया नाम अब श्री कैंचीधाम हो गया है।

अधिकारियों ने बुधवार को यहां बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई घोषणाओं के अनुरूप इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर केंद्र सरकार को भेजे गए थे, जिन्हें अब मंजूरी मिल गयी है।


श्री ज्योतिर्मठ धाम।


श्री कैंची धाम।

जोशीमठ की जनता लंबे समय से जोशीमठ को ज्योतिर्मठ नाम देने की मांग कर रही थी और मुख्यमंत्री के सामने भी यह मांग प्रमुखता से उठाई गई थी। जिसके मद्देनजर पिछले साल उन्होंने चमोली जिले में एक कार्यक्रम के दौरान नाम परिवर्तन की घोषणा की थी। मान्यता है कि आठवीं सदी में आदि गुरु शंकराचार्य इस क्षेत्र में आए थे और कल्पवृक्ष के नीचे तपस्या की थी। जिससे उन्हें दिव्य ज्ञान की ज्योति की प्राप्ति हुई थी। दिव्य ज्ञान ज्योति और ज्योतेश्वर महादेव की वजह से इस स्थान को ज्योतिर्मठ कहा गया। लेकिन बाद में यह जोशीमठ के नाम से प्रचलित हो गया। जोशीमठ को बदरीनाथ धाम का प्रवेशद्वार माना जाता है।

नैनीताल जिले की कोश्याकुटोली तहसील को बाबा नीब करौरी महाराज के आश्रम श्री कैंची धाम का नया नाम देने के प्रस्ताव को भी केंद्र से मंजूरी मिल गयी है। धामी ने बीते वर्ष कैंची धाम मंदिर के स्थापना दिवस पर 15 जून को एक समारोह में कोश्याकुटोली तहसील का नाम बदलकर श्री कैंची धाम करने की घोषणा की थी।

प्रतिदिन भारी संख्या में बाबा के भक्त धाम में दर्शन को पहुंचते हैं। कैंची धाम में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए उत्तराखंड सरकार वहां सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। कैंची धाम को मानसखंड मंदिरमाला मिशन में भी शामिल किया गया है।

# ढाई सौ साधकों ने किया योग

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व कार्यक्रमों के क्रम में आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग द्वारा लोहाघाट के कोली ढेक झील परिसर से योगाभ्यास का पूरे प्रदेश में लाइव प्रसारण किया गया। जिसमें आईटीबीपी 36 वीं वाहिनी लोहाघाट के सहयोग से गुरुवार को प्रातः 6:30 बजे से 7:30 बजे तक कोलीढेक झील में कॉमन योगा प्रोटोकॉल का लाइव प्रसारण किया गया। इस दौरान लगभग ढाई सौ प्रतिभागियों ने कोलीढेक झील पर योग का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के योग अनुदेशक विजय देऊपा, सोनिया आर्या तथा मनोज शर्मा द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आनंद सिंह गोसाई, आईटीबीपी कमांडेंट डीपीसी रावत, द्वितीय कमांडेंट वेदराज मीणा, डीसी संजय तिवारी, जिला आयुर्वेद विभाग से डॉ. प्रकाश सिंह, वीरेंद्र चौहान, राजकुमार बोरा, जगदीश प्रसाद, पंकज सिंह, मनोज रावत, चीफ़ पैटर्न मनोरमा रावत सहित लगभग डेढ़ सौ आईटीबीपी के जवान मौजूद रहे।


लोहाघाट के कोली ढेक में योगाभ्यास करते हुए साधक। ● अमृत विचार

## एक नजर

### देघाट थाने में गोष्ठी आयोजित

**स्याल्दे।** नव नियुक्त थानाध्यक्ष देघाट दिनेश नाथ महंत ने व्यापार मंडल, टैक्सी यूनियन के साथ गोष्ठी की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के बारे में सुझाव लिए और सभी से सहयोग की अपेक्षा की। साथ ही नवीन कानूनों, उत्तराखंड पुलिस एप, गौरा शक्ति, साइबर अपराध समेत अन्य को लेकर मौजूद लोगों को जानकारी दी।

### नैली में योग शिविर लगाया

**अल्मोड़ा।** योग विभाग की ओर से 'आओ हम सब योग करें' अभियान जारी है। गुरुवार को योग प्रशिक्षक दीपक कुमार ने नैनी, कुपोला और किमटोला में योग शिविर लगाया। इस दौरान लोगों को योग की विभिन्न क्रियाओं के आसानों का अभ्यास कराया गया। साथ ही रोजाना योग से स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी गई। यहां कमल कुमार, सुरेश चंद्र, बसंती देवी, रेखा, गुन्नू, गणेश लाल, सावित्री देवी, राखी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने खोया मोबाइल लौटाया

**दन्या।** जागेश्वर धाम दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु का पुलिस ने खोया मोबाइल खोज लौटाया। मुक्तेश्वर नैनीताल निवासी एक श्रद्धालु जागेश्वर चौकी पुलिस को कहीं खोने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने आसपास के लोगों और दुकानदारों से जानकारी प्राप्त कर काफी मशक्कत के बाद मोबाइल फोन को बरामद कर मोबाइल स्वामी राकेश गुप्ता के सुपुर्द किया गया।

# कटारमल में वनाग्नि से लोनिवि गेस्ट हाउस जला

स्टोर रूम तक पहुंची जंगल की आग, दमकल टीम ने पाया आग पर काबू, जिले में नहीं थम रही वनाग्नि

ग्राउंड रिपोर्ट

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** कटारमल से सटे जंगल की आग की चपेट में आकर पीडब्लूडी गेस्ट हाउस का स्टोर रूम जलकर खाक हो गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर सर्विस टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि गेस्ट हाउस में उस समय कोई नहीं था। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

एक ओर भीषण गर्मी और दूसरी ओर जंगलों में आग की घटनाएं अब जनमानस के लिए मूसीबत बनकर सामने आ रही है।

हर रोज वनाग्नि से जंगल धधक रहे है। बीते बुधवार देर शाम कोसी कटारमल से सटे जंगल में धधकी आग पास के ही पीडब्लूडी गेस्ट हाउस तक पहुंच गई। जिससे वहां आसपास मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई। आग की चपेट में गेस्ट हाउस का स्टोर रूम आ गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र के निर्देशन में फायर सर्विस यूनिट घटनास्थल पहुंची। टीम ने एमएफई से पंपिंग कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक स्टोर में रखा सामान जलकर खाक हो गया। आग बुझाने वालों में उमेश सिंह, देवेंद्र गिरी, भावना सिंह, कल्पना, मनीषा, रंजना आदि रहे।


पीडब्लूडी गेस्ट हाउस के स्टोर रूम में धधकी आग पर काबू पाते फायर कर्मी।

### पातालदेवी और कालीमठ के जंगल में भड़की आग

**अल्मोड़ा :** जिलेभर में वनाग्नि की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते बुधवार देर रात पातालदेवी से सटे जंगल में अचानक आग धधक गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेजी से रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ने लगी। आग को बढ़ता देख स्थानीय लोगों ने फायर सर्विस को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर सर्विस की टीम आग बुझाने में जुट गई। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इधर, गुरुवार दिन में कालीमठ के जंगल में भी आग लग गई। मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारी आग बुझाने में जुटे रहे। विकराल हुई आग पर देर शाम तक काबू पाया जा सका।

## मायावती आश्रम के जंगल में लगाई आग, लोगों में रोष

संवाददाता, टनकपुर/ लोहाघाट

- स्थानीय लोगों तथा वन व दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से बुझाई आग

**अमृत विचार :** अद्वैत आश्रम मायावती के जंगलों में अराजक तत्वों ने आग लगा दी। आग से वन संपदा को भारी नुकसान हुआ है। दमकल विभाग और स्थानीय लोगों की सहायता से तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

अद्वैत आश्रम मायावती क्षेत्र में जून की भीषण गर्मी में भी पारा सामान्य रहता है। ये यहां की जलवायु का कमाल है कि ग्लोबल वार्मिंग का यहां कोई असर नहीं पड़ा है। लेकिन अब कई अराजक तत्व इस जलवायु संतुलन को बिगाडने में तुले हैं। 12 जून की देर शाम भी ऐसा ही वाकया हुआ। कुछ अराजक तत्वों ने जंगल को आग के हवाले कर दिया। जंगल में आग लगने की जानकारी युवा निखिल जोशी, करन पुनेठा, कुलदीप, योगेश सुतेड़ी, सचिन बगौली और मायावती आश्रम के स्टाफ ने दमकल विभाग को देने के साथ खुद आग बुझाने का प्रयास किया। अग्निशमन अधिकारी चंदन राम के नेतृत्व में दमकल कर्मी अग्निशमन उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ आग बुझानी शुरू कर दी। तीन घंटे बाद आग को काबू कर लिया गया।

आग लगने से चीड़, देवदार, बांज, उतीश, चाय पत्ती, फल्यांठ आदि के पेड़ और पौधों को नुकसान पहुंचा है। युवाओं ने वन विभाग से जंगलों को नुकसान पहुंचाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। वन क्षेत्राधिकारी दीप जोशी ने बताया कि आग लगाने वालों का पता लगाया जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ वन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

# निकाय व पंचायत चुनावों को लेकर विचार-मंथन


अल्मोड़ा में आयोजित कांग्रेस की बैठक में विधायक तिवारी व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** पंचायत राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ललित फर्स्वाण ने अल्मोड़ा में पंचायत प्रतिनिधियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। आगामी नगर निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं की नब्ज को टोटला। कार्यकर्ताओं ने भी अल्मोड़ा पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया।

पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों को लेकर पूरे प्रदेश में कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों से चर्चा की जा रही है। जिसके बाद पूरी ऊर्जा के साथ कांग्रेस पार्टी पंचायत और निकाय चुनावों की ओर बढ़ेगी। कहा कि निकाय और पंचायत चुनावों में कांग्रेस अपना परचम लहराएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से चुनाव की तैयारियों में जुटने का भी आह्वान किया।

### ये लोग रहे मौजूद

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, विधायक मनोज तिवारी, निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, हरीश भट्ट, राधा बिष्ट, गीता मेहरा, दीपक कुमार, पूरन रौतेला, महेश चंद्र आर्य, नारायण दत्त पांडेय, शरद साह, गोपाल सिंह चौहान, निर्मल रावत, सुरेंद्र कुमार आर्य, दानिश खान, सुंदर राम, विमल कुमार, रमेश लटवाल, नरेंद्र कुमार, गोपाल गुरुरानी, संजय दुर्गापाल, सुंदर सिंह, परितोष जोशी, धीरेंद्र सिंह गैलाकोटी, महिपाल प्रसाद, गणेश मेहता, रुचि कुटोला आदि मौजूद रहे।

# बिना चालक ढलान पर दौड़ी पिकअप, बाल-बाल बचे लोग

- पेड़ और बाइकों को रौंदते हुए दीवार से टकरा कर रुकी

संवाददाता, टनकपुर/ लोहाघाट

**अमृत विचार :** लोहाघाट थाने के नजदीक बड़ा हादसा होते-होते बचा। पिकअप बगैर चालक के ढलान में आगे बढ़ गई और कई जगह टक्कर मारने के बाद दीवार से टकरा गई।

बड़ा नुकसान तो किसी तरह टल गया, लेकिन इलाके में कुछ देर के लिए हड़कंप मचा रहा। लोहाघाट थाने के पास विभाग के निर्माणाधीन भवन में निर्माण सामग्री लेकर पिकअप जीप आई थी। चालक हयात सिंह ने जीप को ढलान पर खड़ा कर दिया और टायर पर पत्थर आदि भी ठीक से नहीं लगाए। इस कारण ढलान में खड़ी जीप एकाएक तेजी से आगे चल दी। जीप थाने के पास एक पेड़ व पुलिस की चीता मोबाइल विंग की बाइकों से टकराने के बाद दीवार से भिड़ गई। थाने के भीतर काम कर रहे पुलिस कर्मी तेज आवाज सुन बाहर निकल आए। वहीं भवन निर्माण में लगे मजदूरों और राहगीरों ने भी भागकर खुद को बचाया। थाना प्रभारी चेतन रावत ने बताया मेडिकल में चालक के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई है।


लोहाघाट थाने की दीवार से भिड़ी पिकअप।

# पहाड़ी से टकराई कार, 5 लोग जख्मी

हादसा

- रास्ते से गुजर रहे पूर्व विधायक खर्कवाल बने मददगार
- खेतीखान से हल्द्वानी जा रहे थे एक ही परिवार के कार सवार

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** टनकपुर-पिथौरागढ़ एनएच पर गुरुवार को चम्पावत से करीब 22 किलोमीटर दूर स्वांला मंदिर के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

ब्रेक फेल होने से कार एकाएक बेकाबू हो गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए कार को पहाड़ी से टकरा दिया। कार में एक ही परिवार के पांच लोग सवार थे। कार सवारों को मामूली चोट आई। वहीं इसी दौरान टनकपुर जा रहे पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल घायलों के लिए मददगार बने। पूर्व विधायक खर्कवाल कार सवारों को अपनी कार से टनकपुर तक ले गए। युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद बड़ेला, रमेश चंद्र जोशी आदि ने मरहम पट्टी कराने के बाद जख्मी पांचों लोग हल्द्वानी रवाना कराया। बाद में वीआईपी ड्यूटी के दौरान एनएच से गुजर रहे तल्लादेश मंच के तहसीलदार शंकर सिंह बंग्याल ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया।



टनकपुर पिथौरागढ़ हाईवे पर ब्रेक फेल होने से पहाड़ से टकराई कार। ● अमृत विचार

### बस से भिड़ंत में कार सवार एई व कर्मी चोटिल

**बागेश्वर।** बागेश्वर- कांडा मोटर मार्ग में घिंघारतोला के पास कार और बस में भिड़ंत हो गई। जिससे कार सवार जल निगम के सहायक अभियंता व कर्मचारी चोटिल हो गए। कार में एयरबैग खुलने से दोनों की जान बच गई। घटना के बाद मार्ग में जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गुरुवार को बागेश्वर जल निगम के सहायक अभियंता बिशन सिंह रौतेला व कर्मचारी सुभाष खंडूड़ी विभागीय कार्य से विजयपुर की ओर जा रहे थे। विजयपुर से कुछ पहले विपरीत मार्ग से आ रही बस संख्या यूके-04- पीए 0031 व उनकी कार संख्या यूए-02 ए- 7021 में भिड़ंत हो गई। बस को विक्की नगरकोटी चला रहा था।

## सार-संक्षेप

### चरस तस्करी में अभियुक्त को दस साल का कारावास

**बागेश्वर।** विशेष सत्र न्यायाधीश नरेंद्र दत्त ने चरस तस्करी के मामले में अभियुक्त को दस साल का कठोर कारावास तथा एक लाख का अर्थदंड सुनाया है। अर्थदंड न देने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। घटना के अनुसार 26 मार्च 22 को बागेश्वर कोतवाली के उपनिरीक्षक खुशवंत सिंह अपने जवानों के साथ चेकिंग करते हुए दयांगण बाईपास को जा रहे थे। तभी भतरौला के पास एक व्यक्ति भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ पर उसने अपना नाम हर सिंह पुत्र स्व. मंगल सिंह निवासी गांसी बताया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास 1 किग्रा 029 ग्राम चरस मिली। जिस पर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया तथा चार्ज शीट न्यायालय में पेश की। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता गोविंद बल्लभ उपाध्याय व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंचल सिंह पपोला ने अदालत में कुल 12 गवाह परीक्षित कराए। जिस पर विशेष सत्र न्यायाधीश नरेंद्र दत्त ने गवाह के बयानों, विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट व साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त पर दोष सिद्ध करते हुए दस साल के कठोर कारावास व एक लाख के अर्थदंड की सजा सुनाई।

### शिविर में स्काउट-गाइड ने सीखे अनुशासन के गुर

**नैनीताल।** विशप शॉ इंटर कॉलेज में गुरुवार को एक दिवसीय स्काउट व गाइड शिविर लगाया गया। इसमें विद्यालय के विभिन्न छात्राओं की ओर से प्रतिभाग किया गया। शिविर में हिंदुस्तान स्काउट गाइड द्वारा टैंट पिचिंग, मार्च पास्ट, फ्लैग होस्टिंग, गांठ बंधन व अनुशासन से संबंधित कलाओं के बारे में छात्रों को बताया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रधानाचार्य वीना मेसी, जिला संगठन कमिश्नर गौण आदि मौजूद रहे।

### ताल का जलस्तर घटने से मुरझाने लगे कमल

**भीमताल :** भीमताल नगर से मात्र चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित कमल ताल का भी जलस्तर घटने लगा है, जिसके चलते कमल ताल में खिलने वाले कमल मुरझाने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर अब कमल ताल का जल स्तर बढ़ाने और उसके जल स्तर को स्थिर रखने की मांग जोर पकड़ने लगी है। पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि विभाग की अनदेखी के कारण झील का जल स्तर कम हो रहा है, जिस कारण पिछले पांच सालों के बाद कमल झील में बड़े प्रयासों के बाद खिल पाए हैं।


रानीखेत में क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

### राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन के तहत क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**रानीखेत :** राजकीय इंटर कॉलेज कुनेलाखेत में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 50 स्कूली बच्चों की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्री हरीश राम हेल्थ एजुकेटर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ताड़ीखेत द्वारा छात्रों को कुष्ठ रोग के लक्षण, जांच व उपचार के बारे में बताया गया। कुष्ठ रोग की शुरुआत सुन्न दाग धब्बे के रूप में होती है। कुष्ठ का उपचार एमडीटी से होता है। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग असाध्य रोग नहीं है। भ्रांतियों में रहने की बजाय समय पर उपचार से यह ठीक हो सकता है। प्रतियोगिता के तीन शीर्ष छात्रों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य डीएस नेगी द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बबीता मेहरा, द्वितीय स्थान दीपांशु देव व तृतीय स्थान करण कुमार को दिया गया।

निर्देश

विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल द्वारा तहसील सभागार में विभागों के कार्यों की समीक्षा की, लापरवाही पर कार्रवाई करने की चेतावनी

# पेयजल की समस्या का तुरंत समाधान करें अधिकारी : नैनवाल

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल द्वारा तहसील सभागार में विभागों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पेयजल समस्या को लेकर विधायक नैनवाल ने कहा कि अधिकारी पेयजल समस्या का अविलंब निदान करें। कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

यहां तहसील सभागार में विभागों की समीक्षा बैठक में पेयजल निगम, जल संस्थान, विद्युत यांत्रिक, खाद्य, स्वास्थ्य व वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। पेयजल की समीक्षा बैठक में विधायक ने नगर में अवैध टुल्लू पम्प न लगाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन पंपिग के कार्यों में तेजी लाने व ग्रामीण क्षेत्रों में समान रूप से पानी का वितरण करने को कहा। खराब पड़े ट्यूबवेल को जल्द ठीक करने को कहा गया तथा पैसे की कमी होने पर वह तत्काल विधायक निधि से पैसे अवमुक्त करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बिजली विभाग से पम्पों को बिजली पूरी वोल्टेज के साथ उपलब्ध कराने को कहा। कोई भी फाल्ट को जल्दी ठीक करने को कहा गया। खाद्य विभाग से गैस की केवाईसी गांवों में कैम्प लगाकर करने के निर्देश दिए। कहा किसी को अनावश्यक गैस एजेंसी में केवाईसी हेतु बाध्य करने पर कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी। स्वास्थ्य विभाग से इमरजेंसी में 24 घंटे 2 डॉक्टर 1 फार्मासिस्ट व वार्ड ब्वाय नियुक्ति करने व व्यवस्थाएं दुरस्थ रखने को कहा।

वन विभाग से जहां योजनाएं रुकी हैं उनका तुरन्त समाधान करने को कहा। बैठक में सभी अधिकारियों ने अपने विभाग की परेशानियां को भी रखा। इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, वन क्षेत्राधिकारी तापेश मिश्रा, अधिशासी अभियंता ठाकुर सिंह सहित मोहन नेगी, रामेश्वर गोयल, उमेश पंत, पुष्पा तिवारी, ललित मेहरा, देवी दत्त, संदीप गोयल, पावस जोशी, ध्यान सिंह, मुकेश पाण्डे आदि मौजूद थे।


अधिकारियों की बैठक लेते विधायक प्रमोद नैनवाल। ● अमृत विचार

### बूंद-बूंद पानी को तरसे ग्रामीण

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** उसम भरी गर्मी के प्रकोप के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के ग्रामीण इलाकों में तीन माह से पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीण जल संस्थान के टैंकरों से अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं। लंबे समय से बारिश नहीं होने से लोगों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई है। जहां इन दिनों रोजाना भीषण गर्मी पड़ रही है। वहीं, जल स्त्रोतों के सूखने और पेयजल योजनाएं धरासाई होने से ग्रामीणों के हलक सूक गए है। ग्रामीण रोजाना पेयजल के लिए दूरदराज नौलों धारों की दौड़ लगाने को मजबूर है। ग्रामीणों से नाराजगी जताते हुए शोपीस बने पेयजल योजनाओं को दूरस्थ कर पानी मुहैया कराने की मांग की है। हालांकि इधर, जल संस्थानों रोजाना टैंकरों के माध्यम से संकटग्रस्त इलाकों में पानी उपलब्ध करा रहा है। गुरुवार को जल संस्थान ने पिलखा, शीतलाखेत, चापड़, लमगड़ा, तोली, मनिआगर, जैंती, बनलेख, कसारदेवी, डीनापानी, गधोली, गुरुड़ाबाज, मोनी, भेटुली, भानादेवली, सल्ला रौतेला, बल्टा आपदाग्रस्त क्षेत्र समेत कई जल संकट वाले इलाकों में टैंकरों से पानी का वितरण किया गया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 930 फ्लैग 1065 बोल्ड 1105 डीएमओ 850।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2085, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1670, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1505, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1625, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 36000, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15600, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16600, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4160, पीलीभीत 4120, नवाबगंज (नई) 4110, बहेड़ी (नई) 4120 रुपये।

# विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कर दरें कम करने, आधार बढ़ाने की जरूरत

## भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर विशेषज्ञों ने दी सलाह

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर निर्धारण को लेकर अपने रुख में बदलाव करते हुए कर दरों में कटौती और आधार को बढ़ाकर कर राजस्व में वृद्धि करने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने यह बात कही है।

उन्होंने कर दरों को कम करने, कर-भुगतान आधार को बढ़ाने और इस प्रकार भारत की निवेश तथा विकास आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए साधन बनाने पर ध्यान देते हुए कर दरों से राजस्व की ओर बढ़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया। ईवाई इंडिया के




वरिष्ठ साझेदार सुधीर कपाड़िया ने कहा-पारंपरिक उच्च कर दरों के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण कर उछाल नहीं आया है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए भारत में 1991 के बाद से सरकारों ने स्पष्ट रूप से मध्यम कर दरों की वकालत की है जिससे अधिक पारदर्शिता तथा अनुपालन को बढ़ावा मिलता है।

थॉट आर्बिट्रेज रिसर्च इंस्टिट्यूट के निदेशक कौशिक दत्ता ने 'थिंक चेंज फोरम' द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में कहा कि भारत का कर-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात एक संपन्न असंगठित क्षेत्र की उपस्थिति से प्रभावित है, जो अब भी अर्थव्यवस्था में 30 से 35 प्रतिशत का योगदान देता है। दत्ता ने कहा कि सरल जीएसटी व्यवस्था से वे औपचारिक अर्थव्यवस्था में शामिल हो सकेंगे, 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' ले सकेंगे और प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे।

### भारत अब भी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह में

सेंटर फॉर डेवलपमेंट इकनॉमिक्स के पुलिन बी. नायक ने कहा-भारत अब भी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह में है। प्रति व्यक्ति आय कम होने के कारण आयकरदाता कम हैं। कर की दरें बहुत अधिक रखना भी एक अनुचित विचार है क्योंकि इससे कर चोरी को बढ़ावा मिलेगा। नायक ने कहा कि कर-जीडीपी अनुपात को बढ़ाना बहुत बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि इससे सरकार सार्वजनिक वस्तुओं, बुनियादी ढांचे और सामाजिक क्षेत्र पर खर्च करने में सक्षम होगी। थिंक चेंज फोरम के महासचिव रंगनाथ तन्निर ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कराधान में सुधार समय की मांग है। सरकार को जल्द से जल्द कर की दरें कम करने और करदाताओं का आधार बढ़ाने पर विचार करना चाहिए।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,800-55,000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 71,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,500 |
| चांदी पक्की | 876 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 71,400 |
| चांदी आभूषण | 89,750। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 67 मसूरी 56 अंगूरी 56 बासमती 98, **दाल दलहन**-काला चना 75-120 साबुत चना दाल 68-85 मूंग साबुत 100 राजमा 125-145 दाल उड़द 112 साबुत मसूर दाल 70-85 मसूर दाल 75 उड़द साबुत 118-120 काबुली चना 120-165 अरहर दाल 156 लोबिया/करमानी 87-105 सोयाबीन 38 मूंगफली 75-110 मटर (सूखी) 50-61 मक्का 22 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका: 62 से 68 रुपये अरहर: 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104-106 रुपये मूंग छिलका: 95 से 105 रुपये मूंग साबुत: 90 से 105 चना देसी: 60 से 70 चना कावली: 90 से 130 राजमा लाल: 130 से140 राजमा चित्ता: 125 से 130 लोबिया लाल: 90 से 110 लोबिया सफेद: 80 से 100 रुपये।

# एनसीएलटी ने दिवालियापन पूरा करने के लिए गो फर्स्ट को दिया 60 दिन का समय

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण(एनसीएलटी) ने बंद हो चुकी विमानन कंपनी गो फर्स्ट को दिवाला प्रक्रिया पूरी करने के लिए 60 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। यह कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के लिए गो फर्स्ट को दिया गया चौथा विस्तार हैं।

कंपनी खरीदार खोजने के लिए संघर्ष कर रही है। इससे पहले दिवाला अधिकरण ने आठ अप्रैल को 60 दिन का विस्तार दिया था जो तीन जून 2024 को समाप्त हो गया था। गो फर्स्ट को अब तीन अगस्त 2024 तक की मोहलत दी गई है। दिल्ली स्थित एनसीएलटी पीठ ने विस्तार देते हुए कहा-यह अंतिम विस्तार है। दो सदस्यीय पीठ ने विस्तार की मांग करने पर समाधान पेशेवर को भी कड़ी फटकार लगाई। 'रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल' (आरपी) की ओर से पेश हुए वकील ने अधिकरण को सूचित किया कि वे यह विस्तार दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले के बाद उत्पन्न असाधारण स्थिति के कारण मांग रहे हैं, जिसमें डीजीसीए को उसके सभी 54 विमान का पंजीकरण रद करने को कहा गया था।

# अंबुजा सीमेंट्स ने पेन्ना सीमेंट का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने बृहस्पतिवार को 10,422 करोड़ रुपये के उपक्रम मूल्य पर पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीसीआईएल) का अधिग्रहण करने की घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि इस अधिग्रहण के लिए दोनों कंपनियों ने एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस समझौते के तहत अंबुजा सीमेंट्स पीसीआईएल के मौजूदा प्रवर्तक समूह पी प्रताप रेड्डी एवं परिवार से कंपनी के 100 प्रतिशत शेयर खरीदेगी। हैदराबाद स्थित पेन्ना सीमेंट के अधिग्रहण से अडाणी समूह की सीमेंट उत्पादन क्षमता में 1.4 करोड़ टन सालाना की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही अडाणी समूह की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता 8.9 करोड़ टन प्रति वर्ष हो जाएगी।

# देश के पास गेहूं का पर्याप्त भंडार आयात शुल्क में नहीं होगा बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा-बदलाव का नहीं है इरादा

सरकार ने कहा है कि देश के पास घरेलू जरूरतों को पूरा करने, कीमतों को स्थिर रखने के लिए और यदि जरूरी हो, तो बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार है। इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि अभी उसका इन अनाज के आयात शुल्क में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य पर बारीकी से नजर रख रहा है। विभाग ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी।

बयान में कहा गया है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि बेईमान तत्वों द्वारा कोई जमाखोरी न हो और कीमतें स्थिर रहे, आवश्यकतानुसार उचित हस्तक्षेप किया जाएगा। रबी



विपणन सत्र वर्ष 2024 के दौरान विभाग ने 11.2 करोड़ टन गेहूं उत्पादन की जानकारी दी है। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 11 जून तक करीब 2.66 करोड़ टन अनाज खरीदा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए अनुमानित 1.84 करोड़ टन की आवश्यकता को पूरा करने के बाद, बाजार में हस्तक्षेप के लिए पर्याप्त गेहूं स्टॉक उपलब्ध होगा।

# बाजार में संसेक्स-निफ्टी ने छुआ नया रिकॉर्ड स्तर

मुंबई, एजेंसी

- खरीदारी की बदौलत सेंसेक्स 204 और निफ्टी 75 अंक उछला

विश्व बाजार के नकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रियल्टी, इंडस्ट्रियल्स और आईटी समेत पंद्रह समूहों में हुई खरीदारी की बदौलत आज शेयर बाजार एक बार फिर ऊंचाई के नए शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 204.33 अंक उछलकर एक बार फिर 76,810.90 अंक के नए शिखर पर रहा। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 75.95 अंक चढ़कर 23,398.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह



बीएसई का मिडकैप 0.79 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,521.86 अंक स्मॉलकैप 0.89 प्रतिशत मजबूत होकर 50,678.94 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3984 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2345 में लिवाली जबकि 1539 में बिकवाली हुई वहीं 100 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां हरे जबकि 15 लाल निशान पर बंद हुईं। बीएसई में धातु, बैंकिंग, यूटिलिटीज, एफएमसीजी और दूरसंचार में 0.89 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 15 अन्य समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे कैपिटल गुड्स 2.05, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.01, रियल्टी 2.15, कमोडिटीज 0.55, सीडी 0.88, ऊर्जा 0.54, हेल्थकेयर 0.69, इंडस्ट्रियल्स 1.67, आईटी 1.08, ऑटो 0.87, तेल एवं गैस 0.53, टेक 0.45 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.79 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा।



# जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 4 आतंकियों के जारी किए स्केच

## डोडा आतंकी हमला: गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा

ब्यूरो, जम्मू

**अमृत विचार:** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में दो हमलों में शामिल 4 आतंकियों के स्केच जारी किए और उनकी गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की।

गौरतलब है कि मंगलवार को भद्रवाह के चत्तरगल्ला में 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त चौकी पर आतंकियों ने गोलीबारी की, जबकि बुधवार को जिले के गंडोह इलाके में तलाशी दल पर हमला किया गया, जिसमें एक पुलिसकर्मी समेत सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता ने कहा-जम्मू-कश्मीर पुलिस ने चार आतंकियों के स्केच जारी किए हैं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे भद्रवाह, थाथरी, गंडोह के ऊपरी इलाकों में हैं और आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आतंकी के बारे में सूचना देने वाले को 5 लाख रुपये का नकद इनाम देने की भी घोषणा की गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस लोगों से इन आतंकियों की मौजूदगी और आवाजाही के बारे में सूचना देने की अपील करती है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने रियासी जिले में यात्री बस पर हमले में शामिल एक आतंकवादी का स्केच जारी किया और उसके बारे में सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

### आतंकियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी



केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए विभिन्न जिलों के वन क्षेत्रों में बृहस्पतिवार को व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक महिला ने दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर जम्मू के बाहरी इलाके नरवाल बाईपास क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस संबंध में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। पिछले चार दिन में आतंकवादियों ने रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार जगहों पर हमले किए, जिनमें नौ तीर्थयात्रियों और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हो गई तथा सात सुरक्षाकर्मी समेत कई अन्य घायल हो गए।

### रियासी बस हमले के 50 संदिग्ध हिरासत में

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर नौ जून को हुए आतंकवादी हमले के सिलसिले में पुलिस ने 50 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि कांडा इलाके में गहन पुलिस जांच में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनके अधार पर संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। जांच से उन लोगों की पहचान और गिरफ्तारी में मदद मिली है, जो हमले की साजिश रचने में संभावित रूप से शामिल हो सकते हैं। पुलिस ने गहन जांच के बाद छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए दूर-दराज के सुदूर इलाकों में अपनी तलाशी बढ़ा दी है। ज्ञातव्य है कि बस पर हमला पौनी के कांडा इलाके में हुआ था, जिसमें 10 लोग मारे गये थे और 33 घायल हुए थे। प्रवक्ता ने कहा-व्यापक जांच सुनिश्चित करने के लिए अरनास और माहोर के दूर-दराज के इलाकों तक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इन अभियानों का उद्देश्य और सबूतों को उजागर करना तथा उन आतंकवादियों को पकड़ना है जो इन दूरदराज के इलाकों में छिपे हो सकते हैं। कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने और क्षेत्र के सभी निवासियों तथा आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# जम्मू-कश्मीर के रामबन में सीआरपीएफ की बस में लगाी आग

**रामबन/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की बस में तकनीकी खराबी के कारण आग लग गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बस श्रीनगर से जम्मू जा रही थी और इसमें सवार जवान सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ के काफिले की बस में दोपहर को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैटरी चश्मा के निकट आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और कोई हताहत नहीं हुआ है। वाहन को थोड़ा बहुत नुकसान हुआ है। रामबन के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विजय कोतवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग इंजन की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी।

# नागपुर के निकट कारखाने में हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत



नागपुर के पास एक विस्फोटक-निर्माण फैक्ट्री में विस्फोट के बाद एक घायल को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते लोग। • एजेंसी

नागपुर, एजेंसी

- विस्फोटक कारखाने में दोपहर में हुई घटना, तीन लोग घायल

महाराष्ट्र में नागपुर शहर के निकट विस्फोटक बनाने वाले एक कारखाने में बृहस्पतिवार अपराह्न हुए विस्फोट में पांच महिलाओं समेत छह श्रमिकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना नागपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमना गांव में चामुंडी एक्सप्लोसिव प्राइवेट लिमिटेड में दोपहर एक बजे हुई। नागपुर के पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने बताया कि कुल नौ घायलों को शहर के दो निजी अस्पतालों में लाया गया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि इनमें से पांच महिलाओं और एक पुरुष की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस समय विस्फोट हुआ तब ज्यादातर श्रमिक विस्फोटक सामग्री पैक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच जारी है। केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी ने हादसे पर संवेदना व्यक्त की। उनके कार्यालय ने एक बयान में कहा कि भाजपा नेता ने स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं से यहां शाम को आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम को रद्द करने की भी अपील की है। यह कार्यक्रम लोकसभा चुनावों के बाद गडकरी के फिर से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहर में उनके स्वागत के लिए आयोजित किया गया था। उन्होंने दावा किया कि विस्फोट के बाद से कारखाने के मालिक और प्रबंधक लापता हैं। उन्होंने कहा-उनके समर्थकों ने पीड़ितों के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की।

## एक नजर

### दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में एक दुकान में लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में बृहस्पतिवार को एक दुकान में आग लग गयी, लेकिन उसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि शाम पांच बजे चांदनी चौक इलाके से आग लग जाने के बारे में एक कॉल आयी। चांदनी चौक में नयी सड़क क्षेत्र के मारवाड़ी कटरा में आग लग गई थी। उन्होंने कहा कि 14 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई हैं।

### आतंकवादी के मददगार का मकान कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को आतंकवादियों के मददगार एक व्यक्ति के दो मंजिला मकान को कुर्क कर दिया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिले में गडोले इलाके के लोहार सेन्जी में स्थित रियाज अहमद भट के मकान पर पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत संभागीय आयुक्त कश्मीर के आदेश पर यह कार्रवाई की।

# शिक्षा और रोजगार देने में ट्रांसजेंडर को जाति से परे विशेष श्रेणी में रखें

चेन्नई, एजेंसी

- मद्रास उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए की टिप्पणी
- कहा-सरकार ट्रांसजेंडर के लिए अलग मानदंड निर्धारित करे

मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि ट्रांसजेंडर को उनकी जाति से परे सिर्फ विशेष श्रेणी के तौर माना जाना चाहिए। अदालत ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश और रोजगार देने के लिहाज से ट्रांसजेंडर को महिला या पुरुष श्रेणी में न रखा जाए।

न्यायमूर्ति वी. भवानी सुब्बारायन ने 12 जून को पारित आदेश में कहा कि 'प्रत्येक रोजगार और शैक्षिक अवसरों' में सरकार ट्रांसजेंडर के लिए अलग मानदंड निर्धारित करे। सरकार सभी राज्य भर्ती एजेंसियों को निर्देश दे कि वे ट्रांसजेंडर को एक विशेष श्रेणी के रूप में निर्दिष्ट करें और उनके कट-ऑफ अंक के लिए अलग मानदंड निर्धारित करें। भविष्य में रोजगार के अवसरों और शिक्षण संस्थानों में अन्य विशेष श्रेणियों के लिए उपलब्ध उम्र में छूट ट्रांसजेंडर को भी दी जाए, भले ही उनकी जाति कुछ भी हो।

न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि भविष्य में ट्रांसजेंडर को पुरुष या महिला श्रेणी में नहीं माना जाएगा। अदालत ने ट्रांसजेंडर आर अनुश्री



की याचिका को स्वीकार कर लिया। उन्हें 2017-18 के लिए संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के अवसर से वंचित कर दिया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता ने योग्य कट-ऑफ अंक प्राप्त किए हैं, इसलिए तमिलनाडु लोक सेवा आयोग याचिकाकर्ता को सत्यापन के लिए दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति दे। न्यायाधीश ने कहा कि याचिकाकर्ता को अनुसूचित जाति की महिला श्रेणी में रखा गया था और तमिलनाडु लोक सेवा आयोग (टीएनपीएससी) ने उसे सत्यापन के लिए अपने दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति नहीं दी थी, क्योंकि उसने अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए निर्धारित कट-ऑफ से कम अंक प्राप्त किए थे।

# पेमा खांडू बने तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री

इटानगर, एजेंसी

भाजपा के नेता पेमा खांडू ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

सीमावर्ती जिले तवांग के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से निर्विरोध विधायक निर्वाचित हुए खांडू को राज्यपाल के टी परनाइक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, असम के मुख्यमंत्री



हिमंत विश्व शर्मा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और कई अन्य नेताओं की मौजूदगी में शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि यह टीम राज्य का विकास और भी तेज गति से करना सुनिश्चित करेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा-अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू को बधाई।

# कर्नाटक में दूषित जल पीने से दो लोगों की मौत

**तुमकुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक के तुमकुरु जिले के मधुगिरि तालुका के चिन्नेनाहल्ली गांव में दूषित जल पीने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार बुधवार को यहां एक अस्पताल में जान गंवाने वाले चिक्कादासप्पा (76) और पेद्दान्ना (72) उन लगभग 100 लोगों में शामिल हैं, जो ग्रामीण मेले के दौरान टंकी और पेयजल इकाई का पानी पीने के बाद 10 जून को बीमार पड़ गए थे। जिले के प्रभारी मंत्री परमेश्वर आज अस्पताल पहुंचे और इलाज करा रहे लोगों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली।

# जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार को दिया एक महीने का समय

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी

- मराठा आरक्षण: मनोज ने अनिश्चितकालीन अनशन निलंबित किया

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने छह दिन पहले आरक्षण के मुद्दे पर शुरू किया अपना अनिश्चितकालीन अनशन बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया और समुदाय की मांगों को स्वीकार करने के लिए महाराष्ट्र सरकार को एक महीने का समय दिया।

उन्होंने यह घोषणा उस समय की जब महाराष्ट्र के मंत्री और मराठा आरक्षण उप-समिति के सदस्य शंभूराज देसाई, शिवसेना सांसद सांदीपन भुमरे ने जालना जिले में उनके पैतृक गांव अंतरवाली सरती में उनसे मुलाकात कर इस मुद्दे पर चर्चा की। इससे पहले राज्य के



स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने भी अंतरवाली सरती में जरांगे से मुलाकात की। धरना स्थल पर लोगों को संबोधित करते हुए जरांगे ने कहा, "हम मराठा समुदाय की मांगों को पूरा करने के लिए सरकार को एक महीने का समय दे रहे हैं। लेकिन हम आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी भी जारी रखेंगे। अगर सरकार हमें आरक्षण नहीं देती है तो हम इसमें (चुनाव में) जाएंगे और इसे (आरक्षण) हासिल करेंगे।

उन्होंने कहा-अगर एक महीने में मांगें पूरी नहीं की गईं तो न तो विपक्ष के सदस्य और न ही सरकार में बैठे लोग हमारे पास आएं। हम (राज्य विधानसभा चुनावों में) उम्मीदवारों के नाम घोषित करके उन्हें हरा देंगे। जरांगे ने आठ जून से अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। वह मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं, जिसके तहत कुनबियों को मराठा समुदाय के सदस्यों के सगे सोयरे (रक्त संबंधी) के रूप में मान्यता दी गई है। साथ ही वह कुनबियों को मराठा के रूप में मान्यता देने के लिए एक कानून की भी मांग कर रहे हैं। कुनबी एक कृषि प्रधान समूह है, जो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में आता है। जरांगे मांग कर रहे हैं कि सभी मराठों को कुनबी प्रमाण पत्र जारी किए जाएं, जिससे वे आरक्षण के लाभ के लिए पात्र बन सकें। जरांगे से मुलाकात के बाद मंत्री देसाई ने कहा-इस मुद्दे पर कल एक बैठक बुलाई जाएगी। पिछले पांच महीनों में से दो महीने आदर्श आचार संहिता (लोकसभा चुनावों के लिए) लागू होने में बीत चुके हैं।



## सुपर आठ में जाने के लिए पीएनजी से भिड़ेगी अफगानिस्तान की टीम

**टरूबा (त्रिनिदाद), एजेंसी**




अफगानिस्तान की टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में अनुभवहीन पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ सुपर आठ का टिकट पक्का करने की होगी। अफगानिस्तान अगर यह मैच जीतने में सफल रहा तो वह सुपर आठ में पहुंच जाएगा जिसका मतलब होगा की 2021 की उपविजेता न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाएगी।

इस ग्रुप से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड पर जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। रहमानुल्लाह गुरबाज (156 रन) और फजलहक फारूकी (नौ विकेट) वर्तमान में क्रमशः सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज और विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सबसे आगे है। गुरबाज के अलावा युवा गेंदबाज इब्राहिम जादरान ने भी अफगानिस्तान के लिए बल्ले से प्रभावी योगदान दिया है। उन्होंने 70 के उच्चतम स्कोर के साथ 114 रन बनाए। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज फारूकी ने कप्तान राशिद खान के साथ अच्छा संयोजन बनाया है। राशिद अब तक दो मैचों में छह विकेट ले चुके हैं। पीएनजी को अफगानिस्तान को खिलाफ उलटफेर करने के लिए अपने प्रदर्शन के स्तर को काफी ऊंचा करना होगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से होगा।

## अमेरिका और आयरलैंड के मुकाबले पर टिकी है पाकिस्तान की आस

**फ्लोरिडा, एजेंसी**

घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाली अमेरिका की टीम शुक्रवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए के अहम मुकाबले में आयरलैंड का सामना करेगी तब इस मैच के परिणाम पर पाकिस्तान की भी नजर होगी।

अमेरिका के तीन मैचों में चार अंक है और इस मुकाबले के जीतकर उसके पास सुपर आठ में पहुंचने का सुनहरा मौका है। इससे 2009 की चैंपियन पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। पाकिस्तान को हराने के बाद भारत को कड़ी टक्कर देने वाले अमेरिका के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि आयरलैंड की टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी हैं। यह टीम शुरुआती दो मैचों में मिली हार को पीछे छोड़कर जीत की राह पर लौटने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगी। आयरलैंड के बल्लेबाजों ने भारत और फिर कनाडा के खिलाफ न्यूयॉर्क में काफी खराब बल्लेबाजी की है। अमेरिका के लिए नियमित कप्तान मोनाक पटेल की वापसी राहत की बात होगी। इस मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है और मैच रद होने पर पाकिस्तान की टीम सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। इस स्थिति में अमेरिका के पांच अंक हो जाएंगे और पाकिस्तान अधिकतम चार अंक तक ही पहुंच पाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा।




## दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरना है तो अर्शदीप को मिले तरजीह : कुंबले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पूर्व स्पिनर बोले- मौजूदा फॉर्म को देखते हुए सिराज से आगे हैं अर्शदीप
- विविधता मुहैया कराते हैं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह



पूर्व महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि भारतीय टीम टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले मैचों में अगर दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला करती है तो मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मोहम्मद सिराज की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में मौका मिलना चाहिए।

अर्शदीप ने बुधवार को करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के खिलाफ नौ रन देकर चार विकेट झटके। भारतीय टीम ने इस मैच को सात विकेट से जीता। तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह टीम के पहली पसंद के गेंदबाज है और कुंबले का मानना है कि इस विभाग में अर्शदीप और हरफनमौला हार्दिक पंड्या को यह जिम्मेदारी उठानी चाहिए। कुंबले ने कहा मुझे लगता है कि जिस तरह से अर्शदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी ओवर में गेंदबाजी की और उसके पास टी-20 क्रिकेट के लिए जिस तरह की विविधता है उससे लगता है कि वह निश्चित रूप से उसे मोहम्मद सिराज से आगे है। अगर भारत दो तेज गेंदबाजों और हार्दिक पंड्या के साथ जाने का विकल्प अपनाता है तो अर्शदीप विविधता भी मुहैया कराएंगे। अर्शदीप ने अब तक टी-20 विश्व कप के तीनों मैचों में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 6.2 की इकॉनमी और 10.28 के स्ट्राइक रेट से सात विकेट लिए हैं। इसकी तुलना में सिराज ने तीन मैचों में 66 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ एक विकेट लिया है।

## खेल डायरी

### विल्सन बने चेन्नईयिन एफसी के सहायक कोच

**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग के 2024-25 सत्र से पहले भारत के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नोएल विल्सन को अपना सहायक कोच नियुक्त किया। बेंगलुरु के 44 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी विल्सन मुख्य कोच ओवेन कॉयले के साथ फिर से जुड़ गए हैं। इस जोड़ी ने इससे पहले जमशेदपुर एफसी में एक साथ काम किया था। इन दोनों की देखरेख में जमशेदपुर एफसी ने 2022 में पहली बार आईएसएल लीग विजेता शील्ड खिताब जीता था। विल्सन ने रमन विजयन की जगह ली। विल्सन ने कहा चेन्नईयिन एफसी का हिस्सा बनना हमेशा सम्मान और सौभाग्य की बात है। एक क्लब जिसने आईएसएल के दौ चैंपियनशिप और अन्य उपलब्धियां जीती हैं। मैं खिताब जीतने के क्लब के लक्ष्य को हासिल करने के लिए चेन्नईयिन एफसी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### विधात्री ने बढ़त के साथ शुरू किया करियर

**मैसुरु।** एमेच्योर खिलाड़ी के तौर पर हीरो महिला प्रो-गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) में जीत का स्वाद चख चुकी विधात्री उर्स ने गुरुवार को यहां अपने पेशेवर करियर का आगाज सातवें चरण के शुरुआती दौर शीर्ष स्थान के साथ किया। विधात्री ने एक अंडर 69 का कार्ड खेला। उन्होंने इस दौरान एक बोगी के मुकाबले दो बर्डी लगाए। वह जैस्मीन शेखर और अनन्या गर्ग से दो शॉट आगे हैं। दोनों खिलाड़ी एक ओवर 71 के कार्ड के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। शुरुआती छह होल में चार बोगी लगाने वाली खुशी खनिजाउ ने अच्छी वापसी की और वह दो ओवर के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर है।

### भारत के पुखराज सिंह पहले दौर के बाद बढ़त पर

**लांग एन (वियतनाम)।** भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में आठ अंडर 64 का कार्ड खेला जिससे वह वियतनाम मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में दो शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे। इस 85000 डालर इनामी प्रतियोगिता में कुल 142 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें सात भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अक्षय शर्मा (69) संयुक्त नौवें, सुनहित बिश्नोई (70) संयुक्त 18वें, अर्जुन प्रसाद और सप्तक तलवार (71) संयुक्त 33वें, खलिन जोशी (72) और अमन राज (72) संयुक्त 46वें स्थान तथा अनुभवी राहिल गंगजी (74) संयुक्त 77वें स्थान पर हैं।

### ओलंपिक की तैयारियों का खेल मंत्री ने लिया जायजा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पदभार संभालने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करके इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों का जायजा लिया। अनुराग ठाकुर की जगह खेल मंत्री का पद संभालने वाले मांडविया ने ओलंपिक भवन में उषा सहित आईओए के शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान सहित अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मांडविया को पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों के बारे में बताया गया। मांडविया ने कहा आज मैंने पहली बार आईओए के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने मुझे पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी की जानकारी दी। सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। आईओए अध्यक्ष उषा इस बैठक से संतुष्ट दिखी और कहा कि मंत्री के साथ बातचीत पेरिस जाने वाले खिलाड़ियों के लिए अच्छा संकेत है।

### भारत में यूरो कप का बुखार, सोनी नेटवर्क पर प्रसारण

**मुंबई।** दुनिया भर में सर्वाधिक लोकप्रिय खेल फुटबाल की दिग्गज टीमों के बीच जोर आजमाइश शुक्रवार से जर्मनी में शुरु होने वाले यूईएफए यूरो 2024 में होगी वहीं इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के सोनी स्पोर्टस नेटवर्क में होने वाले प्रसारण के कमेंटरी बाक्स में भारत के दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री, बाइचुंग भूटिया के अलावा फ्रांस के पैट्रिस एवरा और डेविड जेम्सम मौजूद होंगे। एक महीने तक चलने वाली प्रतियोगिता का ग्रुप चरण 26 जून तक चलेगा जबकि नॉकआउट मुकाबले 29 जून से शुरू होंगे। जर्मनी को ग्रुप ए में रखा गया है जो शुक्रवार 14 जून को म्यूनिख फुटबॉल एरेना में स्कॉटलैंड के खिलाफ शुरुआती मैच खेलेंगे। सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 में प्रतियोगिता का प्रसारण हिन्दी में किया जाएगा। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने अपने लाइव स्टूडियो शो फुटबॉल एक्स्ट्रा के लिए एक्सपर्ट पैनलिस्टों के एक समूह की घोषणा की है।

# जीत के साथ सुपर आठ में पहुंची वेस्टइंडीज

### 13 रन से हारने के बाद ग्रुप सी में अंतिम पायदान पर पहुंची न्यूजीलैंड, आगे की राह कठिन




**68** रनों की शानदार पारी खेलकर शरफेन रदरफोर्ड ने वेस्टइंडीज टीम को संभाला

**टरूबा, एजेंसी**

शरफेन रदरफोर्ड नाबाद (68) की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद अल्जारी जोसेफ चार विकेट तथा गुडाकेश मोटी तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्वकप के मुकाबले में न्यूजीलैंड को 13 रनों से हरा दिया है। इस तीसरी जीत के साथ ही वेस्टइंडीज की टीम सुपर आठ में पहुंच गई है।

वेस्टइंडीज के 149 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में डेवन कॉन्वे (5) का विकेट गवां दिया। छठें ओवर में जोसेफ ने फिन ऐलन (26) आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। कप्तान केन विलियमसन (1) रचिन रविंद्र (10) को गुडाकेश मोटी ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। 11वें ओवर में मोटी ने डैरिल मिचेल (12) को बोल्ड कर न्यूजीलैंड को पांचवां झटका दिया। जिमी नीशम (10), ट्रेंट बोल्ट (7) रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन फिलिप्स ने 33 गेंदों में सर्वाधिक 40 रन बनाए। मिचेल सैंटनर 21 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 136 रन ही बना सकी और 13 रन से मुकाबला हार गई। इस हार के साथ ही न्यूजीलैंड पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। वेस्टइंडीज के रदरफोर्ड को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 1.137 | 0 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.127 | 0 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 3.580 | 0 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.425 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.075 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.024 | 0 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 1 | -0.539 | 1 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

### स्कोर बोर्ड

**वेस्टइंडीज 149/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ब्रैंडन किंग कैच कॉन्वे बोल्ड नीशम | 9 | 12 | 0/1 |
| जॉनसन चार्ल्स बोल्ड बोल्ट | 0 | 5 | 0/0 |
| निकोलस पूरन कैच कॉन्वे बोल्ड साउदी | 17 | 12 | 3/0 |
| रॉस्टन चेज कैच रविंद्र बोल्ड फर्ग्युसन | 0 | 3 | 0/0 |
| रोवमन पॉवेल कैच कॉन्वे बोल्ड साउदी | 1 | 5 | 0/0 |
| शरफेन रदरफोर्ड नाबाद | 68 | 39 | 2/6 |
| अकील हुसैन कैच नीशम बोल्ड सैंटनर | 15 | 17 | 0/1 |
| आंद्रे रसल कैच फर्ग्युसन बोल्ड बोल्ट | 14 | 7 | 2/1 |
| रोमारियो शेफर्ड पगबाधा फर्ग्युसन | 13 | 13 | 0/1 |
| अल्जारी जोसेफ बोल्ड बोल्ट | 6 | 6 | 1/0 |
| गुडाकेश मोटी नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 6 रन, **गेंदबाजी :** बोल्ट 4-1-16-3, साउदी 4-0-21-2, फर्ग्युसन 4-0-27-2 नीशम 4-0-27-1, फिलिप्स 1-0-9-0, सैंटनर 2-0-27-1, मिचेल 1-0-19-0

**न्यूजीलैंड 136/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे कैच चेज बोल्ड हुसैन | 5 | 8 | 0/0 |
| फिन ऐलन कैच रसल बोल्ड जोसेफ | 26 | 23 | 3/1 |
| रचिन रविंद्र कैच रसल बोल्ड मोटी | 10 | 13 | 0/0 |
| केन विलियमसन कैच पूरन बोल्ड मोटी | 1 | 2 | 0/0 |
| डैरिल मिचेल बोल्ड मोटी | 12 | 13 | 1/0 |
| ग्लेन फिलिप्स कैच पॉवेल बोल्ड जोसेफ | 40 | 33 | 3/2 |
| जिमी नीशम कैच किंग बोल्ड जोसेफ | 10 | 11 | 0/1 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 21 | 12 | 0/3 |
| टिम साउदी कैच आउट जोसेफ | 0 | 1 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट कैच चेज बोल्ड रसल | 7 | 4 | 0/1 |
| लॉकी फर्ग्युसन नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 4 रन, **गेंदबाज :** अकील हुसैन 4-0-21-1, रोमारियो शेफर्ड 3-0-36-0, आंद्रे रसल 4-0-30-1, अल्जारी जोसेफ 4-0-19-4, गुडाकेश मोटी 4-0-25-3, रॉस्टन चेज 1-0-4-0

## प्रणय और समीर क्वार्टर फाइनल में

**सिडनी, एजेंसी**

**ऑस्ट्रेलिया ओपन**



भारत के अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय और समीर वर्मा ने गुरुवार को विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। प्रणय ने पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन 46 मिनट में 21-17, 21-15 से पराजित किया जबकि समीर को सिंगापुर के आठवें वरीय लोह कीन यूव को 21-14 14-21 21-19 से हराने के लिए एक घंटा ओर दो मिनट तक जूझना पड़ा।

प्रणय शुक्रवार को अगले दौर में जापान के दूसरे वरीय कोडाई नारोआका से भिड़ेंगे जबकि समीर का सामना चीनी ताइपे के चुन यी लिन से होगा। पुरुष एकल में भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को हालांकि जापान के सातवें वरीय केंटा निशिमोटो से 20-22, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू बर्निस तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त यू पो पाई से होगा। अनुपमा उपाध्याय और मालविका बंसोड़ हालांकि महिला एकल में दूसरे दौर से बाहर हो गई। अनुपमा को इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ 11-21, 18-21 से जबकि मालविका को इंडोनेशिया की एक अन्य खिलाड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त एस्टर नूरमी ट्राई वार्डोयो के खिलाफ 17-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला युगल में पंडा बहनों रुतपर्णा और श्वेतपर्णा का सफर भी खत्म हो गया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पेई जिंग लाइ और चियू सीन लिम की मलेशियाई जोड़ी से हार गई।

## ध्वस्त हो जाएगा नासाउ स्टेडियम

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



- 100 दिनों में ड्रॉप-इन पिचों के साथ तैयार हुआ था स्टेडियम, कई खिलाड़ी हुआ घायल
- टी-20 विश्वकप में रोमांचक मैचों का बना गवाह, छोटे स्कोर पर सिमटी हैं कई दिग्गज टीमें

टी20 विश्व कप के लिए अस्थायी तौर पर तैयार यहां के नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान को अपने हिस्से के सभी मैचों की मेजबानी के बाद अब ध्वस्त कर दिया जाएगा। विश्व कप में कम स्कोर वाले कई रोमांचक मैचों के गवाह रहे इस मैदान पर आखिरी मुकाबले में सह मेजबान अमेरिका पर भारत ने सात विकेट की जीत दर्ज की।

लगभग 100 दिनों में तैयार किये गए इस स्टेडियम के लिए एडिलेड में तैयार हुई ड्रॉप-इन पिचों ने बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। स्टेडियम का निर्माण यहां के लॉन्ग द्वीप में 930 एकड़ के आइजनहावर पार्क के किनारे किया गया है। स्टेडियम में 10 ड्रॉप-इन पिचें थीं। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कुछ दिन पहले कहा गया था 12 जून को आखिरी मैच के आयोजन के बाद इस स्टेडियम को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसके हिस्सों को लास वेगास (फार्मूला वन रेस) और एक अन्य गोल्फ मैदान में वापस भेज दिया जाएगा, लेकिन विश्व स्तरीय क्रिकेट पिच को बरकरार रखा जाएगा। स्टेडियम को ध्वस्त करने में लगभग छह सप्ताह का समय लगेगा।

## विंबलडन में नहीं खेलूंगा : नडाल



**लंदन।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल उम्मीद के मुताबिक विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय स्वीडन के बस्ताद में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक की तैयारी करेंगे। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल ने गुरुवार को कहा कि वह ऑल इंग्लैंड क्लब के लिए घास के कोर्ट पर खेलने और फिर क्ले पर वापस आने की बजाय सिर्फ क्ले कोर्ट पर ही खेलना चाहते हैं। नडाल ने कहा, हमारा मानना है कि मेरे शरीर के लिए सबसे अच्छा यही है कि मैं सतह नहीं बदलूं। ओलंपिक के दौरान 27 जुलाई से रोलां गैरो पर टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह फ्रेंच ओपन का आयोजन स्थल है जहां नडाल ने रिकॉर्ड 14 खिताब जीते हैं। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

## विंबलडन की इनामी राशि हुई रिकार्ड पांच करोड़ पाउंड

**लंदन।** ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने गुरुवार को घोषणा की कि विंबलडन की कुल पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड पांच करोड़ पाउंड (लगभग छह करोड़ 40 लाख डॉलर) हो जाएगी जिसमें प्रत्येक एकल चैंपियन को 27 लाख पाउंड (34 लाख 50 हजार डॉलर) मिलेंगे। कुल इनामी राशि पिछले साल की तुलना में 53 लाख पाउंड (68 लाख डॉलर) अधिक है जो 11.9 प्रतिशत की वृद्धि है। यह 10 साल पहले इस ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रतियोगियों को दी गई दो करोड़ 50 लाख पाउंड (मौजूदा विनिमय दर पर तीन करोड़ 20 लाख डॉलर) से दोगुनी है। ऑल इंग्लैंड क्लब की नई अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा कि टिकटों की मांग इस साल से अधिक कभी नहीं रही। इस साल के विजेताओं को मिलने वाली राशि में प्रत्येक वर्ग में 3,50,000 पाउंड (लगभग 4,50,000 डॉलर) की बढ़ोतरी हुई है जो 14.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 2023 में 55,000 पाउंड (70,000 डॉलर) से बढ़ाकर 60,000 पाउंड (लगभग 76,000 डॉलर) मिलेंगे। क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार 14.9 प्रतिशत बढ़कर 48 लाख पाउंड (लगभग 60 लाख डॉलर) हो जाएगा।

## ओलंपिक कोटा देश का होता है, खिलाड़ी का नहीं : बिंद्रा

**मुंबई, एजेंसी**



ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने गुरुवार को कहा कि प्रतिभाशाली निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल का पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि कोटा देश का होता है किसी व्यक्तिगत खिलाड़ी का नहीं।

पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया था लेकिन वह भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के चयन ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए तथा संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता के बाद तीसरे स्थान पर रहे और इस तरह से भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं बना पाए। ओलंपिक के दिशा-निर्देशों के अनुसार कोई भी देश किसी एक स्पर्धा में ट्रायल्स में शीर्ष पर रहने वाले दो निशानेबाजों को ही भेज सकता है। बिंद्रा ने यहां एक कार्यक्रम से इतर कहा देखिए चयन के लिए एक उचित प्रक्रिया तैयार की गई है और उन्होंने भी उसका पालन किया है।

## मेरा आखिरी क्लब होगा इंटर मियामी : मेसी



**अटलांटा।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी का अपने देश अर्जेंटीना के किसी क्लब से जुड़कर खेल को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कहा कि इंटर मियामी उनका अंतिम क्लब होगा। अर्जेंटीना के कप्तान ने कहा मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा अंतिम क्लब होगा। आज की तारीख में मैं यही सोचता हूं कि यह मेरा अंतिम क्लब होने जा रहा है। मेसी अमेरिका में अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ कोपा अमेरिका की तैयारी कर रहे हैं। अर्जेंटीना इस टूर्नामेंट का पिछला चैंपियन है। मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में विश्व कप जीता था। बार्सिलोना के पूर्व स्टार मेसी का इंटर मियामी के साथ अनुबंध 2025 के सत्र के समापन तक है। यूरोप से यहां आने का फैसला मुश्किल था। विश्व चैंपियन बनने से बहुत मदद मिली, और चीजों को अलग तरह से देखने का मौका भी मिला। मैं खेल का आनंद लेने का प्रयास करता हूं। अर्जेंटीना के कई प्रशंसकों को उम्मीद थी कि मेसी अपने पहले क्लब न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज की तरफ से खेलकर अपने करियर का अंत करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# भारतीय मूल के नीति विशेषज्ञ तरल गिरफ्तार

ह्यूस्टन, एजेंसी

- ऑनलाइन गलत पहचान और मिथ्या प्रस्तुति के आरोप में टेक्सास रेंजर्स ने की कार्रवाई



भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक एवं तीस-वर्षीय नीति विशेषज्ञ एवं टेक्सास के कंट्री कमिश्नर पद के लिए उम्मीदवार तरल पटेल को टेक्सास रेंजर्स ने ऑनलाइन गलत पहचान और मिथ्या प्रस्तुति के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। गलत पहचान का अपराध टेक्सास चुनाव संहिता के तहत श्रेणी-'ए' का अपराध है।

फोर्ट बेंड काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी का पब्लिक इंटीग्रिटी डिवीजन टेक्सास रेंजर्स के साथ मिलकर प्रीसिंक्ट-तीन कमिश्नर पद के राजनीतिक उम्मीदवार पटेल के खिलाफ शिकायत की जांच कर रहा है। टेक्सास चुनाव संहिता में ऑनलाइन गलत पहचान के लिए थर्ड-डिग्री और पहचान की मिथ्या प्रस्तुति के लिए श्रेणी-ए के अपराध के आरोप मुख्य शिकायतें हैं। पटेल को घोर अपराध के लिए 20,000 और चूक के लिए 2,500 अमेरिकी डॉलर के बॉण्ड पर रखा गया है और अगर वह बॉण्ड राशि जमा नहीं कराते तो गुरुवार सुबह मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा।

# द.अफ्रीका में मंकीपॉक्स के पांच मामलों की पुष्टि

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने कहा है कि मई में मंकीपॉक्स के प्रकोप के बाद दक्षिण अफ्रीका हाई अलर्ट पर है, जिसमें प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए पांच मामले हैं तथा इनमें एक की मौत भी हुई है। फाहला ने मीडिया को बताया कि मंकीपॉक्स से पीड़ित सभी पांच मरीज तीन क्वाजुलु-नताल प्रांत से और दो गौतेंग प्रांत से हैं, जिनका कोई यात्रा इतिहास नहीं था। दो अब भी अस्पताल में भर्ती हैं और एक की सोमवार को जोहान्सबर्ग के एक अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा डब्ल्यूएचओ के अनुसार सभी पांच मामलों को गंभीर मामलों के रूप में वर्गीकृत किया गया था, जिसके लिए भर्ती होने की आवश्यकता होती है।

# जी-7 यानि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं का समूह

### कब हुई पहली बैठक

शुरुआत में यह छह देशों का समूह था, जिसकी पहली बैठक 1975 में हुई थी। इस बैठक में वैश्विक आर्थिक संकट के संभावित समाधानों पर विचार किया गया था। अगले साल कनाडा इस समूह में शामिल हो गया और इस तरह यह जी-7 बन गया।

### कैसे करता है काम

जी-7 देशों के मंत्री और नौकरशाह आपसी हितों के मामलों पर चर्चा करने के लिए हर साल मिलते हैं। प्रत्येक सदस्य देश बारी-बारी से इस समूह की अध्यक्षता करता है और दो दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करता है। शिखर सम्मेलन के अंत में एक सूचना जारी की जाती है, जिसमें सहमति वाले बिंदुओं का जिक्र होता है।




जी-7 दुनिया की सात सबसे बड़ी कथित विकसित और उन्नत अर्थव्यवस्था वाले देशों का समूह है, जिसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमरीका शामिल हैं। इसे ग्रुप ऑफ़ सेवन भी कहते हैं। समूह खुद को कम्यूनिटी ऑफ़ वैल्यूज यानी मूल्यों का आदर करने वाला समुदाय मानता है। स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की सुरक्षा, लोकतंत्र और क़ानून का शासन और समृद्धि और सतत विकास, इसके प्रमुख सिद्धांत हैं।

### रूस क्यों नहीं शामिल

साल 1998 में इस समूह में रूस भी शामिल हो गया था और यह जी-7 से जी-8 बन गया था, लेकिन साल 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया हड़प लेने के बाद रूस को समूह से निलंबित कर दिया गया था। वहीं दो सालों से यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के कारण भी रूस को समूह में पुनः शामिल नहीं किया जा रहा है।

### भारत करता रहा है सुधार का आह्वान

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के शासनकाल के दौरान भी भारत ने पांच बार जी-7 (तत्कालीन जी-8 समूह) में भाग लिया था। भारत लंबे समय से वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक संस्थानों और समूहों में सुधार करने का आह्वान करता रहा है।

### जी-7, जी-20 में अंतर

जी-20 समूह देशों का एक बड़ा समूह है, जिसमें जी-7 समूह के सदस्य भी शामिल हैं। जी-20 समूह का गठन वर्ष 1999 में वैश्विक आर्थिक चिंताओं से निपटने हेतु और अधिक देशों को एक साथ एक मंच पर लाने के उद्देश्य से किया गया था। जी-20 समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था के तकरीबन 80 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। जी-7 के विपरीत, जो वैश्विक समुदाय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करता है। वहीं जी-20 में केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाज़ारों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाता है।

## एक नजर

### रूस ने यूक्रेन के चार ड्रोन को मार गिराया

**मॉस्को।** रूस के हवाई सुरक्षा बलों ने यारोस्लाव क्षेत्र में यूक्रेन के तीन ड्रोन और व्लादिमीर क्षेत्र एक ड्रोन को मार गिराया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पिछली रात के दौरान यूक्रेन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र में लक्ष्यों के खिलाफ मानव रहित हवाई (यूएवी) वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले करने के कई प्रयासों को रोक दिया गया था। ड्यूटी पर वायु रक्षा प्रणालियों ने यारोस्लाव क्षेत्र में तीन यूएवी और व्लादिमीर क्षेत्र में एक यूएवी को नष्ट कर दिया।

### हूती विद्रोहियों ने पोत पर मिसाइल से हमला किया

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा अदन की खाड़ी में गुरुवार को कथित रूप से एक पोत पर मिसाइल से हमला किया गया जिससे जहाज पर आग लग गई। ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड मारीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' ने बताया कि यह हमला यमन के अपतटीय क्षेत्र में अदन की खाड़ी में हुआ। उसने कहा कि हमले के बाद पोत में आग लग गई। निजी सुरक्षा कंपनी 'एम्ब्रे' ने कहा कि व्यापारिक जहाज ने परेशानी में होने की सूचना देते हुए कहा कि उसपर एक मिसाइल से हमला हुआ है।

### लीबिया से 163 बांग्लादेशी प्रवासी निर्वासित

**त्रिपोली।** लीबिया से बंगलादेश के 163 नागरिकों को निर्वासित किया गया है। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने बुधवार को कहा कि उसने इस सप्ताह लीबिया से 163 प्रवासियों को उनके गृह देश बंगलादेश लौटने में सहायता की है। आईओएम ने ट्वीट किया आईओएम का स्वैच्छिक मानवीय वापसी (वीएचआर) कार्यक्रम फंसे हुए और कमजोर प्रवासियों की सहायता करना जारी रखता है जो लीबिया से अपने गृह देशों में लौटने के लिए सहायता का अनुरोध करते हैं।

### ईरान से फ्रांसीसी नागरिक रिहा : मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि ईरान ने फ्रांसीसी नागरिक लुइस अर्नोद को रिहा कर दिया है। मीडिया रिपोर्टों में मैक्रों के हवाले से यह जानकारी दी गयी। रिपोर्टों के मुताबिक मैक्रों ने कहा, लुईस अर्नोद रिहा हो गए हैं। ईरान में लंबे समय तक कैद रहने के बाद कल वह फ्रांस पहुंचेंगे। उन्होंने अर्नोद को रिहा करने में मदद के लिए ओमान को धन्यवाद दिया और ईरान से तीन अन्य फ्रांसीसी नागरिकों को अविलंब रिहा करने का आग्रह किया।

# यूक्रेन को 50 अरब डॉलर का ऋण

## जी-7 सम्मेलन में यूक्रेन में जारी युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाने की संभावना

बोर्गो एग्नाजिया (इटली), एजेंसी

- इटली की प्रधानमंत्री बोलीं- बैठक का संदेश ग्लोबल साउथ के साथ संवाद और एकता का हो
- जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पोप बनेंगे पोप फ्रांसिस




जी-7 उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन की शुरुआत गुरुवार को अमेरिका द्वारा यूक्रेन को 50 अरब डॉलर के ऋण के लिए समर्थन देने के प्रस्ताव पर सहमति के साथ हुई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने दक्षिणी इटली के एक रिसॉर्ट में आयोजित शिखर सम्मेलन में जी-7 के राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत करते हुए कहा कि वह चाहती हैं कि इस बैठक का संदेश 'ग्लोबल साउथ' के साथ संवाद और एकता का हो। जी-7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में जारी युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाया रहने की संभावना है।

पोप फ्रांसिस जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पोप बनेंगे। पोप के यूक्रेन पर रूस के हमले और गाजा में इजराइल-हमास संघर्ष के शांतिपूर्ण अंत के लिए अपनी अपील को भी दोहराने की उम्मीद है। जी7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे इटली ने कई अफ्रीकी नेताओं को भी आमंत्रित किया है। अन्य अतिथियों में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन शामिल हैं। अमेरिकी प्रस्ताव में रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन की मदद के लिए 50 अरब अमेरिकी डॉलर का ऋण देने की बात शामिल है।

### शामिल नहीं होंगे सऊदी अरब के प्रधानमंत्री

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद इटली में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बुधवार को बताया कि इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जियो मेलोनी को भेजे गए एक संदेश में सऊदी प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन के निमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि वह हज सीज़न के कार्यों की देखरेख से संबंधित प्रतिबद्धताओं के कारण सम्मेलन में भाग नहीं ले पाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्राउन प्रिंस ने सऊदी अरब-इटली संबंधों की गहराई पर भी ध्यान दिया और सम्मेलन की सफलता की कामना की। जी7 सम्मेलन 13-15 जून तक इटली के अपुलीया क्षेत्र में होगा।

### हो सकती है बाइडन और मोदी की मुलाकात

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मिलने की संभावना है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए एयर फोर्स वन के विमान में इटली प्रस्थान के दौरान सुलिवन ने संवाददाताओं से कहा, उन्हें (बाइडन को) उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी वहां आएंगे। भारत ने फिलहाल औपचारिक रूप से उनकी (मोदी) उपस्थिति की पुष्टि नहीं की है लेकिन हमें उम्मीद है कि दोनों नेता एक-दूसरे से मिल सकते हैं। मुलाकात कैसी होगी फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है क्योंकि कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर बृहस्पतिवार को इटली के लिए रवाना होंगे। इटली ने 14 जून को होने वाले 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के लिए भारत को आउटरीच कंट्री के तौर पर आमंत्रित किया है। क्वात्रा ने मोदी की इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की पुष्टि की।

# यूक्रेन को 50 नए बख्तरबंद वाहनों की आपूर्ति शुरू

**ओटावा।** कनाडा के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने गुरुवार को कहा कि कनाडा ने यूक्रेन के लिए विशेष रूप से तैयार किये गये पहले चार बख्तरबंद वाहन भेजे है। ब्लेयर ने 'एक्स' पर लिखा, यूक्रेन के लिए कनाडाई श्रमिकों द्वारा निर्मित 50 नए बख्तरबंद वाहनों में से पहले चार यूक्रेन के सशस्त्र बलों के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पहले 10 बख्तरबंद एम्बुलेंस हैं, जो चिकित्सा उपकरण और कवच के साथ आते हैं जो यूक्रेन के सैनिकों को सुरक्षित निकालने और घायल कर्मियों का इलाज करने में सक्षम बनाएंगे।

# अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पर हुआ मुकदमा

वाशिंगटन, एजेंसी

- सीमा पर शरणार्थियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने पर हुई कार्रवाई



अप्रवासी अधिकार संगठनों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन के हालिया निर्देश को लेकर बाइडन प्रशासन पर मुकदमा किया। बाइडन ने हाल ही में दक्षिणी सीमा पर शरणार्थियों के प्रवेश पर प्रभावी रूप से रोक लगा दी थी, जिसका विरोध करते हुए समूह ने दावा किया कि राष्ट्रपति का यह निर्णय ट्रंप प्रशासन के दौरान उठाये गये कदम से बहुत अलग नहीं है, जिसपर अदालतों ने रोक लगा दी थी।

लास अमेरिकाज इमिग्रंट एडवोकेसी सेंटर और आरएआईसीईएस की ओर से अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) और अन्य ने यह मुकदमा दाखिल किया है। यह मुकदमा सीमा पर बाइडन की व्यापक कार्रवाई की वैधता की पहली परीक्षा है।

# एलन मस्क और स्पेसएक्स पर मुकदमा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- यौन उत्पीड़न और कार्यशैली को चुनौती देने के कारण नौकरी से निकालने का लगाया आरोप



स्पेसएक्स और उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क पर कंपनी के आठ पूर्व कर्मचारियों ने मुकदमा दायर किया है। इन पूर्व कर्मचारियों का आरोप है कि मस्क ने कंपनी में व्याप्त यौन उत्पीड़न और शत्रुतापूर्ण कार्यशैली को चुनौती देने के कारण उन्हें नौकरी से निकालने का आदेश दिया।

कैलिफोर्निया राज्य की अदालत में मुकदमा दायर करने वाले कर्मचारियों ने कंपनी के प्रबंधन को 2022 में लिखे खुले पत्र में अपनी शिकायतों का विवरण दिया, जिसे उन्होंने कंपनी के इंट्रानेट (किसी कंपनी द्वारा उपयोग किया जाने वाला निजी नेटवर्क) के माध्यम से साझा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अगले दिन चार लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया और अन्य को बाद में आंतरिक जांच के बाद नौकरी से निकाला गया। जनवरी में संघीय राष्ट्रीय श्रम संबंध बोर्ड ने नौ बर्खास्त कर्मचारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों के आधार पर स्पेसएक्स के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज कराई।

# चीन में पढ़ने वाले छात्रों के एफएक्यू जारी किए गए

बीजिंग, एजेंसी

- साल 2016, 2017 और 2018 बैच के भारतीय छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जून और जुलाई में भारत लौटने वाले हैं

भारतीय दूतावास ने चीन में अध्ययन कर रहे भारतीयों के लिए अपनी वेबसाइट पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) प्रकाशित किए हैं ताकि उन्हें चीनी कॉलेजों से प्राप्त दस्तावेजों व डिग्रियों के सत्यापन से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा सके। साल 2016, 2017 और 2018 बैच के भारतीय छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जून और जुलाई में भारत लौटने वाले हैं, ऐसे में चीनी कॉलेजों से प्राप्त डिग्री के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण से संबंधित कई प्रश्न बुधवार को प्रकाशित किए गए हैं।

एफएक्यू में इन दस्तावेजों के सत्यापन के लिए दूतावास और शंघाई व गुआंगजू में भारतीय वाणिज्य दूतावासों द्वारा ली जाने वाली फीस, त्वरित आधार पर दस्तावेजों के सत्यापन में लगने वाला समय, भारत में स्वीकृति के लिए दूतावास से दस्तावेजों के सत्यापन की आवश्यकता, भारत में विभिन्न चिकित्सा परिषदों द्वारा दूतावास को भेजे गए दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया आदि के बारे में कई प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं। चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत और वाणिज्य दूत नितिनजीत सिंह ने छात्रों से अनुभव जाने।

# नए विचार पेश करने से हमास का इनकार

गाजा, एजेंसी

- गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव पर किए गए दावों का किया खंडन

हमास ने गाजा युद्धविराम प्रस्ताव के लिए नए विचार पेश करने से इनकार किया है। हमास ने बुधवार को उन दावों का खंडन किया कि उसने गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव के लिए नए विचार पेश किए हैं। एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

हमास के एक करीबी सूत्र ने बताया कि हमने जो कुछ किया वह मध्यस्थों द्वारा गत पांच मई को प्रस्तुत की गई बातों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना था और हमने किसी भी नए विचार या प्रस्ताव पर चर्चा नहीं की। सूत्र ने दावा किया कि प्रस्ताव में ऐसे खंड शामिल हैं कि अगर बातचीत से सकारात्मक परिणाम नहीं निकलते हैं तो यह इज़रायल को दूसरे चरण के बाद युद्ध फिर से शुरू करने की अनुमति देते हैं। सूत्र ने कहा हमने इजरायल को युद्ध फिर से शुरू करने से रोकने और समझौते के चरणों की शर्तों के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय गारंटी का अनुरोध किया।

सूत्र ने बताया कि हमास ने स्थायी युद्धविराम, गाजा पट्टी से इजरायली सेना की वापसी, विस्थापित लोगों की उनके घरों में वापसी, गाजा के पुनर्निर्माण और नाकाबंदी की समाप्ति की मांग की है। हमास ने यह बात अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के एक बयान के जवाब में दी है। ब्लिंकन ने कहा था कि हमास ने युद्धविराम और बंधक समझौते में कई परिवर्तन का सुझाव दिया था।

### गाजा में मृतकों की संख्या 37,202 हुई

**गाजा, एजेंसी।** गाजा पट्टी पर जारी इजरायली हमलों में मृतकों की संख्या बढ़कर 37202 हो गयी है। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों की ओर से जारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना की कार्रवाई में 38 फिलीस्तीनी मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 37,202 हो गई और 84,932 लोग घायल हो गए। बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे रहे। सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए इजरायल ने गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर हमला किया।

# आईएसआई पर परेशान करने का आरोप लगाया

लाहौर, एजेंसी

- आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले साल मई में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश ने खुफिया एजेंसी आईएसआई पर अपने पक्ष में फैसले कराने के मकसद से उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान करने का आरोप लगाया है।

आतंकवाद रोधी अदालत (सरगोधा) के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मलिक शहजाद अहमद खान को एक पत्र लिखकर बताया है कि आईएसआई के अधिकारियों ने उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान किया है।

### तोड़फोड़ के मामले में इमरान खान बरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, उनके सहयोगी शाह महमूद कुरैशी और पूर्व मंत्री शेख राशिद को तोड़फोड़ के एक मामले में गुरुवार को बरी कर दिया। यह मामला 2022 में तोड़फोड़ में कथित संलिप्तता के आधार पर इस्लामाबाद के आई-9 थाने में दर्ज किया था।

## बॉलीवुड हलचल

# आनंद महिंद्रा ने कल्कि के हीरो बुज्जी की सवारी की

**मुंबई, एजेंसी।** महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने कल्कि 2898 एडी के पांचवे हीरो बुज्जी की सवारी की है। आगामी विज्ञान कथा महाकाव्य कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने हाल ही में हैदराबाद में एक भव्य कार्यक्रम में भविष्य के वाहन बुज्जी का अनावरण किया, जो फिल्म के पांचवें और अंतिम नायक हैं। बुज्जी इस फिल्म में प्रभास के किरदार भैरवा का सबसे अच्छा दोस्त है। आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया पर कल्कि 2898 एडी के निर्देशक नाग अश्विन और बुज्जी के लिए उनके दृष्टिकोण की काफी प्रशंसा की थी। आनंद महिंद्रा अब आखिरकार बुज्जी से मिल चुके हैं। बुज्जी से मिलने के तुरंत बाद, आनंद महिंद्रा ने इसमें घूमने का अनुभव करने का फैसला किया। इस ऐतिहासिक मुलाकात का एक वीडियो साझा करते हुए, निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर लिखा, "#बुज्जी की मुलाकात ‹bha›@‹/bha›आनंदमहिंद्रा से हुई नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 27 जून को रिलीज होगी।

# करण की किल का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मा प्रोडेक्शन के बैनर तले बनीं करण जौहर की फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म किल में मुख्य भूमिका लक्ष्य लालवानी ने निभायी है। किल के ट्रेलर की शुरुआत लक्ष्य नाम के सैनिक से होती है, जो ट्रेन में अपनी गर्लफ्रेंड तान्या मानिकतला को प्रपोज करता है। हालांकि, उनका ये रोमांटिक सफर कुछ ही देर में एक बुरे सपने में बदल जाता है, क्योंकि ट्रेन में गुंडों की एक टोली आ जाती है और तान्या के किरदार को बंदी बना लेती है। इसके बाद शुरू होता है खूनी खेल। लक्ष्य, एक अचानक रक्षक से राक्षस बन जाता है। इसके बाद एक-एक कर वो गुंडों को ढूंढ- ढूंढ कर मारता है। कुछ ही देर में चलती ट्रेन लाशों से भर जाती है। धर्मा प्रोडक्शंस और गुनीत मोंगा की सिख्या एंटरटेनमेंट ने किल का प्रोडक्शन किया है।

# आईपीएस ऑफिसर किरण बेदी पर बनेगी बायोपिक

**मुंबई, एजेंसी।** देश की पहली महिला आईपीएस ऑफिसर किरण बेदी पर बायोपिक बनायी जा रही है। ड्रीम स्लेट पिक्चर्स ने हाल ही में इस बायोपिक का ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दिया है, जिसका नाम बेदी : द नेम यू नो है। इस बायोपिक में किरण बेदी की जिंदगी के उन हिस्सों को बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा, जो अबतक कोई नहीं जानता. किन चुनौतियों का उन्हें सामना करना पड़ा? उनके माता-पिता से लेकर बाकी चीजें भी बायोपिक में दिखेंगी। फिल्म के निर्देशक कुशल चावला अपने इंस्टा हैंडल पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, ' 'यह रहा! कुशल चावला की लिखित और निर्देशित डॉ. किरण बेदी के जीवन पर बायोपिक फीचर फिल्म हमारी अनाउंसमेंट है। उम्मीद है आपको मोशन पोस्टर देखने में आनंद आया होगा।

## खगोल विज्ञान — नासा का रोवर्स मंगल से पृथ्वी पर पहुंचा रहा है जानकारी

# सौर तूफानों से बुरी तरह जूझ रही मंगल की धरती

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सूर्य से निकलने वाले सौर तूफानों से लालग्रह मंगल की धरती इन दिनों बुरी तरह जूझ रही है। मंगल पर मौजूद नासा के रोवर्स के जरिए यह जानकारी सामने आई है। मंगल की धरती पर अंतरिक्ष मौसम के पड़ने वाले प्रभावों को लेकर वैज्ञानिक निरंतर अध्ययन कर रहे हैं।

पृथ्वी से बाहर इंसान के लिए दूसरा घर बसाने का सपना मंगल ग्रह पर साकार हो सकता है, जिसके चलते मंगल के वातावरण व जलवायु का निरंतर अध्ययन किया जा रहा है। मंगल पर पृथ्वी जैसा मौसम नहीं है। हालाकि मंगल पर धूलभरे हल्के तूफान उठते हैं, जो महीनों तक सक्रिय रह सकते हैं। साथ ही वसंत व शीत का मौसम रहता है, लेकिन मानसून जैसी बारिश नही होती। जिस कारण मंगल को निर्जीव व वियावान माना जाता है। ध्रुवीय हिस्सों में जमी हुई बर्फ रहती है। इस मौसम से परे मंगल पर एक बड़ी बाधा अंतरिक्ष मौसम है। जिस कारण सौर विकिरण मंगल की धरती के वातावरण को बुरी तरह प्रभावित करता है। जिसकी जानकारी नासा का क्यूरियोसिटी रोवर हरपल जुटा रहा है। नई जानकारी के अनुसार 20 मई को भीषण सौर तूफान मंगल की धरती से टकराया था।

इस घटना मे बढ़ी मात्रा में सौर कण क्यूरियोसिटी रोवर पर लगे कैमरे में कैद हो गए। इतना भीषण सौर तूफान पहले कभी नही देखा गया था। यदि इस तरह का तूफान पृथ्वी से टकरा जाय तो बड़ी हानि पहुचा जाता। नासा के अनुसार गहरे अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं कैसे घटित होती हैं और मंगल ग्रह पर पहले अंतरिक्ष यात्रियों को कितना विकिरण जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। जिस कारण यह जानकारी महत्वपूर्ण हो चली है।

### एक्स 12 श्रेणी का हुआ था विस्फोट

**नैनीताल :** नासा के अनुसार मंगल ग्रह पर हुई अभी तक कि सबसे बड़ी घटना 20 मई को हुई थी। सौर विस्फोट में सौर ज्वाला की तीव्रता एक्स 12 आंकी गई थी। यह वास्तव में भयानक सौर ज्वाला थी। ईएसए और नासा के संयुक्त मिशन सोलर ऑर्बिटर अंतरिक्ष यान ने इस विस्फोट को देखा था।



सौर तूफानों से घिरी मंगल की धरती।